राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 आलिया भट्ट करेंगी हॉरर फिल्म चामुंडा...



राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर साधा... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 06 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 274, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर सेवा बाधित, केबल चोरी होने से ट्रेन की रफ्तार थमी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की जीवनरेखा कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो की सेवा गुरुवार को ब्लू लाइन पर बाधित रहेगी। मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच केबल चोरी होने से इस रूट पर मेट्रो चलने



की संभावना कम है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने एक्स पर बताया कि इस रूट पर केबल की समस्या का निस्तारण रात में परिचालन समाप्त होने के बाद किया जाएगा। इस दौरान प्रभावित रूट पर ट्रेनें सीमित गति से चलेंगी। सुबह-सुबह दफ्तर के लिए घर से निकलने वालों के लिए समस्या खड़ी हो गई है। दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन दिल्ली के द्वारका को नोएडा और गाजियाबाद के वैशाली से जोड़ती है।ऐसे में इस लाइन पर केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि नोएडा और गाजियाबाद के भी यात्री सबसे अधिक होते हैं।दिल्ली मेट्रो ने एक्स पर कहा कि गति थमने से यात्रा में देरी हो सकती है, इसलिए यात्री अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाएं।

### मुंबई में अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा, दिसंबर का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के मुंबई में सियासी गर्मी के साथ मौसम में भी गर्मी का अहसास हो रहा है। बुधवार को यहां दिन का अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 16 साल में दिसंबर का सबसे गर्म दिन था।भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, बुधवार को सांताक्रूज में 37.3 डिग्री सेल्सियस और कोलाबा मौसम केंद्र ने 35 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया है। इससे पहले 5 दिसंबर, 2008 को कलिना में 37.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था। आईएमडी



ने संभावना जताई है कि मुंबई का अधिकतम तापमान अगले एक हफ्ते तक 30 डिग्री के पार ही बना रहेगा, वहीं न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस है।मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, मुंबई में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 और 5 डिग्री सेल्सियस अधिक हैं।पिछले दिनों 29 नवंबर को न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था, जो 8 सालों में सबसे कम था। आगे न्यूनतम तापमान घटने की संभावना है।


मुंबई में पिछले दिनों कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी हुई थी, जो चक्रवात फेंगल का असर बताया जा रहा है। इससे तापमान में बदलाव दिखा था।मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि दिन में देर से आने वाली पश्चिमी हवाओं के कारण अधिकतम तापमान में उछाल आया है। कुछ दिन पहले न्यूनतम तापमान में गिरावट पूर्वी हवाओं के कारण थी।फिलहाल, अभी कुछ दिन तक अधिकतम तापमान के कम होने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

### सत्ता के भूखे यूनुस बांग्लादेश में करा रहे नरसंहार, शेख हसीना ने पहले सार्वजनिक संबोधन में किया तीखा प्रहार

**अंतर्राष्ट्रीय।** अपदस्थ प्रधान मंत्री शेख हसीना ने अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में मुहम्मद यूनुस पर तीखा हमला करते हुए और उन्हें 'सत्ता का भूखा' बताते हुए देश के अंतरिम नेता पर 'नरसंहार' करने और हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। चार महीने पहले बांग्लादेश से भाग गईं हसीना ने न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम में अपने समर्थकों को वस्तुतः संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि उन्हें और उनकी बहन शेख रेहाना को उसी तरह मारने की योजना थी जैसे उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान की 1975 में हत्या कर दी गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलहाल भारत में रह रहीं हसीना ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में पूजा स्थलों पर हमले हो रहे हैं और मौजूदा सरकार स्थिति से निपटने में पूरी तरह से विफल रही है। हालांकि हसीना ने पिछले कुछ महीनों में कई बयान दिए, लेकिन शरण लेने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक संबोधन था।

# महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार, तीसरी बार बने राज्य के मुख्यमंत्री, NDA की दिखी ताकत

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को मिले बंपर बहुमत के बाद देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। देवेंद्र फडणवीस के अलावा शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुंबई में देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में एनडीए की ताकत देखने को मिली। पूरे देश के एनडीए के नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। देवेंद्र फडणवीस को राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने शपथ दिलाई। इस समारोह



में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इसके अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल भी इस समारोह में शामिल हुए।

### शपथ के पहले बालासाहेब और आनंद दिघे का नाम, मोदी-शाह का जताया आभार, एकनाथ शिंदे ने महफिल लूट ली

**मुंबई ।** गुरुवार को मुंबई के आजाद मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा के देवेन्द्र फडणवीस के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शिंदे ने शपथ ली। इस कार्यक्रम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों सहित कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति देखी गई। कई केंद्रीय मंत्री और अन्य एनडीए नेता भी शामिल हुए। शपथ लेने से पहले शिंदे ने अपने गुरु बालासाहेब ठाकरे और अपने गुरु आनंद दिघे को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया।



### दिल्ली के 2 दिवसीय दौरे पर भूटान नरेश, बताया भारत को सबसे भरोसेमंद पड़ोसी

**दिल्ली।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उनकी पत्नी ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक 5-6 दिसंबर तक आधिकारिक यात्रा पर भारत दौरे पर हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने कहा कि भूटान नरेश की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच 'दोस्ती के अनूठे बंधन' और मजबूत होंगे। आज नई दिल्ली आगमन पर एक पोस्ट में। उनकी यात्रा हमारी दोस्ती के अनूठे बंधन को और मजबूत करेगी। जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और जेटसन पेमा वांगचुक भूटान सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारत पहुंचे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुताबिक, अपनी यात्रा के दौरान भूटान के राजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात



करेंगे। जयशंकर और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच मित्रता और सहयोग के अनूठे संबंध हैं, जो आपसी समझ और विश्वास की विशेषता है।

## उमर अब्दुल्ला का आरोप, सोची समझी साजिश के तहत हमारी मस्जिदों को बनाया जा रहा निशाना

**जम्मू-कश्मीर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आज पार्टी के संस्थापक शेख मुहम्मद अब्दुल्ला को उनकी 119वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अब एक सोची समझी साजिश के तहत हमारी मस्जिदों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। ये बात मैंने बार-बार कही है। उन्होंने आगे कहा कि आप कहते हैं कि आप मुसलमानों का तुष्टीकरण नहीं करेंगे, तो ऐसा न करें, हम तुष्टिकरण नहीं चाहते। लेकिन हमें निशाना मत बनाओ। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमारी मस्जिदों, दरगाहों और जिस तरह हम अपने धर्म का पालन करते हैं उस पर हमला करके आप हमें प्रताड़ित कर रहे हैं और यह वह भारत नहीं है जिसका जम्मू-कश्मीर हिस्सा था। यह वह भारत नहीं है जिसकी हमारे संस्थापकों ने कल्पना की थी। पूर्व सांसद और एनसी विधायक हसनैन मसूदी ने कहा कि यह सब पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम के खिलाफ है।




संभल में जो हुआ और अन्य स्थानों पर जो प्रयास किए जा रहे हैं - ये विभाजनकारी ताकतें हैं...ऐसी ताकतें हैं जो लोगों के बीच दरार पैदा करने का प्रयास कर रही हैं। यह राष्ट्रहित में नहीं है।

उमर अब्दुल्ला ने सुखबीर बादल पर हमले को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि कल सुखबीर बादल पर हमले के बाद मैंने उनसे बात की. हमने स्थिति के बारे में बात की, जाहिर है, कुछ चीजें जो उन्होंने मेरे साथ साझा कीं, वे सार्वजनिक उपभोग के लिए नहीं हैं। लेकिन अगर दिन के उजाले में पूर्व उपमुख्यमंत्री पर इस तरह से हमला हो सकता है तो ये चिंता की बात है। जाहिर है, इस पर गौर करने की जरूरत है. यह कैसे हुआ और यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में ऐसा न हो।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या को लेकर खुलासा, हत्यारों की सलमान खान को मारने की थी योजना

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुंबई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी (66) की हत्या के 2 महीने बाद एक और खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शूटरों ने पुलिस को बताया कि सिद्दीकी की हत्या से पहले उन्होंने अभिनेता सलमान खान को मारने की योजना बनाई थी।उन्होंने पूछताछ में खुलासा किया कि सलमान उनकी हिट लिस्ट में थे, लेकिन कड़ी सुरक्षा के कारण वे उन तक नहीं पहुंच सके और सिद्दीकी की हत्या की योजना बनाई। पूर्व विधायक और सलमान के दोस्तों में शामिल सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को उनके बेटे जीशान के कार्यालय के सामने गोली मारकर हत्या की गई थी। हत्या करने वाले 3 लोग बाइक पर आए थे, जिनमें शिव कुमार, हरियाणा का गुरनैल सिंह और उत्तर प्रदेश का धर्मराज कश्यप शामिल थे। तीनों पुलिस की गिरफ्त में हैं। पुलिस ने मामले में अब तक 20 लोगों को



गिरफ्तार किया है। हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने ली है।

सलमान को सिद्दीकी की हत्या के बाद कथित तौर पर बिश्नोई गिरोह से काफी धमकियां मिल रही हैं। 14 अप्रैल को सलमान के घर के बाहर गोलीबारी भी हुई थी।गोलीबारी करने वाले 2 आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद जमशेदपुर और नोएडा से भी धमकी भरी कॉल आई थी।बता दें, सलमान को वाई+ श्रेणी की सुरक्षा मिली है। उनके घर के बाहर चेहरा पहचानने वाले सीसीटीवी लगे हैं और पुलिस तैनात है।

## शिंदे की जरूरत पूरी हो चुकी है इसलिए उनको फेंक दिया गया: संजय राउत

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाए जाने के बाद शिवसेना (उद्धव ठाकरे)



नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बड़ा दावा किया।उन्होंने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, एकनाथ शिंदे का युग अब खत्म हो गया है, जो केवल 2 साल का था। उनकी जो जरूरत थी, वो पूरी हो गई है। अब उनको फेंक दिया गया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि शिंदे अब इस राज्य के कभी मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे।

राउत ने दावा किया, ये लोग (भाजपा) शिंदे की पार्टी भी तोड़ सकते हैं। ये एक लाइन रही है भाजपा की राजनीति की, जो उनके साथ काम करते हैं उनकी पार्टी तोड़ देते हैं या खत्म कर देते हैं। आज से देवेंद्र फडणवीस राज्य के मुख्यमंत्री हैं, उनके पास बहुमत है, लेकिन बहुमत के बावजूद ये 15 दिन से सरकार नहीं बना पा रहे थे। इसका मतलब महायुति में गड़बड़ है, जो कल से दिखेगी।

## मां-बाप और बहन की हत्या के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के नेब सराय में बुधवार को दंपति और उनकी 23 साल की बेटी की हत्या का मामला पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझा लिया।पुलिस का कहना है कि तीनों की हत्या दंपति के 20 वर्षीय बेटे अर्जुन ने की है। अर्जुन ने सोते हुए माता-पिता और बहन को चाकू से मार दिया और सुबह की सैर पर निकल गया था।उसने ही सैर से वापस आकर पुलिस और अपने चाचा को हत्या की सूचना दी थी।

अर्जुन ने बुधवार सुबह पुलिस को फोन कर बताया कि उसके घर में घुसकर किसी ने उसके पिता राजेश कुमार (51), मां कोमल (46) और बहन कविता (23) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी है।अर्जुन ने पुलिस को बताया कि वह सुबह 5:30 बजे सैर पर निकला था और जब वापस आया तो उसे तीनों के शव कमरों में पड़े मिले।अर्जुन पर किसी को शक न हो इसलिए उसने पड़ोसियों और चाचा को भी सूचना दी।

अर्जुन की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने सीसीटीवी फुटेज चेक की, जिसमें दंपति के घर में किसी के घुसने और बाहर आने के सबूत नहीं मिले। घर में चोरी, लूटपाट और तोडफोड़ नहीं हुई थी और मुख्य गेट पर लगा ताला भी ठीक था। इसके बाद अर्जुन से पूछताछ हुई।अर्जुन ने दिनभर हुई पूछताछ में बयान बदले, जिससे पुलिस को शक हुआ। सख्ती से पूछताछ के बाद अर्जुन ने हत्या



की बात कबूली। अर्जुन आर्मी स्कूल से पढ़ा है और दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक का छात्र है। उसने मुक्केबाज में दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर राज्य स्तर पर रजत पदक जीता है।अर्जुन ने बताया कि उसके पिता राजेश हमेशा डांटते और पढ़ाई के लिए कहते थे। कुछ दिन पहले उन्होंने अर्जुन को पड़ोसियों के सामने अपमानित किया था।अर्जुन माता-पिता द्वारा उसकी बहन कोमल को ज्यादा प्यार करने से भी नाराज था। उसे शक था कि पिता संपत्ति कोमल के नाम कर देंगे।पुलिस ने बताया कि अर्जुन को जब पता चला कि राजेश वसीयत कोमल के नाम करने वाले हैं तो अर्जुन गुस्से से भर गया। उसने खुद को अपेक्षित और अलग महसूस किया।पुलिस ने बताया कि आरोपी अर्जुन ने हत्या की योजना कई हफ्ते पहले बना ली थी। वह रोजाना सुबह जिम और सैर करने जाता था, इसलिए उसने यही कहानी रची।उसने 4 दिसंबर को हत्या का दिन इसलिए चुना क्योंकि उसके माता-पिता की शादी की 27वीं सालगिरह थी।

अर्जुन ने सुबह सैर पर जाने से पहले पहली मंजिल पर जाकर पिता और माता का चाकू से गला रेत दिया ताकि आवाज न आए। इसके बाद भूतल में सो रही कोमल का गला भी रेता और बाहर चला गया।उसने पुलिस को बताया था कि सैर पर जाने से पहले अपनी मां को सालगिरह की बधाई दी थी और घर के बाहर से चिल्लाकर गेट बंद करने को कहा था।अर्जुन को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**कैबिनेट विस्तार** | नए मंत्रियों में राधाकृष्ण किशोर, सुदिव्य सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की और संजय यादव शामिल हैं

## हेमंत सरकार का कैबिनेट विस्तार: 11 मंत्रियों ने ली शपथ, छह नए चेहरे

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार का गुरुवार को कैबिनेट विस्तार हुआ जिसमें 11 मंत्रियों ने शपथ ली। राज्यपाल संतोष गंगवार ने राजभवन में आयोजित समारोह में सभी नवनियुक्त मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन मंत्रियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा से दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, हफीजुल हसन, सुदिव्य कुमार सोनू, योगेंद्र महतो और चमरा लिंडा शामिल हैं। कांग्रेस से दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, राधाकृष्ण किशोर और शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाया गया है जबकि राष्ट्रीय जनता दल से संजय प्रसाद यादव को कैबिनेट में जगह दी गई है। इन मंत्रियों से पहले राज्यपाल ने झामुमो के वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी को विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाई गई। राजभवन के अशोक उद्यान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सीएम हेमंत सोरेन, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे। नवगठित कैबिनेट में छह नए और पांच पुराने चेहरे हैं। नए मंत्रियों में राधाकृष्ण किशोर, सुदिव्य सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की और संजय यादव शामिल हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में इस बार आठ महिलाएं चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। इनमें से दो को कैबिनेट में जगह मिली है। कैबिनेट में राज्य के पांचों प्रमंडलों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। संथाल परगना से सर्वाधिक चार मंत्री बनाए गए हैं। कोल्हान, दक्षिणी छोटानागपुर और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से दो-दो और पलामू प्रमंडल से एक विधायक को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। सरकार ने मंत्रिमंडल में विभिन्न समुदायों को प्रतिनिधित्व देकर सामाजिक-राजनीतिक समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। अनुसूचित जनजाति से चार, अनुसूचित जाति से एक, ओबीसी से तीन, अल्पसंख्यक समुदाय से दो और सवर्ण समुदाय से एक विधायक को प्रतिनिधित्व दिया गया है हेमंत




सोरेन ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में सोरेन के नेतृत्व वाले चार दलों के गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत हासिल की थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा को 34, कांग्रेस को 16, राजद को चार और भाकपा (माले) को दो सीटें मिली थीं। भाकपा माले ने मंत्रिमंडल से बाहर रहने का फैसला किया था। हेमंत सोरेन की पिछली सरकार के सात मंत्री इस बार कैबिनेट में नहीं दिखेंगे। पूर्व की सरकारों में सबसे बुजुर्ग मंत्री रहे रामेश्वर उरांव को इस बार जगह नहीं मिल पाई। चार पूर्व मंत्री बेबी देवी, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर और वैद्यनाथ राम चुनाव हार गए। सत्यानंद भोक्ता इस बार चुनाव नहीं लड़ पाए, जबकि चंपई सोरेन पहले ही सत्तारूढ़ गठबंधन को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम तक मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर सकते हैं।

# हवन व भंडारा कर मनाई शनि मंदिर की वर्षगांठ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** पहासू मठ मन्दिर परिसर स्थित शनि मंदिर की पांचवीं



वर्षगाँठ पर हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शनि महाराज जी विशेष पूजा-अर्चना हुई तथा नवग्रहों का पूजन किया गया। शनि अभिषेक के अवसर पर बड़ी संख्या ने श्रद्धालु मौजूद रहे। शनि विग्रह की पूजा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में प्रसाद पाने के लिए कस्बे ठाड़ पास के गांवों के काफी श्रद्धालु मौजूद रहे। इस मौके पर भूपेंद्र गौड, दिनेश पुजारी, सुरेंद्र तौमर, विपन कुमार, अवधेश कौशिक,शैलू शर्मा, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिला कारागार में ठंड से बचने के लिए कंबल किए वितरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** जिला कारागार में रोटरी क्लब बुलन्दशहर फ्रेंडस द्वारा कारागार में निरूद्ध गरीब व बुजुर्ग पुरूष एवं महिला बंदियों को ठण्ड से बचाव हेतु 500 ऊनी कंबलों का वितरण किया गया। कंबल वितरण का शुभारम्भ परम ग्रुप के एमडी राजीव कुमार और रोटरी क्लब बुलन्दशहर फ्रेडस के अध्यक्ष





मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के अन्य अतिथिगण/सदस्य भी उपस्थित रहे।

# इग्नू अध्ययन केंद्र पर जनवरी 2025 से होंगे नवीन प्रवेश अंतिम तिथि होगी 31 जनवरी 2025 : डॉ महेंद्र कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी ।(सैय्यद मजहर)** इग्नू अध्ययन केन्द्र 47026 डी०एन० (पी०जी०) कॉलिज के समन्वयक डॉ० महेन्द्र कुमार ने बताया कि सत्र जनवरी 2025 में नवीन प्रवेश प्रारम्भ हो गये है। इसकी अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 तक है, जो छात्र बी०ए०/बी०कॉम०/एम०ए० (हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अंग्रेजी) / एम०कॉम / बी० कॉम०ए०एण्ड०एफ० में प्रवेश लेना चाहते है। वे ignou.ac.in पर पंजीकरण कराकर प्रवेश ले सकते है। अभ्यर्थियों को अध्ययन सामग्री इग्नू द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। अध्ययन सामग्री इग्नू द्वारा डाक से अभ्यार्थी के पते पर भेजी जाती है साथ ही अभ्यर्थियों के पठन पाठन के लिये पाठ्यक्रम इग्नू की वेबसाइट पर ई-ज्ञानकोष लिंक पर उपलब्ध है, जहाँ विद्यार्थी ऑनलाईन पठन पाठन कर सकते है जो व्यक्ति सेवारत है तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते है उनके लिये भी इग्नू एक बहतर विकल्प है। किसी भी समस्या या जानकारी के लिये इग्नू अध्ययन केन्द्र 47026 के समन्वयक डॉ० महेन्द्र कमार, मो० नम्बर- 9997359390 पर सम्पर्क कर सकते है।

# गाजियाबाद मे यह चिट्ठियां कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर जमकर वायरल की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** तैनात महिला उप निरीक्षक राजनगर चौकी प्रभारी से जुड़ा शिकायत कानपुर से राजपत्रित पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के लेटर पैड पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर से की गई थी शिकायत पत्र में महिला उप निरीक्षक पर कई आरोप लगाए गए थे जबकि सच्चाई यह है कि इसी चौकी पर तैनात वाहन चालक जो की प्रदेश महासचिव रक्षक कल्याण ट्रस्ट पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के पद पर भी तैनात है क्या कोई पुलिस कर्मचारी किसी संगठन में पद ले सकता है। अब सवाल उठ रहा है की गाजियाबाद के पुलिस अधिकारियों की




शिकायत आखिर कानपुर से क्यों की गई जिसका जवाब यह है कि यह पुलिसकर्मी जो उस महिला उपनिरीक्षक की चौकी पर ही चालक के रूप में तैनात था अपनी जिम्मेदारी को सही तरीके से नहीं निभाने पर इस चालक की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी जिसका बदला लेने के लिए उक्त चालक ने अपने संगठन के माध्यम से मुख्यालय कानपुर से पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद को एक चिट्ठी भिजवाई और वही चिट्ठी गाजियाबाद के तमाम सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी मेरा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से निवेदन है कि ऐसे कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करनी चाहिए क्योंकि यह पुलिस खुद विभाग में रहकर अपने ही अधिकारियों को गुमराह कर विभागीय कर्मचारियों को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं और नियम विरुद्ध संगठन में पदाधिकारी भी बने हुए हैं।

# नो परिवारों को समझौता कराकर एक साथ मिलाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।(वसीम सिद्दीकी)।** पति पत्नी के विवाद दिन ब दिन बढ़ते जा रहे हे लोग एक दूसरे जे दुश्मन बनते जा रहे हे जैसे जैसे समाज बदलता जा रहा है वैसे-वैसे लोगों की मानसिकता भी बदल

**एक ही दिन में भारी मात्रा में समझौता करा कर महिला सेल प्रभारी बोबेश की हो रही चारों तरफ प्रशंसा**

रही हे और पति-पत्नी में आपसी मतभेद इतनी ज्यादा बढ़ गए कि लोग थाने अदालतों के चक्कर काट रहे हैं आपसी विवाद इतनी ज्यादा बढ़ गए कि पति-पत्नी अलग रहने पर मजबूर हो रहे है ऐसे में हम बात कर रहे है बुलंदशहर महिला







सेल प्रभारी बोबेश और सब इंस्पेक्टर नीमा गौतम व उनकी महिला टीम कांस्टेबल कुसुम लता, हेड कांस्टेबल रीमा हेड कांस्टेबल पूजा रानी, हेड कांस्टेबल अनुराधा कांस्टेबल ,रिचा कांस्टेबल पुष्पा कांस्टेबल अमित,के साथ मिलकर रोजाना पति-पत्नी के समझौते कराकर लोगों के चेहरे पर खुशियां दे रही हे और नफरतों को खत्म कर मोहब्बत में बदल रही हैं एक के बाद एक परिवार को आपस में समझौता करा कर मिला रही हैं आज भी महिला सेल प्रभारी व उनकी टीम ने रोहित ,ओर मीना निवासी सादगढ़ी थाना अहमदगढ़, शीतल और अनिल राठी, थाना सिकंदराबाद, सीमा और हेमंत थाना खानपुर , कहकशा और साजिद थाना कोतवाली देहात, , सोनिका और अरुण गौतम बुध नगर, रूबी और रवि थाना ँङ्म३, बुलंदशहर , रविंदर और आशा थाना हबीबपुर हापुड़ , परमिता और पवन थाना मुरादनगर गाजियाबाद ,इन नो परिवार के आपसी मतभेद खत्म कर कर दोनों परिवारों को एक ।(

# हैप्पी ब्लू वर्ड स्कूल में निशुल्क मेडिकल चेकअप का लगा कैम्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के हैप्पी ब्लू वर्ड पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को निशुल्क मेडिकल चेकअप का आयोजन किया गया। कैंप में करीब 250 विद्यार्थियों का चेकअप किया गया। कैंप का आयोजन प्रधानाचार्य बी.ड़ी.शर्मा, स्कूल इंचार्ज अरुण कौशिक, जूनियर इंचार्ज प्रीती पाठक, अमन सैफी ने फीता काटकर किया। इस कैंप में डॉ.ऐच.एस.वर्मा, डॉ.के.के.चौधरी और डॉ.शगुन ने विद्यार्थियों व अध्यापकों का हेल्थ चेकअप किया।




वहीं विद्यार्थियों को मुफ्त में दवाइयां भी वितरित की गई। अध्यापक मेघा शर्मा, ओ.पी.वर्मा, मोहम्मद उस्मान, तब्बू खान आदि ने क्रियाशील भूमिका निभाई।

# फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की ताबड़तोड़ छापामारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की ताबड़तोड़ छापामार कारवाई नकली दूध बनाने में काम आने वाले

**1200 किलो नकली दूध और पनीर बनाने वाले केमिकल बरामद**

कैमिकल गोदाम पर फूड सेफ्टी टीम छापा मारा मौके से नकली दूध में मिठास देने वाला एक्सपायर फ्लेवर लिक्विड भारी मात्रा में बरामद नकली दूध में फैट बनाने के लिए 1200 किलो आर्टिफिशियल फैट भी बरामद



कास्टिक सोडा, सॉर्बियाल, सोया रिफाइंड, वेय पाउडर समेत अन्य कैमिकल बरामद मौके फूड सेफ्टी टीम के साथ एडीएम प्रशासन भी मौजूद कोतवाली देहात क्षेत्र के स्याना अड्डा के पास का मामला।

# बीमा कर्मचारी बनकर लोन दिलाने के नाम पर ठगे 2.35 लाख रुपए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर में लोन दिलाने के नाम पर 2.35 लाख रुपए ठगने का मामला में प्रकाश में आया है ।मोहल्ला पीर खा निवासी हारून ने 10 लाख रुपए का लोन पाने के चक्कर में ठगो के जाल में फंसकर 4 महीने में अलग-अलग तरीके से 2.35 लाख रुपए ठगवा दिए हैं ।पीड़ित ने कोतवाली में ठगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है ! पीड़ित हारून के मुताबिक चार महीने पहले दो लोगों ने खुद को बीमा कर्मचारी बताकर फोन किया था उन्होंने बीमा पॉलिसी लेने पर 10 लाख लोन दिलाने का वादा किया




था हारून ने इस पॉलिसी को स्वीकार किया इसके बाद आरोपियों ने भारतीय एक लाइफ श्रीराम लाइफ और प्रेमिका लाइफ इंश्योरेंस जैसी कंपनियों के नाम पर कल 3.29 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए! पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आईपीसी की धारा 318 (4) 319(2) और आईटी एक्ट 66 डी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में नजारत, न्याय, अनुभाग, एलबीसी पटल का किया गया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में नजारत, न्याय अनुभाग, एलबीसी पटल का निरीक्षण करते हुए पटलो पर आवंटित कार्यों के अभिलेखों का अवलोकन किया। नजारत में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका,



जीपीएफ पासबुक, अन्य अभिलेखों का अवलोकन करते हुए अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। न्याय अनुभाग एवं एलबीसी पटल पर भी आवंटित विभिन्न कार्यों की पंजिका को देखते हुए अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अभिषेक सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा प्रशांत कुमार उपस्थित रहे।

# वार्षिक खेलों में चौथे दिन हुआ छात्रों के बीच मुकाबला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** एसकेडी पब्लिक स्कूल सलेमपुर में वार्षिक सात दिवसीय खेलों के चौथे दिन की शुरूआत में खो खो जूएनियर के मुकाबले में पटेल हाउस ने विवेकानंद हाउस को हराया। जिसमें मैच रेफरी अनम फातिमा ने अफसा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना। इसके बाद क्रिकेट जूनियर मैच विवेकानंद और पटेल हाउस के बीच खेला गया जिसमें पटेल हाउस ने विवेकानंद हाउस को हराया तथा कक्षा 8 से अवीर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके बाद जूनियर कबड्डी मे शास्त्री हाउस ने सुभाष हाउस को हराकर फाइनल मे जगह बनाई। जिसमे गौरव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



तथा कब्बडी सीनियर मे विवेकानंद हाउस ने शास्त्री हाउस को हराया जिसमे सक्षम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन का अंतिम मैच सीनियर क्रिकेट पटेल हाउस और सुभाष हाउस के बीच खेला गया जिसमे सुभाष हाउस ने शानदार जीत दर्ज की इसमें रिशान्त को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रधानाचार्य हरेंद्र सिंह, कुलदीप शर्मा, अशोक जाडोन, गजेंद्र, नवीन पंडित, गौरव चौधरी, रजनी, निर्मल, हिमांशु, कपिल चौधरी, अजय प्रताप, नरेश शर्मा आदि अध्यापक/अधयापिकाऐं उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरे देश में हिन्दू मुस्लिम के नाम पर दंगा भड़काने का कुचक्र कर रहे हैं: कुवर प्रमोद यादव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** सम्भल मे मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा मे मारे गए पीड़ित परिवारों से मिलने जाने पूर्व कुवर प्रमोद यादव ने बताया प्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा गिरफ्तार करना लोक तंत्र की हत्या है रात्रि से ही पूरे परिवार को कब्जे लिया,परिवार को डराया प्रताड़ित उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कितना ही जुल्म करले हमारी संघर्ष जारी रहेगा । भारतीय जनता पार्टी की सरकार



पूरे देश में हिन्दू मुस्लिम के नाम दंगा भड़काने का कुचक्र कर रहे हैं उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाबा योगी आदित्य नाथ जी खुद कहते हैं बटो गे -तो कटो गे यह प्रदेश का दुर्भाग्य है।

**निरीक्षण** | दिन निकलते ही निरीक्षण कर लोगों से किया संवाद

# कानून व्यवस्था और साफ सफाई को लेकर सड़कों पर उतरे जिला अधिकारी और एसएसपी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** मुख्यमंत्री के निर्देशो के क्रम में कानून व्यवस्था व साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा प्रातः 05.00 बजे बुलंदशहर नगर में भ्रमण करते हुए जायजा लिया।

प्रातः काल में सैर करने वाले पुरुषों व महिलाओं से भी संवाद करते हुए उनसे साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गई। प्रातःकाल में सैर करने वाले स्थानों पर







सम्बन्धित को पुलिस पेट्रोलिंग भी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही निर्देशित किया कि डीजे/लाउडस्पीकर को निर्धारित मानकों के अनुसार आवाज पर ही बजाया जाए। जिलाधिकारी द्वारा ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए गए कि साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए तथा सफाई के बाद कूड़े का उठान समय से कराते हुए डंपिंग ग्राउंड पर ही कूड़ा भिजवाया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा0 प्रशांत कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अभिषेक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## वैगनआर की टक्कर से बाइक सवार घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** खुर्जा से पहासू अपने घर आ रहे बाइक सवार युवक को पहासू थाने के पास विपरीत दिशा से आ रही बैगनआर ने टक्कर मार दी टक्कर के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। बाइक सवार निखिल पुत्र कुमरपाल गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को सीएचसी पहासू पहुंचाया,जहां से गम्भीर हालात में उसे हायर सेंटर भर्ती कराया है। बाइक के पीछे वैठे अन्य युवक ने वैगन आर गाड़ी का नंबर लिख लिया। निखिल की मां गुड्डी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

## परचून की दुकान पर बैठे दुकानदार को पीटा, पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना क्षेत्र में दुकान पर बैठे दुकानदार को पिता पुत्र ने पीटा। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस। थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की। सलेमपुर थाना क्षेत्र गांव चित्सौन में परचून की दुकान पर बैठा छत्रपाल शर्मा पुत्र कन्हैया लाल शर्मा ने पिता पुत्र पर शराब पीकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए बुधवार देर शाम राजाराम शर्मा पुत्र स्व.मनोहर लाल शर्मा उर्फ कचेडू, शिवम पुत्र राजाराम शर्मा निवासी चित्सौन के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। थाना प्रभारी अतुल कुमार चौहान ने बताया कि परचून की दुकान संचालक चित्सौन निवासी छत्रपाल शर्मा के द्वारा प्रार्थना पत्र मिला है प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए पिता पुत्र के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# गलगोटियास विश्वविद्यालय में 'स्टार्टअप कम्युनिटी' लॉन्च, उद्यमशीलता के क्षेत्र में एक नई पहल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर।** गलगोटियास विश्वविद्यालय के उद्यमिता प्रकोष्ठ (ई-सैल) और गलगोटियास इनक्यूबेशन सेंटर (जीआईसी आरआईएसई)ने संयुक्त रूप से छात्रों में नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्टार्टअप कम्युनिटी' का भव्य शुभारंभ किया। यह पहल छात्रों को नवोन्मेषी (इनोवेटिव) विचारों को साकार करने के लिए एक मंच प्रदान करती है।आज के इस कार्यक्रम में श्री हिमांशु अदलखा, विन्सटन के संस्थापक और देबोजीत सेन क्रैक ईडी के संस्थापक एवम् टीईडीएक्स के स्पीकर इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुँचे। इस मौके पर हिमांशु अदलखा ने स्टार्टअप निर्माण की प्रक्रिया और नवाचार बनाए रखने की चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किये। वही इस मौके पर देबोजीत सेन ने उद्यमशीलता कौशल और मेंटरशिप के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये।



**स्टार्टअप कम्युनिटी लॉन्च प्रस्तुति :**

ई-शैल कोर टीम ने स्टार्टअप कम्युनिटी के उद्देश्य, संरचना और छात्रों के लिए इसके संभावित लाभों पर जानकारी दी।

**कार्यक्रम की विशेष उपलब्धियां:**

स्टार्टअप कम्युनिटी का शुभारंभ, जो छात्र उद्यमियों को नवाचार और सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करता है।

महत्वपूर्ण उद्योग भागीदारों के साथ साझेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (टङ्कव) पर हस्ताक्षर किये गये। सफल उद्यमियों द्वारा प्रेरणादायक सत्र, जिन्होंने प्रतिभागियों को उद्यमशीलता की पहल को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन ए-ऊी'' कोर टीम द्वारा सभी वक्ताओं, अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन और स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए किया गया।गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डा० ध्रुव गलगोटिया ने इस पहल को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी वक्ताओं, अतिथियों, छात्रों और टीम सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि स्टार्टअप एक ऐसा माध्यम है, जो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी विकास को बढ़ावा देता है। सही दृष्टिकोण, मजबूत योजना और मेहनत से एक स्टार्टअप को सफलता की ऊंचाईयों पर पहुंचाया जा सकता है। इन्हीं शब्दों के साथ इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

# थर्ड नेशनल यूथ गेम्स 2024-25 के लिए GCI ने किया तैयारियों का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** युथ गेम्स काउंसिल इंडिया (YGCI) द्वारा आयोजित थर्ड नेशनल यूथ गेम्स 2024-25 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय समिति ने हाल ही में गोवा में स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत खेल मैदानों और निजी होटलों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता करना था। निरीक्षण के दौरान, समिति ने खिलाड़ियों के आवास के लिए होटल की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया। साथ ही, थर्ड नेशनल यूथ गेम्स 2024-25 के लिए निर्धारित खेल मैदानों और अन्य बुनियादी ढांचों की भी जांच की। इस अवसर पर गोवा के समन्वयक जितेंद्र राठौड़ ने निरीक्षण टीम का स्वागत किया। गोवा में पेडेम स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में प्रेस को संबोधित करते हुए, राणा अमरसिंह (जनरल सेक्रेटरी), अतुल राघव (ज्वाइंट सेक्रेटरी), और आर्यन पाठक (ऑगेर्नाइजिंग हेड) ने घोषणा की कि थर्ड नेशनल यूथ गेम्स 2024-25 का आयोजन 6, 7 और 8 जनवरी 2025 को पेड़ेम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मापुसा, गोवा में किया जाएगा।




# पुलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल और मोबाइल सहित किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर।** एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में आपराधिक मामलों में वांछित एवं न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे। अभियुक्तों की धर पकड़ को लेकर चलाए जा रहे। अभियान के तहत सिंभावली पुलिस ने वांछित चल रहे। अभियुक्त सुहेब उर्फ शोएब पुत्र मोहम्मद अली उर्फ खिलाफत निवासी मुरादपुर थाना सिंभावली को घटना में प्रयुक्त मोबाइल ओप्पो कंपनी एवं स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय मे पेश किया है।



# मेरे छात्र फिल्मी दुनिया में अपना नाम कमा रहे है और संस्थान का नाम भी रोशन कर रहे है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल 17 वर्ष का युवा हो चुका है और मुझे खुशी है कि इन वर्षो में हमने बहुत से नए लोगो को मंच दिया और मेरे छात्र फिल्मी दुनिया में अपना नाम कमा रहे है और संस्थान का नाम भी रोशन कर रहे है। आज मुझे यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि मारवाह स्टूडियो विश्व की टॉप 10 फिल्मी संस्थानों में अभी भी वर्चस्य बनाये हुए है, यह कहना था नोएडा फिल्म सिटी के संस्थापक, मारवाह स्टूडियो के अध्यक्ष और एएएफटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप मारवाह का, मौका था 17वें ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा 2024 का रंगारंग शुभारंभ का। 17वें ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा 2024 के शुभारंभ के अवसर पर एक्टर सिंगर अरुण बख्शी, फि ल्म अभिनेता अनंग देसाई, बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मो के निमार्ता अभय सिन्हा, अनिरुद्ध रॉय चौधरी, प्रसिद्ध निमार्ता फि रदौसल हसन, फिल्म व टीवी सीरियल खिचड़ी के प्रफुल्ल यानि राजीव मेहता, साक्षी मेहरा व महाभारत सीरियल के द्रोणाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह साथ ही अजी फतूमट्टा जोफ, प्रथम सचिव, गाम्बिया उच्चायोग, अंब मैरी मुतुकु, केन्या की उप उच्चायुक्त, जैसी हस्तियों ने शिरकत की, साथ ही फेस्टिवल के डायरेक्टर व फिल्म निर्देशक अशोक त्यागी भी उपस्थित रहे। भारतीय सिनेमाः भारत की सॉफ्ट पावर विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए महाभारत के द्रोणाचार्य बने सुरेंद्र पाल ने अपनी बुलंद आवाज में छात्रों को प्रेरित किया कि वह अपने काम को पूरी तरह ईमानदारी और मेहनत से करें। आनंद देसाई ने कहा फेस्टिवल में नई फिल्मों की नई तकनीक के बारे में तो पता चलता ही है साथ ही अनुभवी हस्तियों व नए छात्रों से मिलकर एक नई ऊर्जा का भी स्त्रोत होता है। अरुण बख्शी ने कहा की हमारी फिल्में हमारी जिंदगी का एक अनमोल हिस्सा है जिसे हम खाने, खेलने, शादी सुख दुःख और यहां तक की सोते जागते भी बहुत याद रखते हैं, फि रदौसल हसन, ने कहा कि यहां नए-नए टैलेंट को मौका मिलता है, फेस्टिवल किसी एक के होने से नहीं होता इसलिए मैं संदीप मारवाह की पूरी टीम को मुबारकबाद दूंगा। सिनेमा किसी धर्म, जाति या देश का नहीं है और यही एक ऐसी जगह है जहां पर हर धर्म के लोग मिलकर, रहकर काम करते है इस मौके पर संदीप मारवाह ने अनंग देसाई, राजीव मेहता, सुरेंद्र पाल सिंह को हिंदी सिनेमा भूषण अवार्ड देकर व बाकी सभी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।




# नीलगाय से एक साथ कार और बाइक टकराई, एक की मौके पर मौत, दो घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** वीरवार देर शाम थाना सलेमपुर क्षेत्र के अंतर्गत मेरठ बदायूं हाईवे पर हलपुरा हनुमान मंदिर के पास नीलगाय से एक साथ कार और बाइक टकराई, जिसमें बाइक सवार एक की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सलेमपुर थाना पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची, और घायलों को शिकारपुर सीएचसी उपचार हेतु पहुंचाया गया। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम चाणेकर गोटिया लोची नगला थाना सिविल लाइन नवादा चौकी जनपद बदायूं उम्र करीब 35 वर्ष दिल्ली से गुरुवार शाम को बाइक से अपने गांव जा रहा था जैसे ही बाइक थाना सलेमपुर क्षेत्र के अंतर्गत हलपुरा मंदिर के पास पहुंची कि अचानक नीलगाय कार और बाइक से टकरा गई। जिसमें राकेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि ऋषभ पुत्र राकेश निवासी उपरोक्त उम्र करीब 8 वर्ष व एक और व्यक्ति मैकूलाल निवासी उपरोक्त उम्र करीब 13 - 14 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल की हालत गंभीर रूप से होने की वजह से उसे चिकित्सकों ने उपचार के बाद हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया है। उधर सलेमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने बताया है कि पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को राकेश की मौत की सूचना दी है। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



# किसान एकता महासंघ के पदाधिकारियों को पुलिस प्रशासन द्वारा किया हाउस अरेस्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर।** बृहस्पतिवार को किसान एकता महासंघ के कैम्प कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ रमेश कसाना के नेतृत्व में जेवर टोल पर ज्ञापन देने के लिए एकत्रित संगठन के कार्यकताओं व पदाधिकारियों को पुलिस प्रशासन ने हाउस अरेस्ट कर लिया गया। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष अरविन्द ने बताया कि किसान अपनी माँगो को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे रात्रि के समय में किसानों को अरेस्ट कर जेल भेजा गया । पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जेवर टोल पर किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्ण नियोजित कार्यक्रम के तहत 5 दिसंबर को ज्ञापन सौंपने के लिए एकत्रित हुए किसान एकता महासंघ के कार्यकताओं व पदाधिकारियों को कैम्प कार्यालय पर हाउस अरेस्ट कर लिया।इस दौरान एसीपी अरविन्द कुमार, दनकौर कोतवाल मुनेंद्र सिंह को 8 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। साथ ही संगठन के पदाधिकारियो ने बताया कि जल्द मांगे नहीं मानी गई तो किसान एकता महासंघ 23 दिसंबर को जेवर टोल प्लाजा पर महापंचायत करेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ रमेश कसाना ने कहा कि सरकार इस तरह किसानों के आंदोलन को कुचलने का काम कर रही है ।

पुलिस के दम पर किसानों के आंदोलन को कुचलना चाहती है सरकार को किसानों की समस्याओं पर ध्यान देकर उसको निस्तारण करना चाहिए।इस मौके पर रमेश कसाना,इंद्रपाल सिंह,राजवीर ठेकेदार,रवि नागर,राकेश चौधरी,अमित नागर,हरेंद्र कसाना,नीरज कसाना, विकास कसाना,कुलदीप राजपूत, साजिद खान,कपिल शर्मा,गंगाराम, सुशील राजपूत सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



# संभल कांड के पीड़ित लोगों को न्याय के लिए कांग्रेसियों ने की प्रार्थना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद संभल मे हुई हिंसा जिसमें कल लोक सभा में विपक्ष के नेता जननायक राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी-सांसद को गाजीपुर बॉर्डर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने जाने की अनुमति नहीं दी।जिसकर बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर आप अंबेडकर गेट गढ से अंबेडकर प्रतिमा गढ़मुक्तेश्वर मे कैंडल जलाकर सरकार को सद्बुद्धि एवं घटना में पीड़ित लोगों को न्याय व सामाजिक सौहार्द हेतु प्रार्थना की गई।जिला अध्यक्ष मिथुन त्यागी ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह तानाशाही पर आ गई है जो देश व प्रदेश में किसी भी प्रकार से शान्ति नहीं चाहती। नगर अध्यक्ष मुकेश कौशिक ने कहा कि जिस तरह क ा ं ग ्र े स ा कार्यकर्ताओ को संभल जाने से रोका जा रहा है उससे संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। इस अवसर पर डॉ0 फराहिम, पूर्व प्रत्याशी कादिर, बिजेन्द्र सिंह भारत, चन्द्रपाल केन, कृष्ण प्रजापति एडवोकेट, प्रधान सरनजीत सिंह, विकास भारद्वाज, नवनीत एडवोकेट, गुलफाम, बॉबी, उपेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।



# जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज ईवीएम वीवी पैट वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने

**वेयर हाउस में ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

आज कलेक्ट्रेट में स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस में पहुंचकर मासिक निरीक्षण किया। जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगे संबंधित पुलिस स्टाफ से वार्ता करते हुए ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस के ताले पर लगी सील की जांच की, जो की सही पाई गई। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सीसीटीवी कैमरों का भी गहनता से अवलोकन किया गया, सभी कैमरे क्रियाशील पाए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।




**आयोजन** "गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी में रोबोटिक तकनीक के समावेश ने हमें सर्जिकल सटीकता के ऐसे स्तर तक पहुंचने में मदद की है, जो पहले असंभव था


# यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में पैंक्रियाटिक कैंसर के लिए रोबोटिक सर्जरी और एबीओ-इनकंपैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट की सफलताओं पर जागरूकता सत्र आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में अत्याधुनिक तकनीक की भूमिका को उजागर करने के उद्देश्य से, , ग्रेटर नोएडा के ओमेगा 1 स्थित यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने आज एक सार्वजनिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया।

इस सत्र का मुख्य उद्देश्य पैंक्रियाटिक कैंसर के इलाज के लिए रोबोटिक सर्जरी में नवीनतम प्रगति और एबीओ-इनकंपैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट की सफलता के बारे में जानकारी देना था, जिसने अंतिम चरण के गुर्दे रोग से जूझ रहे मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की है।इस अवसर पर यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के विशेषज्ञ डॉक्टर - डॉ. दुष्यंत नादर (ग्रुप डायरेक्टर, यूरोलॉजी, रोबोटिक्स और किडनी ट्रांसप्लांट), डॉ. नीरज चौधरी (डायरेक्टर, जीआई सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांट) और डॉ. अनिल प्रसाद भट्ट (कंसल्टेंट, रेनल साइंसेज एवं नेफ्रोलॉजी) ने भाग लिया और जटिल रोगों के इलाज में हो रही प्रगति पर अपने विचार साझा किए। हॉस्पिटल के जीआई सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के कंसल्टेंट डॉ. नीरज चौधरी ने इस विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि "गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी में रोबोटिक तकनीक के समावेश ने हमें सर्जिकल सटीकता के ऐसे स्तर तक पहुंचने में मदद की है, जो पहले असंभव था। पैंक्रियाटिक कैंसर, जो सबसे आक्रामक प्रकार के कैंसर में से एक है, के इलाज के लिए सटीक और न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी की आवश्यकता होती है। इस संदर्भ में रोबोटिक सर्जरी ने एक गेम-चेंजर के रूप में काम किया है। पैंक्रियाटिक कैंसर के मरीजों के लिए यह न केवल बेहतर ट्यूमर हटाने की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि सर्जरी के बाद जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार करता है।डॉ. चौधरी ने एक हालिया केस का भी उल्लेख किया, जिसमें रोबोटिक तकनीक के उपयोग से पैंक्रियाटिक कैंसर के लिए जटिल व्हिपल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। हॉस्पिटल के यूरोलॉजी, रोबोटिक्स और किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. दुष्यंत नादर ने कहा कि "एबीओ-इनकंपैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट अब एक हकीकत है, जो अत्याधुनिक इम्यूनोसप्रेसिव प्रोटोकॉल और उन्नत रोबोटिक्स की मदद से संभव हुआ है। यथार्थ में, हम ट्रांसप्लांट मेडिसिन की संभावनाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे मरीजों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी नई आशा मिल सके। एबीओ-इनकंपैटिबल ब्लड ग्रुप्स के बीच किडनी ट्रांसप्लांट को कभी असंभव माना जाता था। हालांकि, इम्यूनोसप्रेसिव थेरपी और उन्नत डायग्नोस्टिक तकनीकों की मदद से, अब ऐसे ट्रांसप्लांट यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं।ह्ल





उन्होंने एक 45 वर्षीय मरीज के सफल ट्रांसप्लांट की कहानी साझा की, जिनका केवल एक इनकंपैटिबल ब्लड ग्रुप का दाता था। यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रेनल साइंसेज एवं नेफ्रोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. अनिल प्रसाद भट्ट ने किडनी ट्रांसप्लांट मरीजों, विशेष रूप से एबीओ-इनकंपैटिबल मामलों में, नेफ्रोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि "किडनी ट्रांसप्लांट की सफलता केवल सर्जरी पर निर्भर नहीं है, बल्कि यह नेफ्रोलॉजी, इम्यूनोलॉजी और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल सहित समन्वित प्रयासों पर आधारित है। यथार्थ में, हम सुनिश्चित करते हैं कि हर मरीज को उनकी यात्रा के हर चरण में संपूर्ण देखभाल मिले। किडनी की बीमारियों का जल्द पता लगाने और समय पर उपचार लेने के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है ताकि डायलिसिस या ट्रांसप्लांट की नौबत ही न आए।ह्लइस सार्वजनिक जागरूकता सत्र का उद्देश्य इन जटिल चिकित्सा प्रक्रियाओं को सरल तरीके से समझाना और प्रतिभागियों को रोबोटिक सर्जरी और एबीओ-इनकंपैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट के फायदों के बारे में जागरूक करना था।यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल अत्याधुनिक तकनीक और उत्कृष्ट विशेषज्ञता के साथ विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में अग्रणी है।

# दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में संचालित कृषक उत्पादक संगठन (एफ०पी०ओ०) के संतृप्तीकरण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न । जनपद में संचालित कृषक उत्पादक संगठन (एफ०पी०ओ०) के संतृप्तीकरण के सम्बन्ध में जिसमें निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। जैसे एफ०पी०ओ० हेतु बीज एवं उर्वरक लाइसेन्स के सम्बन्ध में वार्ता की गयी। एफ०पी०ओ० की गाइड लाइन के अनुसार एफ०पी०ओ० को बीज, कीटनाशक रसायन, खाद एवं उर्वरक के लाइसेन्स कृषि विभाग द्वारा प्राथमिकता पर दिये जाये तथा एफ०पी०ओ० को मण्डी लाइसेन्स एवं जी०एस०टी० लाइसेन्स से संतृप्त किया जाये। एफ०पी०ओ० द्वारा स्वयं की प्रोफाइल शक्ति पोर्टल पर फीड करने फारवर्ड लिंकेज एवं प्रसंस्करण इकाई को बढावा दिया जाने पर बल दिया गया है।

उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा एफ०पी०ओ० की गाइड लाइन का हवाला देकर उनको कार्य करने में आ रही असुविधा के निराकरण के लिये जनपद स्तरीय मोनेटरिंग समिति द्वारा प्रस्ताव रखे जिनका निराकरण करने हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। यह भी अवगत कराया गया है कि नवीन फल सब्जी मण्डी, साहिबाबाद में एफ०पी०ओ० हेतु पॉच दुकानों को आरक्षित किया गया है। जिनमें से तीन दुकानों का आवंटन एफ०पी०ओ० को हो चुका है।



एफ०पी०ओ० हेतु दो दुकानों का लक्ष्य शेष है। जिस हेतु दिनांक 09 दिसम्बर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।बैठक में उपस्थित सुन्दर चौहान, निदेशक फार्मर प्रोडयूशर कम्पनी लि०. द्वारा अवगत कराया गया है कि हमारे एफ०पी०ओ० को एक दुकान आवंटित हो चुकी है जिस पर हमारे द्वारा बीज उत्पादन कर विक्रय की कार्यवाही की जा रही है। सुनील चौहान, निर्देशक, भोजपुर शुगर केन फार्मर प्रोडयूशर कम्पनी लि० द्वारा अवगत कराया गया कि हमारे एफ०पी०ओ० द्वारा वर्ष 2022 में मण्डली में दुकान हेतु आवेदन किया गया था परन्तु हमकों दुकान का आवंटन नहीं किया गया इस पर मण्डी निरीक्षक द्वारा अवगत कराय गया कि इस समय कोई भी आवेदन लम्बित नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा मण्डी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि एफ०पी०ओ० को दुकानों का आवंटन अवश्य किया जाये उपस्थित एफ०पी०ओ० के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि आप 05-06 दिसम्बर 2024 तक अपना आवेदन ऑनलाइन भरकर सबमिट कर दे। बैठक में 05 एफ०पी०ओ० के सदस्य एवं 07 जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे एफ०पी०ओ० की समस्याओं को द्वारा सुलझाने हेतु उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी समस्या का समाधान करने में लापरवाही न बरती जाये।

# 70 वर्ष से अधिक आयु वाले नागरिकों के बनाये जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मुख्यचिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद द्वारा प्रेस नोट जारी किया गया जिसमें बताया गया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु वाले नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। इसके लिये जनपद के समस्त सरकारी चिकित्सालयों, निकटतम सामुदायिक , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। लाभार्थी अपने निकटतम जनसेवा केन्द्रों पर आधार कार्ड के साथ आयुष्मान बनाये जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त लाभार्थी स्वयं beneficiary.nha.gov.in पोर्टल के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। पंचायत सहायकों एवं सी०एच०ओ०




के सहयोग से भी आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है।

# स्व.श्यामलाल रुहेला को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

मोदीनगर (अनवर खान)। व्यापारी नेता विपिन रुहेला के दिवंगत पिता स्व श्यामलाल रुहेला की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, समाजसेवियों, व्यापारियों, उद्यमियों आदि के अलावा क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य व्यक्तियों ने स्व श्यामलाल रुहेला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बता दें कि रुहेला बेकर्स के स्वामी व्यापारी नेता विपिन रुहेला के पिता श्यामलाल रुहेला का बीमारी के चलते गत 21 नवंबर को निधन हो गया था। बुधवार को दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने हेतु श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी का कार्यक्रम कस्बा रोड स्थित सनातन हरि मंदिर के सभागार में आयोजित किया गया।



रस्म पगड़ी कार्यक्रम में स्वर्गीय श्यामलाल रुहेला के बड़े पुत्र एवं विपिन रुहेला के बड़े भाई विनय रुहेला को वैदिक रीति रिवाज के अनुसार पगड़ी बांधी गई। इसके उपरांत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, समाजसेवियों, व्यापारियों, उद्यमियों आदि के अलावा क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य व्यक्तियों ने स्व श्यामलाल रुहेला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक डॉ मंजू शिवाच, चेयरमैन विनोद वैशाली, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, आईआईए के चेयरमैन राज ढींगरा, पूर्व चेयरमैन ब्रजमोहन कपूर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ मुकेश गर्ग, उप्र उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अमित गोयल, महामंत्री निर्दोष खटाना, मनोज सोनी, सचिन गोयल, मुकुल साहनी, महेश कश्यप, सतीश अग्रवाल, आशीष कश्यप, कृष्णा रुहेला, दिव्यम रुहेला सहित सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन के कक्ष में सुनी जन शिकायतें

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा कार्यालय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की गयी। बताते चले कि जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय में

**किसी भी कारण से अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने से पीछे नहीं हटना चाहिए: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**

नवीनीकरण कार्य चल रहा है, जिसके चलते कुछ समय तक जनसुनवाई सहित अन्य कार्य अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय एवं महात्मा गांधी सभागार से किये जायेंगे। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, नगर



निगम, जीडीए से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त सभी शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दी गयी है। साथ ही आदेशित किया कि शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि कार्यालय में नवीनीकरण कार्य चलने के कारण जनसुनवाई सहित अन्य कार्यालय कार्य बांधित हो रहे थे, इसलिए अपर जिलाधिकारी कार्यालय में बिना अवरोध के कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है, किसी भी कारण से हमें अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने से पीछे नहीं हटना चाहिए।

जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह भी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा वर्चुअल पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर केंद्रों का उद्घाटन ऑनलाइन एक साथ संपन्न हुआ।जिसमें संस्थान के प्रशिक्षक आचार्य विनय कुमार मिश्रा ने बड़े ही श्रद्धा भाव से मंगलाचरण का पाठ किया। प्रशिक्षक आचार्य घनश्याम द्विवेदी ने संस्थान गीतिका के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया।प्रशिक्षक आचार्य नरेश बाबू दीक्षित ने स्वागत भाषण में अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्थान के सभी पदाधिकारी सभी जनपदों के प्रशिक्षक गण की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सबका स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रशासनिक अधिकारी श्री जगदानंद झा ने कहा कि समाज में पुरोहित की बहुत बड़ी भूमिका है।पुरोहित जन्म से मृत्यु तक के सभी संस्कारों को कराता है।पुरोहित के संबंध परिवारों से व्यक्तिगत होते हैं।पुरोहित परिवार समाज व राष्ट्र को उत्तम बनाने में अपनी भूमिका प्रस्तुत करता है।हमारे




धर्म,सब शास्त्रों की रक्षा करते हुए समाज में संस्कारों का ज्ञान देता है।संस्थान के सर्वेक्षक श्री महेंद्र पाठक ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तीन माह तक प्रशिक्षण शिविर के सुचारु रुप से निर्वाध रुप से प्रशिक्षण की सफलता की कामना की' निदेशक विनय कुमार श्रीवास्तव तथा प्र.अ. दिनेश कुमार मिश्र ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं तथा धन्यवाद ज्ञापन में गाजियाबाद के प्रशिक्षक डॉ अग्नि देव शास्त्री ने अपने संबोधन में संस्कृत संस्थान के सभी अधिकारियों पदाधिकारियों सभी केंद्र के प्रशिक्षको को धन्यवाद देते हुए कहा कि पुरोहित धर्म का ध्वजवाहक है।कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी ने वैदिक मंत्र का पाठ किया। उपरोक्त वर्चुअल कार्यक्रम का संयोजन संस्थान के दिव्यरंजन एवं शिवम गुप्ता ने किया।उपरोक्त कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रशिक्षक डॉ अखिलेश चंद्र पाठक ने किया।

# 205 किग्रा भार उठाकर बंटी बने डैड लिफ्ट प्रतियोगिता के विजेता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** तिबड़ा रोड पर हरि कुंज कॉलोनी में स्थित आरजे फिटनेस जिम मे जिम संचालक रोहित जैन द्वारा आयोजित डेड लिफ्ट प्रतियोगिता में दर्जनों पावर लिफ्टिंग खिलाड़ियों ने भरपूर दमखम दिखाया। विजेता खिलाड़ियों को जिम की ओर से पुरस्कार स्वरूप नगद धनराशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिम में आयोजित डेड लिफ्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ जिम संचालक रोहित जैन ने फीता काटकर किया। रोहित जैन ने अपने संबोधन के जरिए पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग अवश्य करना चाहिए। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से जहां खिलाड़ियों के भीतर आत्मविश्वास का निर्माण होता है। वहीं वे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर मौजूद प्रसिद्ध पावरलिफ्टर व ट्रेडमिल निमार्ता पंकज कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी शारीरिक क्षमताओं का विकास करने के लिए लगन के साथ कठिन अभ्यास करना चाहिए। और प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल करने के उपरांत अहंकार करने की बजाय और अधिक परिश्रम करना चाहिए। ताकि भविष्य में विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में विजेता बनकर भारतवर्ष का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर सको। प्रतियोगिता में 205 किग्रा भार उठाकर प्रथम स्थान



हासिल करने वाले बंटी को 2100 रुपए, 195 किग्रा के साथ द्वितीय स्थान पाने वाले अमन को 1100 रुपए तथा 190 किग्रा भार उठाकर तीसरा स्थान हासिल करने वाले विनीत को 501 रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पंकज कुमार, सन्नी जैन, विक्की, सचिन जैन, यश जैन, नवीन कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# नए साल में वाहनों की प्रदूषण जांच होगी महंगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एक जनवरी से वाहनों की प्रदूषण जांच फिर महंगी होने जा रही है। सभी तरह के वाहनों की प्रदूषण जांच शुल्क में पांच प्रतिशत - की बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में पेट्रोल वाहनों पर पांच और डीजल वाहनों पर 10 रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। सभी आरटीओ व एआरटीओ को जल्द ही आदेश जारी किया जाएगा। वाहनों की प्रदूषण जांच नहीं होने के दशा में 10 हजार रुपये का चालान करने के निर्देश हैं। डीजल, पेट्रोल, सीएनजी व एलपीजी से संचालित वाहनों को हर छह माह में प्रदूषण की जांच करानी पड़ती है।अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन - सत्यार्थी ने बताया कि प्रदूषण जांच का शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा है, अनुमोदन के बाद पीयूसीसी पोर्टल पर नई दरें अपडेट की जाएंगी। - राजधानी लखनऊ में प्रदूषण जांच के करीब 210 से अधिक केंद्र हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष शुल्क में पांच रुपये की बढ़ोतरी की




गई थी। सरकार का जोर है कि इलेक्ट्रिक वाहन ही अधिक से अधिक संख्या में चले इनसे प्रदूषण नहीं होगा। परिवहन विभाग ने इन वाहनों की जांच दर में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव दिया है यानी दो पहिया बीएस-6 पेट्रोल वाहन को 130 रुपये और सभी डीजल वाहनों को 240 रुपये प्रदूषण जांच का भुगतान करना होगा। इस पर अब तक सहमति नहीं बन सकी है।

# 21 सैनिकों को परमवीर चक्र से किया जा चुका है सम्मानित: सूबेदार मेजर योगेंद्र यादव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली क्षेत्र के आरएसके इंटर कॉलेज में गुरुवार को परमवीर चक्र विजेता

- **वीर अब्दुल हमीद की पाकिस्तानी आठ टैंकों को खाक में मिलने वाली कहानी को पढ़ा था**
- **तभी से फौज में जाकर देश की सेवा करने का मन बना लिया था**

वीथिका का उद्घाटन और पुरातन छात्र संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर योगेंद्र सिंह यादव, चौधरी शीशपाल सिंह, राजेंद्र सिंह औलख और लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप त्यागी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सरस्वती मां के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।वही उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आये सम्मानित लोगों का मन मोह लिया।





**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए** मेजर योगेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कक्षा 6 में वीर अब्दुल हमीद की पाकिस्तानी आठ टैंकों को खाक में मिलने वाली कहानी को पढ़ा था,तभी से फौज में जाकर देश की सेवा करने का मन बना लिया था।उन्होंने कहा की फौजी की वर्दी 140 करोड़ भारतीयों की भावना होती है।उन्होंने बताया कि 21 सैनिकों को परमवीर चक्र से सम्मानित गया है। प्रधानाचार्य राजीव गोहित ने कहा कि बच्चों को महापुरुषों की जानकारी देने के लिए परमवीर चक्र वीथिका का निर्माण कराया गया है। उसका अतिथियों द्वारा उद्घाटन किया गया, वहीं हर साल की भांति पुरातन छात्र संगम में लोगों को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर चौधरी शीशपाल सिंह, संदीप सिंधु, पूर्व सैनिक मनवीर सिंह, हरेंद्र चौधरी, सुभाष प्रधान, राजीव दादू, संजीव यादव, राजू तोमर, कैप्टन राजेश चौधरी, दीपक शर्मा, राजीव कुमार, नरेश मोहन शर्मा आदि मौजूद रहे।

**श्रद्धांजलि**

## पुण्यतिथि पर किया गया याद,बोले मंत्री नरेंद्र कश्यप मां की कमी भरना असंभव

# शहर के गणमान्य लोगों ने दी राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप की माता स्व.सरला देवी कश्यप को श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा उत्तर प्रदेश नरेंद्र कश्यप की मां स्वर्गीय सरला देवी कश्यप की द पुण्यतिथि के अवसर पर शांति सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेक्टर- 23 संजय नगर स्थित महर्षि कश्यप पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों से लेकर प्रशासन के अधिकारियों और पत्रकारों व स्थानीय लोगों में भाजपा कार्यकताओं ने स्वर्गीय सरला देवी कश्यप की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों ने उनको नमन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का नरेंद्र कश्यप ने पावन स्मृति दिवस के अवसर पर पधारने के लिए धन्यवाद किया। साथ ही इस दौरान पूजन एवं हवन







कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कई घंटे चला पावन स्मृति दिवस कार्यक्रम राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप की माता सरला देवी कश्यप की पुण्यतिथि के अवसर पर पावन स्मृति दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान गाजियाबाद शहर से लेकर आसपास के जनपदों के प्रमुख समाजसेवी, चिकित्सक, अधिवक्ता ,भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और विधायक उपस्थित हुए। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वर्गीय सलाह देवी कश्यप को याद किया। इस अवसर पर महर्षि कश्यप पार्क सेक्टर-23 में बड़ा आयोजन भी किया गया। जीवन में माँ से बड़ा कोई नहीं होता : नरेंद्र कश्यप उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने अपनी मां स्वर्गीय सरला देवी कश्यप की पावन स्मृति दिवस के अवसर पर कहा है कि जीवन में माँ से बड़ा कोई नहीं होता है। उन्होंने कहा है की मां का जीवन में ना होना सबसे बड़ा कष्ट होता है। जीवन में माँ ही एक ऐसा किरदार निभाती है जो जीवन को सफल बनाने के लिए सबसे ज्यादा संघर्ष और समर्पण करती है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है की मां के साथ बिताए गए सभी जीवन के पल और स्मृति कभी कम नहीं हो सकती है। इस मौके पर उन्होंने पावन स्मृति दिवस के अवसर पर अपनी मां को श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए, कार्यक्रम में शामिल हुए सभी पधारने वाले लोगों को धन्यवाद दिया। कार्यकताओं से लेकर प्रमुख लोग रहे उपस्थित राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप की स्वर्गीय माता सरला देवी कश्यप की पुण्यतिथि के अवसर पर पावन स्मृति दिवस आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के अलग-अलग प्रकोष्ठ और महानगर से लेकर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हुए। तो वहीं बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोगों ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई और पावन स्मृति दिवस पर पुष्पांजलि दी गई।इस अवसर पर अजीत पाल त्यागी दिनेश चंद्र गोयल आशु वर्मा संजीव शर्मा रमेश चंद तोमर एसपी सिंह जगदीश साधना मानसिंह गोस्वामी श्यामवीर चौधरी पप्पू पहलवान उमेश भाटी मनोज यादव अतुल जैन ललित जायसवाल गौरव चोपड़ा मनोज नगर बालकिशन गुप्ता सुधीर गोयल पवन गोयल मनोज गोयल अशोक मोंगा सौरभ जायसवाल वीके अग्रवाल बीके शर्मा हनुमान दिनेश अरोड़ा पंडित संदीपन शर्मा राजकुमार कश्यप अशोक अग्रवाल अनिल अग्रवाल सांवरिया राजू छाबड़ा सुरेश महाजन नीतू लाहोरिया डॉ सागर कश्यप सिद्धार्थ कश्यप विशाल कश्यप आशुतोष कश्यप सचिन कश्यप अर्पण कश्यप एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिकारी जनता की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारण:प्रेरणा शर्मा

**डीएम ने दस बजे से अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक की जनसुनवाई**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा द्वारा प्रतिदिन अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करती है। गुरुवार को भी उन्होंने सुबह दस बजे से अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की। आपको बता दें,कि जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एक समयनिष्ठ,कत्र्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील



अधिकारी के रूप में जानी व पहचानी जाती हैं। वे प्रतिदिन समय से कार्यालय पहुंचती है जिससे उनकी समयनिष्ठता का पता चलता है तो वहीं अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सही कार्य ना करने पर उन पर सख्त कार्यवाही करती है,जिससे उनकी संवेदनशील अधिकारी के रूप में पहचान होती है तो किसी कार्य के निस्तारण के आदेश देने के उपरान्त देरी होने पर या लापरवाही या गुणवत्ता से समाधान ना होने पर सम्बंधित को दण्डित करते हुए अपने कार्यालय पर बैठाकर उनसे शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान करवाया जाता है। जिसमें उनकी कत्र्तव्यनिष्ठा दिखाई देती है। गुरुवार को जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा को राजस्व,नगर पालिका,पुलिस विभाग, विकास विभाग सम्बंधित 12 शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान शिकायतकताओं द्वारा आय, जाति प्रमाण पत्र, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, कालोनियों में साफ–सफाई व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था बाधित होने, पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज ना करना,आपसी लड़ाई–झगड़ा, स्कूल में प्रवेश, गृह कलेश से सम्बंधित शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने शिकायत सुनते हुए सभी शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। कि शिकायत का निस्तारण समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी पात्र लाभार्थी को उसको मिलने वाली योजनाओं के लाभ से वंचित ना रखा जाएं।

# विद्यालय के विकास में संस्थाओं का सहयोग अतुलनीय: गौरव शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** (परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत संदेश संस्था ने विद्यालय का किया कायाकल्प)







पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत पहल फाउंडेशन के सहयोग से सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसाइटी (संदेश) द्वारा परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत नगर निगम बालिक इण्टर कॉलेज मकनपुर के कायाकल्प का लोकार्पण मुख्य अतिथि पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के सीएसआर हेड गौरव शर्मा व संदेश की सचिव पूनम परिहार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, संदेश संस्था की सचिव व प्रधानाचार्या अनीता वशिष्ट ने दीपप्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने संस्था द्वारा किए गए कार्यो को प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा पहले भी जनपद के अनेकों विद्यालयों में स्वास्थ्य सम्बन्धित कार्य किये गये है। इसी क्रम में नगर निगम बालिका इण्टर कॉलेज मकनपुर में कायाकल्प करके सराहनीय सहयोग किया है। इसके लिए शिक्षा विभाग संस्था का धन्यवाद करता है।संस्था के कार्यो के बारे में बताते हुए संदेश की सचिव पूनम परिहार ने कहा कि संस्था पिछले 30 वर्षों से विद्यालय में शिक्षा के सुधार के उद्देश्य से सहयोग कर रही है। संस्था द्वारा विद्यालय में छात्रों को बैठने के लिए डेस्क बेंच, दीवार लेखन, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, झूले, वृक्षारोपण, व रसोई घर का सौन्दर्यकरण कराकर आदर्श विद्यालय के सभी मापदण्डों को पूरा करने का प्रयास किया गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता वशिष्ठ ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था ने जो सराहनीय सहयोग किया है हम संस्था से इसी तरह की भविष्य में सहयोग की उम्मीद करते है। इस अवसर पर पीएनबी की सीनियर मैनेजर अंजलि लाल, ब्रांच बिजनेस हैड अंजुमन सक्सेना, नगर निगम की जूनियर इंजीनियर पूजा, संदेश के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना, परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज, वरिष्ट लेखाकार शिवचेत तोमर , अकाउंट ऑफिसर मधुर जैन, गौरा तोमर, अनुराग राठौड़, व संदेश स्कूल की प्रधानाध्यापिका मंजुला विष्ट सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की सहायक प्रधानाध्यापिका मंजू शर्मा ने किया।

# पापड़ नगरी पर प्रतिदिन भारी पड़ने लगा जाम,जाम से बदली पापड़ नगरी की पहचान,जाम नगर बनी नई पहचान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** पापड़ नगरी के नाम से देश विदेश में विख्यात हापुड़ पर प्रतिदिन दिन लगने वाला जाम भारी पडने लगा है। सुबह से शाम तक लगने वाले जाम के कारण अब पापड़ नगरी जाम नगर के नाम से मशहूर हो गया है। करोड़ों की लागत से बना

- **स्थानीय अधिकारी प्रतिदिन होते है जाम का शिकार**
- **हापुड़ नगर में ई–रिक्शा की बहुत अधिक संख्या में होना भी बना जाम का मुख्य कारण**
- **प्रतिदिन जाम लगने से व्यापारियों का कारोबार होने लगा प्रभावित**

बाईपास भी जाम में सुधार नहीं ला सका है। ई-रिक्शाओं की संख्या अधिक होना भी हापुड़ नगर में जाम लगने को मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके अलावा जाम लगने से व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित होने लगा है। आपको बता दें कि चार दशक पूर्व हापुड़ के पापड़ की विदेशों तक धूम थी। जिस कारण यह दुनिया भर में पापड़ नगरी के नाम से विख्यात हो गया। मौजूदा समय में पापड़ नगरी की पहचान धीरे धीरे अपना अस्तित्व खोती जा रही है। इस मुख्य कारण हापुड़ नगर में प्रतिदिन कई कई घंटे लगने वाला जाम। अब पापड़ नगरी जाम नगर के नाम से देश विदेश में प्रसिद्व होती जा रही है। इससे न सिर्फ यहां का व्यापार प्रभावित हो रहा है। बल्कि आये दिन राहगीरों के साथ साथ दुकानदारों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



पापड़ नगरी को जाम की समस्या से निजाम दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निजाम से लेकर ततारपुर तक करोड़ों की लागत ने बाईपास का निर्माण कराया गया। जिसका उद्घाटन तत्कालीन राजग सरकार में भूतल परिवहन केन्द्रीय मंत्री रहे चन्द्रभुवन खंडूरी ने किया था। साथ ही उन्होंने जनपद की जनता को आश्वस्त किया था कि अब उन्हें जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। किन्तु स्वार्थी वाहन चालक नहीं चाहते कि वह बाहर जाने के लिए बाईपास का प्रयोग करे। यहीं कारण है कि शहर में डग्गामार वाहनों की तादात इतनी अधिक बढ़ गयी है कि जाम पर काबू पाना टेढ़ी खीर लगती है।

दिलचस्प बात तो यह है कि यातायात पुलिस को परिवहन सुचारु कराने के लिए मुख्य चौराहों पर तैनात किया गया है किन्तु वह अपने कर्तव्य सही ढंग से निर्वाह नहीं कर पा रहे है। सच्चाई तो यह है कि वह अपनी जेबें भरे या यातायात सुचारु करायें। इतना ही नहीं स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जाम का प्रतिदिन शिकार होते है। अब उन्हें भी जाम झेलने की आदत पड़ गयी है।

वही ट्रैफिक पुलिस द्वारा भी जाम की समस्या समाप्त करने के लिए कई उपाय किये। लेकिन सभी विफल साबित हुए हैं।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा लाखों की लागत से तहसील चौपला,मेरठ तिराहा,पक्का बाग चौराहा पर ट्रैफिक लाइटें लगवायी,जो एक भी नहीं चली,और कबाड़ में तब्दील हो गयी। हाल में ही पुलिस विभाग उक्त चौराहों पर लाखों की लागत से ट्रैफिक लाइट लगवायी,जो अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। और खंभों से टूटकर नीचे आ गयी है।

**व्यापार होने लगा प्रभावित**

हापुड़ नगर में प्रतिदिन कई घंटे लगने वाले जाम से व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित होने लगा है। व्यापारियों का कहना है,कि जाम लगने से व्यापार प्रतिदिन घटता जा रहा है। अगर रही हाल रहा तो उन्हें दूसरे शहरों की ओर रुख करना पड़ेगा।

**ई-रिक्शा बनी जाम लगने का कारण**


हापुड़ शहर की जनता व व्यापारियों का भी कहना है,कि ई=रिक्शा की संख्या बहुत अधिक होना भी शहर में जाम लगने का मुख्य कारण माना जा रहा है। लोगों का कहना है,कि ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या पर भी अंकुश लगना चाहिए।

**डीएम गौवंशों की प्रतिदिन देखरेख करने के दिये निर्देश**

# डीएम ने गौशाला व प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया







**प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की परखी शैक्षिक गुणवत्ता**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ गांव भटैल में संचालित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। गुरुवार को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.ओम प्रकाश मिश्रा के साथ ग्राम भटैल में संचालित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। सीवीओ ने डीएम को बताया कि गौशाला का संचालन कार्यदायी संस्था ध्यान फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है।

निरीक्षण उपरांत जिलाधिकारी ने गौशाला के केयर टेकर को निर्देशित किया,कि गौशाला में प्रतिदिन साफ सफाई,पशुओं को भूसा,हरा चारा व स्वच्छ पेयजल दिया जायें,साथ ही गौवंशों की नियमित देखरेख की जायें। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने ग्राम भटैल में संचालित प्राथमिक विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्टरों का अवलोकन कर बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता भी परखी। डीएम ने बच्चों किताब पढ़वाकर देखी,बोर्ड पर सवाल हल करवाकर भी देखें। उन्होंने प्रधानाध्यापक को बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में और सुधार लगाने व साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

# मिशन शक्ति अभियान-फेज-05: वीमेन पावर लाइन-1090 की महिलाओं को दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में महिलाओं,बच्चियों व छात्राओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह के निर्देश पर

**महिला पुलिस कर्मियों ने आत्मरक्षा हेतु जरूरी टिप्स भी दिये**

गुरुवार को महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं व छात्राओं को चौपाल लगाकर महिलाओं,छात्राओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने, सशक्तिकरण,साइबर क्राइम व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

आपको बता दें मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने जनपद में गांवों,गली मोहल्लों व सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं,छात्राओं व युवतियों को महिला सशक्तिरण,नारी सम्मान,स्वालंबन व साइबर







क्राइम के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। साथ ही पंपलेट भी वितरित किये जा रहे है। महिला पुलिसकर्मियों ने चौपाल में बताया कि कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचेंगे। शिकायत करने वालों का नाम-पता गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने वीमेन पावर लाइन-1090,महिला हेल्पलाइन नंबर-181,चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर-112,चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही संकट के समय हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करने की अपील की। इसके अलावा आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स,गुड़ टच,बैड टच व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया।

# शिक्षार्थी फाउंडेशन द्वारा आयोजित की जाएगी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** शिक्षार्थी



फाउंडेशन द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र छात्राएं भाग लेंगे। इस परीक्षा का आयोजन फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा। परीक्षा में सरकारी विद्यालय के साथ-साथ प्राइवेट विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी भाग ले सकते हैं। इस परीक्षा में एक सामान्य सा शुल्क रखा गया है इस शुल्क को जमा कर-के इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को एक अच्छा उपहार दिया जाएगा। शिक्षार्थी फाउंडेशन के डायरेक्टर जावेद सैफी ने बताया की परीक्षा फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में की जाएगी। जिनके फॉर्म दिसंबर माह में भरे जाएंगे। जिसमें हजारों छात्र-छात्राएं भाग लेंगे तथा इसमें इसका परिणाम अप्रैल माह के अंतिम माह में होगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाली छात्र-छात्राओं को उपहार के रूप में एक स्कूटी प्रदान की जाएगी।

**जागरूक** | **शौचालय सफाई किट वितरण का उद्देश्य लोगों में सफाई की भावना की बढ़ाना : पूनम परिहार**

# संदेश संस्था ने किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** डाबर की






सहयोगी स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा गाँव चौना में शौचालय सफाई किट वितरण व सफाई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि संदेश की सचिव पूनम सिंह परिहार रही।

मुख्य अतिथि ने उपस्थित महिलाओं व पुरुषों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सफाई किट वितरण का उद्देश्य लोगों में साफ सफाई की भावना को बढ़ाना है। गांधी जी ने जो रामराज का सपना देखा था कि कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का नाम पहुँचना चाहिए वह संस्था के माध्यम से सफल हो रहा है। गाँव के अंतिम परिवार तक शौचालय पहुचाने का कार्य संदेश संस्था द्वारा किया गया है। प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने वाली स्वच्छ भारत मिशन योजना को साकार करते हुए संदेश संस्था द्वारा 700 से 7 कदम परियोजना के अंतर्गत जनपद के 36 गाँवो को खुले में शौच मुक्त किया गया है। इसी क्रम में गाँव चौना के शौचालय निर्माण के पश्चात स्वच्छता हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक परिवार के शौचालय सफाई किट वितरण की गयी। परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज ने बताया कि ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में एक खुली बैठक का आयोजन कर गाँव में शौचालय निर्माण का कार्य आरंभ किया गया। शौचालय निर्माण के पश्चात गाँव के सभी परिवारों को निःशुल्क किट वितरित की गयी।

सभी ग्रामवासियों ने संस्था द्वारा किए गए कार्य के लिए संस्था का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर संदेश के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना, चवल सिंह, महेश गौतम भारी संख्या में महिला व पुरूष मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# कांग्रेस को वास्तविकता समझनी होगी



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

मीर तकी मीर का शेर है, 'पत्ता पत्ता बूटा बूटा हाल हमारा जाने है, जाने न जाने गुल ही न जाने बाग तो सारा जाने है। कांग्रेस का भी यही हाल है। उसका हाल सारी दुनिया को पता है। सारे पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक जानते हैं कि उसकी क्या कमी है। विपक्ष की दूसरी पार्टियां, जो उसके गठबंधन में हैं या नहीं हैं उन सबको भी पता है कि कांग्रेस की क्या कमजोरी है और भाजपा के शीर्ष नेता खास कर नरेंद्र मोदी और अमित शाह को तो उसकी हर नस के बारे में पता है। सिर्फ कांग्रेस है, जिसको अपने हाल की कोई खबर नहीं है। कांग्रेस नेतृत्व को अपनी कमजोरियों का पता नहीं है। गांधी परिवार अब भी इस मुगालते में है कि उसे सिर्फ मुख्य विपक्षी पार्टी बने रहना है, बाकी सारी चीजें अपने आप हो जाएंगी। जैसे 1977 में हारे तो 1980 में सत्ता में आ गए या 1989 में हारे तो 1991 में आ गए या 1996 में हारे तो 2004 में आ गए वैसे ही 2014 में हारे हैं तो क्या हो गया अगर मुख्य विपक्षी बने रहते हैं तो फिर अपने आप सत्ता में आ जाएंगे। कांग्रेस नेता इस बात से भी सबक नहीं ले रहे हैं कि लगातार दो चुनावों में लोकसभा में कांग्रेस को मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा भी नहीं मिला था और एक एक करके वह राज्यों में भी यह दर्जा गंवाती जा रही है। क्या किसी ने सोचा है कि कितने बड़े राज्य हैं, जिनमें देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी भी नहीं है? जिन राज्यों में वह हाल के दिनों तक सत्ता में थी वहां से भी ऐसे उखड़ी है कि अब विपक्ष में भी जगह नहीं है। दिल्ली में लगातार तीन चुनाव जीतने के बाद वह 10 साल से शून्य पर है। आंध्र प्रदेश में दो चुनाव लगातार जीतने के बाद वह 10 साल से शून्य पर है। पश्चिम बंगाल में पिछली विधानसभा में उसके 40 विधायक थे और इस बार वह शून्य पर है। लगभग एक दर्जन राज्यों में उसका एक भी विधायक नहीं है। उसने गुजरात और महाराष्ट्र में मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा गंवा दिया है। 403 विधायकों वाली उत्तर प्रदेश में उसके सिर्फ दो विधायक हैं। ये आंकड़े कांग्रेस के भविष्य की बहुत बुरी तस्वीर पेश कर रहे हैं लेकिन ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस को इसकी या तो खबर नहीं है या परवाह नहीं है। लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करने के बाद हरियाणा, जम्मू कश्मीर और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव बुरी तरह से हारने के बाद कांग्रेस की बुनियादी समस्याओं को रेखांकित करने वाले सैकड़ों लेख लिखे गए हैं और हजारों नहीं, बल्कि लाखों सोशल मीडिया पोस्ट्स लिखी गई हैं। कांग्रेस के इकोसिस्टम के लोगों ने कई तरह से समझाया है कि कांग्रेस की असली समस्या क्या है और उसे कैसे दूर किया जा सकता है। पता नहीं कांग्रेस में किसी ने इनकी नोटिस ली या नहीं लेकिन कांग्रेस कार्य समिति की बैठक होने जा रही है। शुक्रवार, 29 नवंबर को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक होगी, जिसमें हरियाणा और महाराष्ट्र के नतीजों की समीक्षा होगी। पता नहीं जम्मू कश्मीर के नतीजों की समीक्षा क्यों नहीं होगी, जहां कांग्रेस की सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस की सीटें 15 से बढ़ कर 40 हो गईं और कांग्रेस की संख्या 12 से घट कर सात रह गई? कांग्रेस को निश्चित रूप से इसकी भी समीक्षा करनी चाहिए। अगर वह नहीं करती है तो इसका मतलब है कि उसका इरादा ईमानदार समीक्षा करने का नहीं है, बल्कि औपचारिकता निभाने का है। बहरहाल, हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस की जो समस्याएं उभर कर सामने आई हैं उनमें पहले नंबर पर यह है कि कांग्रेस सहयोगी पार्टियों की चिंता नहीं करती है। वह जरा सी ताकत मिलते ही धौंस दिखाने लगती है और बड़े भाई की भूमिका में आ जाती है।

# विश्व में सबसे अनुठा व अनोखा है हमारा संविधान



विनोद तकियावाला

वैश्विक राजनीतिक पटल पर भारत ने फिर से सभी ध्यान खासकर राजनीतिक चिन्तकों को आकर्षित किया है।जिसकी चर्चा व चिन्तन इन दिनों चारों दिशाओं में हो रही है।जैसा कि सर्वविदित है कि विगत दिनों मंगलवार 26 नवंबर 2024 को भारत ने अपना 75वां संविधान दिवस मनाया है।परिणाम स्वरूप संविधान के प्रति जागरूकता व जिज्ञासा आम आदमी से खास तक बढ़ी है।हालाकि हम अपने जीवन की तमाम व्यवस्ताओं के कारण हम भारत के महान संविधान को हर रोज याद नहीं रख पाते हैं,लेकिन संविधान दिवस हमें संविधान की याद दिलाता है तथा संविधान की मूल भावना की कदर करना भी सिखता है।अपने संविधान के

**विश्व में ऐसा विधान,जो अपने नागरिकों का बिना किसी धर्म, जाति, लिंक ऊँच-नीच,अमीर - गरीब के आधार पर किसी भेद भाव करता हैकल्याण,वह है भारत का संविधान**

इतिहास,विशेषताओं तथा संविधान के निमार्ताओं के विषय में जानना चाहिए है।आज इसी को ध्यान में रखते हुए अपने इस आलेख में आपको बता रहे हैं कि भारत के संविधान की आत्मा यानि कि उसका मूल स्वरूप कैसे तैयार हुआ?साथ ही आम बोलचाल की भाषा में संविधान का पूरा इतिहास और महत्व के बारे में संक्षेप में बताने की प्रयास किया हैं।आजकल संविधान को लेकर जगह जगह चर्चा व चिन्तन का दौर सा चल गया है।चाहे वह सता पक्ष हो या विपक्ष हो।विगत लोक सभा के चुनाव में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारतीय संविधान को जनता के बीच गए थें।उनकी गठबन्धन के द्वारा संविधान खतरे की बात कही जा रही थी,जिसका लाभ उन्हे लोक सभा चुनाव में भी कुछ तक मिला।ऐसे में सता पक्ष कहाँ पीछे रहने वाले थें। संविधान के निर्माण के लिए डा. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित की गई थी, जिसे संविधान मसौदा समिति का नाम दिया गया । इस समिति में कुल सात सदस्य थे।संविधान मसौदा समिति के सात सदस्य इस प्रकार थे- डॉ. भीमराव अंबेडकर(अध्यक्ष),अल्लादि कृष्णा स्वामी अय्यर,के.एम. मुंशी,एन. गोपालस्वामी आयंगर,मौहम्मद साहुल्ला,देबी प्रसाद खेतान तथा एन माधव राव समिति के सदस्य थे।

जिन्होंने भारतीय संविधान के अंदर आत्मा विकसित की थी।यहां संविधान मसौदा समिति के सदस्यों का संक्षिप्त परिचय भी अवश्य जान लेते हैं।भारतीय संविधान की मसौदा समिति के सदस्यों का परिचय इस प्रकार है।डॉ. बी.आर. अंबेडकर (सभापति)मुख्य रचनाकार डॉ. अंबेडकर विद्वान,समाज सुधारक और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे।सामाजिक न्याय के कट्टर समर्थक के तौर पर उन्होंने सुनिश्चित किया कि संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को बरकरार रखा जाए और दबे-कुचले समुदायों के अधिकारों की रक्षा हो सके।अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर
प्रख्यात न्यायविद और अधिवक्ता, कानूनी-सांविधानिक ढांचे को तैयार करने में अहम भूमिका निभाईउन्होंने संघवाद को एकात्मक ढांचे के साथ संतुलित करने और न्यायिकस्वतंत्रता सुनिश्चित करने मेंमहत्वपूर्ण योगदान दिया।के.एम. मुंशी-लेखक,वकील और राजनेता,मसौदे में एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिकपरिप्रेक्ष्य रखा।राज्यनीति के निर्देशक सिद्धांतों और भाषाई व सांस्कृतिक अधिकारों से संबंधित प्रावधानों को शामिल करने का समर्थन किया एन.गोपालस्वामीअयंगर-जम्मू-कश्मीर के पूर्व प्रधानमंत्री,प्रशासनिक पहलुओं को आकार देने वाले प्रमुख व्यक्ति थे।जम्मू-कश्मीर के लिए संसदीय ढांचे और विशेष प्रावधानों को तैयार करने में उनकी अंतर्दृष्टि महत्वपूर्ण रही। जम्मू-कश्मीर के लिए अनुच्छेद 370 का मसौदा अयंगर ने तैयार किया।मोहम्मद सादुल्ला असम के रहने वाले बकील और राजनेता,अल्पसंख्यक अधिकारों और संघवाद पर चर्चा में योगदान दिया,पूर्वोत्तर क्षेत्र को अहमियत के साथ शासन ढांचे में समावेश सुनिश्चित किया।देवी प्रसाद खेतान बंगाल के प्रतिष्ठित वकील और विधायक, शुरूआती चरणों में अंहम योगदान दिया।1948 में असामयिक निधन ने एक शून्य उत्पन्न कर दिया,लेकिन उनके काम ने कई प्रगतिशील प्रावधानों की नींव रखी।एन.माधव राव बतौर प्रशासक अपनी विशेषज्ञता का लाभ पहुंचाया।प्रशासनिक सुधारों और संस्थागत ढांचे से संबंधित प्रावधानों को आकार देने में भूमिका निभाई। इसके लिए संविधान सभा का गठन दिसंबर 1946 में कैबिनेट मिशन योजना के तहत हुआ।जिसमें 389 सदस्य शामिल थे,जो विभाजन के बाद घटकर 299 हो गए।संविधान सभा की पहली बैठक डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता 9 दिसंबर 1946 को हुई तथा डॉ.भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में ड्राफ्टिंग कमिटी ने संविधान का मसौदा तैयार किया।संविधान के निर्माण में 2 साल,11 महीने और 18 दिनों तक 11 सत्रों में विचार-विमर्श किया गया।अंततः 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया गया,जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।भारतीय संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है।प्रारंभ में इसमें 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां थीं(जो बाद में संशोधित हुईं)।यह संविधान कठोरता और लचीलापन का अनोखा मिश्रण है,जो विभिन्न वैश्विक संविधानों से प्रेरणा लेकर तैयार किया गया है।

भारतीय संविधान की तारीफ में दुनिया भर में बहुत कुछ कहा गया है।भारतीय संविधान को लेकर विशिष्ट विद्वान जनों द्वारा कहे गए शब्दों का सहारा ले रहा हूँ-जो निम्न प्रकार है- ह्लजनता की इच्छा ही किसी भी सरकार का एकमात्र वैध आधार है,और उसकी स्वतंत्र अभिव्यक्ति की रक्षा करना हमारा पहला उद्देश्य होना चाहिए।ह्नझडॉ. राजेंद्र प्रसाद ह्लसंविधान की भावना प्रत्येकह्न संविधान महज वकीलों का दस्तावेज नहीं है यह जीवन का माध्यम है,और इसकी आत्मा हमेशा युग की आत्मा है। "ह्लहम सबसे पहले और अंत में भारतीय हैं।ह्नझडॉ. बी.आर.अंबेडकर नागरिक को दर्जा और अवसर की समानता प्रदान करना है।ह्न झसरदार वल्लभभाई पटेल ह्लस्वतंत्रता,समानता और बंधुत्व को त्रिमूर्ति में अलग-अलग वस्तुओं के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।वे इस अर्थ में त्रिमूर्ति का एक संघ बनाते हैं कि एक को दूसरे से अलग करना लोकतंत्र के मूल उद्देश्य को पराजित करना है।झडॉ. बीआर अंबेडकर। ह्लसंविधान केवल काले और सफेद रंग का दस्तावेज नहीं है।यह एक जीवंत दस्तावेज है जो राष्ट्र के साथ विकसित होता है।ह्नझन्यायमूर्ति पीएन भगवती ह्ललोकतंत्र केवल सरकार का एक रूप नहीं है।" किसी राष्ट्र की महानता उसके संविधान के प्रति निष्ठा और कानून के शासन के प्रति उसके पालन में निहित है।ह्नझप्रणब मुखर्जी ह्लसंविधान की पवित्रता अधिकारों औरजिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की इसकी क्षमता में निहित है।ह्नझअज्ञात

भारत का संविधान भारतीय गणराज्य का सर्वोच्च कानून है।देश की राजनीतिक व्यवस्था के लिए रूपरेखा तैयार करता है,सरकार की संस्थाओं की शक्तियों एवं उत्तरदायित्वों को परिभाषित करता है।संविधान के द्वारा मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ शासन के सिद्धांतों को भी रेखांकित किया जाता है। हमारा संविधान विश्व के सबसे लंबे एवं विस्तृत लिखित संविधानों में से एक हैभारतीय संविधान विभिन्न भागों में विभाजित है,प्रत्येक भाग देश के कानूनी, प्रशासनिक या सरकारी ढांचे के विशिष्ट पहलू से संबंधित है।आप को बता दे कि मूल में हमारा संविधान में 22 भाग थे जो वर्तमान में,भारतीय संविधान में 25 भाग हैं। जिसमे में 395 अनुच्छेद थे जो वर्तमान में 448 अनुच्छेद हैं।जो संवैधानिक प्रावधानों से संबंधित कुछ अतिरिक्त जानकारी या दिशानिदेर्शों का विवरण प्रदान करती है।मूल रूप से भारत के संविधान में 8 अनुसूचियाँ थीं। वर्तमान में,जो वर्तमान में 12 अनुसूची है।भारतीय संविधान का निर्माण 1946 में गठित एक संविधान सभा द्वारा किया गया था। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे।29 अगस्त 1947 को संविधान सभा में भारत के स्थायी संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए एक प्रारुप समिति के गठन का प्रस्ताव रखा गया था।

## भोले मानस

भोले मानस ही जीवन में अक्सर छले जाते हैं,
फिर भी ईश्वर की कृपा से सदा हंसते मुस्काते हैं,
वे धुन सदैव परहित प्रेम की "आनंद" गुनगुनाते हैं,
दुष्टों की धृष्टता से डरकर वे कभी नहीं घबराते हैं ।

संस्कारों को संभालते वे सजाकर आगे बढ़ाते हैं,
ईश्वर पर दृढ़ भरोसा रखकर, अपना दर्द छुपाते हैं,
सत्कर्म अपना शांति से बस चुपचाप करते जाते हैं,
दुनियादारी की परवाह नहीं, अनवरत चलते जाते हैं ।

हर किरदार में परमात्मा को ही सर्वप्रथम ढूंढते हैं,
लाखों ठोकरें खाकर भी सत्य की राह न छोड़ते हैं,
गजब के आत्मविश्वासी उनमें अद्भुत चमक होती है,
उनकी दुआएं और प्रार्थनाएं प्रथम कबूल होती है ।

मायावी प्रपंच उनको जरा भी समझ न आता है,
जीवन का रथ धीरे-धीरे यूं चलता चला जाता है,
छल, झूठ, फरेब, अभिमान उन्हें रास नहीं आता है,
सच्चे साथी कहलो जीवन अंत तक साथ निभाता हैं ।

भोले जन को जो छले सुख शांति कभी न पाता है,
होशियारी में खुद गड्ढा खोद उसी में गिर जाता है,
बुरे कर्मों का नतीजा जीवन में बहुत बुरा ही होता है,
चाटुकारिता नहीं चलती, वहां देख रहा खुदा होता है ।



मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई, तमिलनाडु

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# पाकिस्तान में फिर विभाजन का खतरा,1971 का इतिहास दोहराया जायेगा



राजेंद्र शर्मा


पाकिस्तान सरकार को पाक अधिकृत कश्मीर और बलूचिस्तान में जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ रहा है' वहां की आवाम अब किसी भी परिस्थिति में पाकिस्तान सरकार को बर्दाश्त करने की स्थिति और मनःस्थिति में नहीं हैं। दोनों प्रदेशों से बगावत के स्वर खुलकर सुनाई देने लगे हैं पाक अधिकृत कश्मीर की जनता भारत देश में शामिल होने को एक पैर पर तैयार है। ऐसा नहीं है कि भारत इन दोनों प्रदेशों को आजाद करवाने की कोशिश कर रहा है बल्कि वहां की जनता स्वयं स्फूर्त होकर पाकिस्तान से इन प्रदेशों को अलग करवाएगी। पाकिस्तान में बड़ी विचित्र स्थिति बन गई है खुद के पास देश चलाने के लिए पैसा नहीं है और वह बांग्लादेश में अपनी सेना भेज कर हिंदुओं के विरुद्ध अभियान चलाने में लगा हुआ है। कई आतंकवादी संगठन आप बांग्लादेश में भारत के विरोध में सक्रिय हो गए हैं और दंगे भड़काने में सक्रिय हो गए हैं।

भारत और पाकिस्तान दोनों अंग्रेजों की दासता से 1947 मैं स्वतंत्र हुए थे। दोनों देश विकास की धारणाएं अलग-अलग बनाकर आगे बढ़े थे। भारत विकास और शांति के सोपानों में निरंतर आगे बढा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत नए-नए कल कारखाने और कृषि को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया गया, और काफी हद तक सफल भी रहा है । पाकिस्तान ने विकास की जगह भारत को सदैव नीचा दिखाने का प्रयास किया ,विकास के नाम पर वहां केवल युद्ध और हिंसा को प्राथमिकता दी गई।

पाकिस्तान के इतिहास में 18 प्रधानमंत्री ने कभी अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को विभिन्न आरोप लगाकर फांसी की सजा दे दी थी। उसके बाद उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या करवा दी गई ,नवाज शरीफ पर विभिन्न आरोप लगाकर लंदन में जाकर बसने को मजबूर कर दिया गया। इमरान खान को भी विभिन्न अपराधों की सजा अब मिलने वाली है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से पूरा देश नियंत्रण से बाहर है ।इमरान खान की गिरफ्तारी ने जनता और सेना को आमने सामने खड़ा कर दिया गया और 9 मई को जो अराजक तत्वों ने सरकारी इमारतों की तोड़फोड़ की उसका सारा आरोप इमरान खान पर लगाते हुए उन्हें एक बार गिरफ्तार भी कर लिया गया था पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें छोड़ दिया गया।

अब स्थिति यह है कि पाकिस्तान मैं आवाम को रोटी, चावल और पेट्रोल, गैस जैसी जरूरी चीजों के लिए तरसना पड़ रहा है पाकिस्तान में अभी गृह युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पाकिस्तान की सेना के जनरल मुनीर पाकिस्तान में मार्शल लगाने की तैयारी में और इमरान शान को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने में लगे हुए हैं। इमरान खान के सभी बड़े समर्थक नेता पार्टी छोड़कर भाग चुके हैं।

# संसद को ठप्प कौन कर रहा है?



राजेंद्र शर्मा

क्या संसद का शीतकालीन सत्र उसी रास्ते जा रहा है, जिस रास्ते पिछले कई सत्र गए हैं। कुल तीन हफ्तों के सत्र में पहले हफ्ते संसद के लगातार ठप्प होने के बाद, दूसरे हफ्ते की भी शुरूआत उसके ठप्प रहने का सिलसिला जारी रहने से हो गयी है। संसद के इस तरह ठप्प होने में एक खास बात है, जिसकी संसद के ठप्प होने पर आम तौर पर सत्तापक्ष से लेकर मुख्यधारा के मीडिया तक द्वारा जतायी जाने वाली चिंताओं में, शायद ही कभी चर्चा की जाती है। यह खास बात यह है कि संसद के ठप्प होने से सरकारी काम-काज बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होता है, बिल्कुल नहीं रुकता है। इसे एक छोटे से उदाहरण से समझा जा सकता है। वक्फ संशोधन विधेयक को संसद के पिछले सत्र में भारी विरोध के बाद, संयुक्त संसदीय समिति को विचार के लिए भेजे जाने के बाद से, संयुक्त संसदीय समिति में दूर-दूर तक कोई सर्वसम्मति नहीं बन पाई थी। इसके लिए सबसे ज्यादा भाजपा और उसके सहयोगी जिम्मेदार थे, जिनके आचरण से यह साफ हो गया था कि प्रस्ताव भले ही अभी कानून में संशोधन का ही हो, संघ-भाजपा की नीयत वक्फ बोर्ड को खत्म करने की ही है। इसे तब और भी साफ कर दिया गया, जब महाराष्ट्र के विधानसभाई चुनाव में जीत की शाम को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में अपने संबोधन में खुद प्रधानमंत्री ने वक्फ बोर्ड को, 'आंबेडकर के संविधान के खिलाफ' करार दे दिया। फिर भी जैसाकि मोदी-पूर्व के दौर में हुआ करता था, जब बहुपक्षीय विचार-छानबीन के मंच के रूप में संसदीय समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका हुआ करती थी और संयुक्त संसदीय समितियों के काम को बहुत गंभीरता से लिया जाता था, के करीब नजर न आने को देखते हुए, उक्त संयुक्त संसदीय समिति को अपने काम के लिए और समय दिए जाने का सुझाव आया था। इसके पीछे सोच यह थी कि और विचार-विमर्श तथा अध्ययन के जरिए, मतभेदों को कम कर के, सर्वसम्मति के ज्यादा नजदीक पहुंचा जा सकेगा। लेकिन, प्रधानमंत्री के उक्त भाषण से सत्ताधारी भाजपा की दिशा साफ हो गयी और वक्फ संशोधन विधेयक को शीतकालीन सत्र की कार्यसूची में प्रमुखता से रख दिया गया।

इसके बाद भी, चूंकि इस मामले में भाजपा के लिए अपनी मर्जी चलाना आसान नहीं था और विपक्ष के एकजुट विरोध के अलावा इस मामले में उसके सामने जनता दल यूनाइटेड तथा तेलुगू देशम्‌ जैसे अपने सहयोगी दलों को साधने की भी चुनौती थी, जो भाजपा की तरह सीधे-सीधे मुस्लिमविरोध की कतारों में खड़े नहीं होना चाहते हैं, उसे शीतकालीन सत्र में सरकारी कामकाज की प्राथमिकताओं में थोड़ा पीछे खिसकाना पड़ा। इसके बावजूद, भाजपा ने संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट पेश किए जाने के लिए, शीत सत्र के आखिर तक का विस्तार ही स्वीकार किया है। अंततः उसे अपने मंसूबों में कामयाबी मिले या नहीं मिले, पर फिलहाल भाजपा इसकी कोशिश करने जा रही है कि संबंधित रिपोर्ट इसी सत्र के अंत तक संसद में पेश कर दी जाए, जिससे भाजपा इस मामले में अपना एजेंडा आगे



बढ़ा सके। इस मुद्दे को जोर-शोर से आगे बढ़ाए जाने की एक वजह यह भी हो सकता है कि संघ-भाजपा के मोदी राज को इसका एहसास हो गया हो कि उत्तराखंड जैसे इक्का-दुक्का राज्यों में उसकी सरकारों के तथाकथित समान नागरिक कानून या संहिता को आगे बढ़ाने के बावजूद, देश के पैमाने पर ऐसा कानून बनाना इसके बावजूद आसान नहीं होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी चतुराई से इसे समान नागरिक कानून की जगह, सेकुलर नागरिक कानून कहना शुरू कर दिया है। ऐसे में देश के पैमाने पर अपने मुस्लिमविरोधी एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए, वक्फ कानून उनके लिए एक उपयोगी साधन हो सकता है। बहरहाल, हम संसद के ठप्प होने और किए जाने के मसले पर लौटें। आखिर, संसद को ठप्प कर कौन रहा है? इस सवाल के निश्चित उत्तर के लिए हम कानून के एक लोकप्रिय सिद्धांत या धारणा का सहारा ले सकते हैं। यह सिद्धांत यह कहता है कि अपराधी का पता लगाने का आसान तरीका है, इसका पता लगाना कि संबंधित अपराध से लाभ किसका होगा? संसद के ठप्प होने से किस का लाभ हो रहा है? इस सवाल का एक ही जवाब हो सकता है – इसमें सरकार का ही फायदा है? क्यों? क्योंकि सारे शोर-शराबे के बीच भी, सरकार न सिर्फ सामान्य सरकारी काम-काज पूरा कर लेती है, बल्कि उसने बिना चर्चा के ही विधेयकों पर संसद से मोहर लगवाने को, नया नॉर्मल ही बना दिया है। जब संसद में किसी वास्तविक बहस के बिना ही सरकार का काम हो रहा हो, तो बहस-मुबाहिसे के अर्थ में संसद चलवाने में सरकार की दिलचस्पी क्यों होगी? यह कोई संयोग ही नहीं है कि नरेंद्र मोदी के राज में पिछली संसद ने बदनामी के कहे जा सकने वाले एक नहीं, कई-कई रिकार्ड बनाए थे। इनमें तीन रिकार्ड सबसे खास थे। सबसे ज्यादा, करीब डेढ़ सौ विपक्षी सांसदों को एक साथ संसद के दोनों सदनों से निलंबित किए जाने का रिकार्ड। लोकसभा के एक पूर्ण कार्यकाल में सबसे कम बैठकों का रिकार्ड। बिना किसी वास्तविक चर्चा के विधेयक पारित कराए जाने और विधेयकों पर चर्चा में औसतन सबसे कम समय लगाए जाने का रिकार्ड। वास्तव में यह संसदीय व्यवस्था के साथ सलूक की नरेंद्र मोदी की आम शैली ही है। गुजरात में अपने शासन के 13 साल में मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने आम तौर पर यह सुनिश्चित किया था कि विपक्ष को विधानसभा में चर्चा के जरिए सरकार को जवाबदेह बनाने का कोई मौका ही नहीं मिले और खासतौर पर विधानसभा की बैठकों की संख्या कम से कम रहे। उसी गुजरात मॉडल को अब संसद के स्तर पर लागू किया जा रहा है।

पूछा जा सकता है कि लेकिन, संसद को क्या विपक्ष ही ठप्प नहीं कर रहा है? क्या विपक्ष ही नहीं है जो दोनों सदनों के सभापतियों के मना करने के बावजूद, अडानी घोटाले–वास्तव में रिश्वतखोरी–से लेकर महंगाई, मणिपुर आदि तक, मुद्दों पर बहस कराने को लेकर अड़ा हुआ नहीं है? क्या विपक्ष ही, सभापति के आसन के आदेशों की अवहेलना कर, अपनी बात मनवाने के लिए शोर-शराबे का सहारा नहीं ले रहा है? फिर संसद के ठप्प होने के लिए सत्ता पक्ष कैसे जिम्मेदार है? हैरानी की बात नहीं है कि संसद के सत्र से ऐन पहले के अपने परंपरागत वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष को गैर-जिम्मेदार साबित करने की कोशिश करते हुए, उस पर हमला ही बोल दिया था। यह सत्ता पक्ष के लिए और जाहिर है कि दोनों सदनों के आसनों के लिए भी, इसका इशारा था कि इस सत्र में भी विपक्ष नहीं सुनी जानी चाहिए।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** – घर में सकारत्मक माहौल का अनुभव होगा, रिश्ते की बात आगे बढ़ सकती है, किसी परीक्षा की तैयारी थोड़ी कम हो रही है उस पर भी ध्यान दे। भाग्य प्रतिशत-73

**वृषभ** – मन में किसी से हिसाब चुकाने का विचार आ सकता है, किसी मामले में रिस्क लेना चाहेंगे, जनता का कार्य करने से धन लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-70

**मिथुन** – बहुत अधिक परिश्रम ना करें स्वास्थ्य समस्या सम्भव है, बैंकिंग केस में मुश्किल आ सकती है, कम पैसे में कोई काम करना पड़ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-50

**कर्क** – अच्छा कार्य करने से प्रतिष्ठा बढ़ेगी, बाहरी लोगों से संपर्क अच्छे होंगे, जो विधा सीखी है उस पर ज्यादा काम करने की जरूरत है।
भाग्य प्रतिशत-71

**सिंह** – अपने से छोटे लोगों पर उपकार करेंगे, विदेशी माहौल में घुलने मिलने में परेशानी जरूर आयेगी, लीगल कार्यवाही में चौकन्ने रहे।
भाग्य प्रतिशत-67

**कन्या** – परिश्रम करेंगे लेकिन लाभ उतना नहीं होगा, डेंटिस्ट, होम्योपैथिक डॉक्टर,फिजियोथेरेपिस्ट के जाना पड़ सकता है, बच्चों पर निगरानी रखें। भाग्य प्रतिशत-48

**तुला** – किसी और प्रोफेशन में सेट होने के लिए प्रयास करेंगे, परिवार की जिम्मेदारी निभाना मुश्किल हो सकता है, पुत्र संतान कष्ट से होगी।
भाग्य प्रतिशत-52

**वृश्चिक** – वाद विवाद में सफलता मिलेगी,धार्मिक यात्रा भी कर सकते है, प्रेम समबन्ध में परिवार की हाँ, दूसरी ओर से ना हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-66

**धनु** – कहीं से पैसा मिलना तय होगा लेकिन मिलने में देरी होगी, कठोर वाणी ना रखें, कंधों हाथो में परेशानी सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-53

**मकर** – आय होने में दिक्कत आ सकती है लेकिन कहीं से इकट्ठी बड़ी रकम मिल जाएगी, गृह क्लेश को बढ़ावा ना दे, पूजा पाठ ज्यादा करें। भाग्य प्रतिशत-55

**कुंभ** – सोच विचार कुछ ज्यादा करेंगे, व्यवसाय में माल डिलिवर के बाद की रकम रुक सकती है, अपने साथ या आस पास कुछ नकारात्मक चीजें होती नजर आएगी।
भाग्य प्रतिशत-50

**मीन** – बुजुर्ग है तो ठंड का प्रकोप परेशान कर सकता है, वाहन में कुछ नए बदलाव करवा सकते है, घर में जरूरी दवा खत्म हो सकती है ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-50



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# 14 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

मेरठ (आरएनएस)। अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के अनुपालन में माननीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ के मार्गदर्शन में विभिन्न न्यायालयो में लम्बित (जोकि राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड पर अपलोड है) आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम विवाद, जल व विद्युत बिल (अशमनीय वादों को छोडकर), वैवाहिक विवाद (विवाह विच्छेद/तालाक को छोडकर), भूमि अधिग्रहण वाद, वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृति लाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वादो (जनपद न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित मात्र), सिविल वादो (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), प्रीलिटीगेंशन वाद-सभी प्रकार के दीवानी व सुलह समझौते योग्य अपराधिक शमनीय वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

# पर्यावरणीय स्थिरता में महिलाओं की भूमिका पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

**मेरठ (आरएनएस)।** रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज मेरठ में भारतीय ज्ञान परम्परा एवं सांस्कृतिक विरासत के अन्तर्गत पर्यावरणीय स्थिरता में महिलाओं की भूमिका पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, मेरठ में प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी जी के संरक्षण में सिटीजन वॉइस, संवाद इंडिया मीडिया ग्रुप एवं भारतीय ज्ञान परम्परा तथा वसुधा इको क्लब के संयुक्त तत्त्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मनीषा अहलावत, उ. प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य रहीं।इस कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. सुनीता चौधरी एवं संचालक डॉ. शुभम त्यागी रहीं। कार्यक्रम के सह आयोजक प्रशान्त कौशिक (अध्यक्ष संवाद इंडिया, सिटीजन वॉइस) ने संपूर्ण कार्यक्रम का एक संक्षिप्त परिचय दिया।सर्वप्रथम हमारे मुख्य अतिथियों में ऋचा जी ने अर्थ ओवरशूट डे (वह दिन होता है जब पृथ्वी के सभी पारिस्थितिकी संसाधनों और सेवाओं का इस्तेमाल साल के लिए खत्म हो जाता है) से अवगत कराते हुए बताया कि पर्यावरणीय दृष्टि से, हम प्राकृतिक संसाधनों का दोहन ज्यादा कर रहे हैं लोगों को इस बात के लिए जागरूक करने की बात पर जोर दिया। पारंपरिक स्त्रोतों की बात करते हुए श्री कर्मेंद्र सिंह प्रिंसिपल (गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल) ने कहा कि कैसे पारंपरिक रूप में हमारे घरों में पानी को एकत्रित करने के लिए मिट्टी के घड़ों का सेवन किया जाता था, आसपास के पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पूजन व हवन सामग्री में प्राकृतिक जड़ी-बूटियां का प्रयोग किया जाता था और यह सारे कार्य हमारे घर की स्त्रियों द्वारा किए जाते रहे हैं। जो स्त्री सृष्टि का सृजन करती है वह निश्चय ही प्रकृति के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाती रही है।



अन्य अतिथियां में पुष्पेंद्र शर्मा (वरिष्ठ पत्रकार) ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपनी बात रखते हुए कहा कि ज्ञान के इस मंदिर में मैं अपनी बात गार्गी, मैत्री और आपला जैसी स्त्रियों से शुरू करते हुए उनके महत्वपूर्ण योगदान पर बात केंद्रित की।

अपने प्रेरणात्मक कविताओं से डॉ. ईश्वर चंद्र गंभीर सिंह जी ने महिलाओं की असीम उपलब्धियों पर कविताएं केंद्रित करते हुए अनेक ऐसी बातें पर्यावरण के परिप्रेक्ष्य में भी प्रस्तुत की। भूतपूर्व आई. ए. एस. ऑफिसर डॉ. प्रभात राय ने हर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को संदर्भित करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा को युवाओं का परम कर्तव्य बताया।

मुख्य अतिथि के रूप में मनीषा अहलावत (सदस्य, उ. प्र. राज्य महिला आयोग) ने इको फेमिनिज्म पर बात केंद्रित की। इको फेमिनिज्म (नारीवाद और पर्यावरणवाद को जोड़ने वाला एक राजनीतिक और बौद्धिक आंदोलन) पर बात करते हुए कहा कि महिलाओं का उत्पीड़न और पर्यावरण का ह्रास आपस में जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि सिर्फ महिलाओं के प्रयास से ही नहीं बल्कि इस पुरुष प्रधान समाज में पुरुषों का समर्थन भी पर्यावरणीय समस्याओं से मुक्ति दिला पाएगा।महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने सभी छात्राओं से पर्यावरण संरक्षण करने में पारंपरिक संसाधनों के उपयोग पर बल देते हुए उसके महत्व के प्रति जागरूक करते हुए अनुरोध किया कि वो इसमें अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

# जिस बेटे की कमाई से चलता था घर, उसे सऊदी में सुनाई गई सजा-ए-मौत

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ के मुंडाली निवासी जैद के घर पुलिसकर्मी एक पत्र लेकर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। इस पत्र में ऐसा क्या लिखा था कि जो भी पढ़ता उसी की आंख नम हो जाती। सऊदी अरब के जेद्दा में रह रहे बेटे की चिंता उन्हें हर रोज सताती लेकिन विदेश में रह रहे बेटे की कमाई से ही घर चलता है, ऐसे में बेटे से मोबाइल पर बात कर परिजनों के दिल को तसल्ली मिल जाती। लेकिन जो खबर उन्हें मिली उसके बारे में शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

**परिजनों को हर घड़ी बेटे की जान की फिक्र**

जैद के घर पर पुलिस ने एक नोटिस भिजवाया। इस नोटिस में लिखा है कि उनके बेटे को सऊदी में मौत की सजा सुनाई गई है, यदि वह पैरवी करना चाहते हैं तो सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय और अदालत में संपर्क कर सकते हैं। एक तरफ इस नोटिस को पढ़कर परिजन सो भी नहीं पा रहे हैं, वहीं एक तरफ उन्हें बेटे की जान की फिक्र खाए जा रही है।

सऊदी अरब के जेद्दा में मेरठ के जैद (26) को मादक पदार्थों की तस्करी के जुर्म में सजा ए मौत की सजा सुनाई गई है। वह साल 2022 में मुंडाली क्षेत्र के रछौती गांव से कार चलाने के लिए गया था। 15 जनवरी 2023 से वह वहां जेल में बंद है।

**अविवाहित है जैद, कार चलाने के लिए गया था सऊदी**

जैद के परिवार से जुड़े गुलजार ने बताया कि जैद छह भाई-बहन हैं। जैद दूसरे नंबर का है। उसका विवाह नहीं हुआ है। वह ड्राइवर है। पिछले साल जनवरी में उसे वहां पकड़ा गया। सूचना मिली कि उससे वहां मादक पदार्थ बरामद हुए हैं। तब से उस पर केस चल रहा था। सोमवार रात मुंडाली थाने की पुलिस घर जैद के घर आई थी और नोटिस दिया। परिवार को 15 जनवरी 2025 तक का समय दिया है कि वह इस मामले में पैरवी कर सकते हैं। गुलजार ने बताया कि इनका अच्छा परिवार है।

**पुलिस ने घर पर चस्पा किया नोटिस**

जैद के पिता जुबेर खेतीबाड़ी करते हैं और उसका एक और भाई भी सऊदी में ही नौकरी करता है। जब से उनके परिवार को मौत की सजा की जानकारी मिली है, वे बेहद परेशान हैं। इस मामले में कैसे पैरवी कर सकते हैं। इस पर मंथन कर रहे हैं। यह मामला अभी सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय से अनुमोदन की प्रक्रिया में है। वहीं, इस संबंध में एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का कहना है कि मुंडाली थाने की पुलिस ने जैद के घर पर नोटिस चस्पा कर दिया है।

# लोकप्रिय अस्पताल किठौर में निःशुल्क परामर्श कैम्प का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** लोकप्रिय अस्पताल किठौर में दस विभिन्न सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया गया। कैम्प का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री सलमान (पति निदा, चेयरमैन किठौर) व लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविन्द्र द्वारा शॉल भेट कर एवं रिबन काट कर किया गया। कैम्प में 368 मरीजो ने अपने रोग अनुसार डाक्टरो को दिखाकर ईलाज का लाभ उठाया। कैम्प में गैस्ट्रो सृजन डॉ. रोहित प्रसाद भट्ट, गैस्ट्रोन्टोलोजिस्ट डॉ. बोबी मित्रोलिया, यूरोलोजिस्ट डॉ. सौरभ आर्य, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रिदधी वर्धन एवं डॉ. अपूर गर्ग मोहन, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुष जैन, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिओम त्यागी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जीनू प्रिया, फिजिशियन डॉ. सुनील कौशिक, ई0एन0टी0 विशेषज्ञ डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित, डॉ. शालिनी एवं डॉ. आदर्श द्वारा निशुल्क परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त हड्डियों में कैल्शियम की जांच भी निशुल्क की गई तथा दवाइयों को भी निशुल्क वितरित किया गया। कैम्प के दौरान सभी जाँचो पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी गई, इसके अतिरिक्त मरीजों को अन्य सभी प्रकार के इलाज पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई।





मुख्य अतिथि समाजसेवी सलमान ने कहा कि बदलते मौसम में निशुल्क कैंप से जरूरतमंद मरीजों को अवश्य लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। उन्होंने लोकप्रिय अस्पताल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विश्वस्तरीय चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने पर हर्ष प्रकट किया। लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ.रोहित रविन्द्र ने कहा कि लोकप्रिय अस्पताल का उद्देश्य है, कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की जनता को आधुनिक चिकित्सीय सुविधा से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने बताया कि इस कैम्प से गरीब व बेसहारा लोगों को बहुत फायदा पहुँचा है। कैम्प में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. परमजीत रावत, मैनेजर दिनेश शर्मा, मैनेजर जावेद खान, समीर, एडमीन ऑफिसर अशोक मान, डॉ॰ मनीष आदि का सहयोग रहा।

# सुभारती फाइन आर्ट्स कॉलेज में हुआ फ्रेशर फ्रेग्रेंस 2024 का भव्य आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**










**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती फाइन आर्ट्स और फैशन डिजाइन कॉलेज के सीनियर बैच ने कॉलेज परिसर में स्थित पं. रविशंकर संगीत सभागार में "फ्रेशर फ्रैग्रेंस 2024" फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। जिसमें नए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल और सीईओ डॉ. शल्या राज ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर कार्यक्रम की सफलता के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन समारोह से हुई, जिसमें प्राचार्या डॉ. पिंटू मिश्रा, मुख्य अतिथि सीटीओ विवेक तिवारी तथा प्रोफेसर डॉ. भावना ग्रोवर, डॉ. विधि खंडेलवाल, डॉ. सोनल भारद्वाज, डॉ. अंशु श्रीवास्तव, और लकी त्यागी ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कॉलेज के वरिष्ठ सदस्यों ने छात्रों को प्रेरणादायक शब्दों से संबोधित किया। प्रोफेसर डॉ. पिंटू मिश्रा ने सभी छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और फ्रेशर्स को अपने सीनियर्स से सीखने और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।डिस्को थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में छात्रों ने हॉल को गुब्बारों और चमकते सितारों से सजाया। कार्यक्रम का संचालन बी.डिजाइन की छात्रा सुश्री मुस्कान सिंह और बी.एससी इंटीरियर डिजाइन की छात्रा सुश्री खुशी ने किया। डॉ. विधि खंडेलवाल ने फ्रेशर्स का स्वागत करते हुए सीनियर्स के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों की मेहनत की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को टीम वर्क को बढ़ावा देने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में नृत्य और गायन जैसी कई शानदार प्रस्तुतियां शामिल थीं। प्रतिभागियों के प्रदर्शन को देखते हुए, जजों ने बैचलर प्रोग्राम में श्री आकाश चौधरी और मास्टर प्रोग्राम में श्री दिपुल को मिस्टर फ्रेशर चुना, जबकि बैचलर प्रोग्राम में सुश्री ईशा राव और मास्टर प्रोग्राम में सुश्री पीहू को मिस फ्रेशर चुना। सभी छात्रों ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और कई छात्रों ने सेल्फी बूथ पर विभिन्न पोज में मजेदार पलों को कैद भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### देर रात जिले के तीन थानेदारों का ट्रांसफर, कप्तान ने दिए आदेश

**मेरठ (आरएनएस)।** देर रात एसएसपी विपिन ताडा ने जिले के तीन थानों में फेरबदल करते हुए थानेदारों का ट्रांसफर किया है। सूत्रों के मुताबिक जल्द ही जिले के अन्य थानों में भी फेरबदल देखने को मिल सकती है। एसएसपी विपिन ताडा ने देहली गेट थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह को कंकरखेड़ा थाने का इंस्पेक्टर नियुक्त किया है। वहीं, क्राइम ब्रांच में तैनात रमेश चंद्र शर्मा को देहली गेट थाने में इंस्पेक्टर के पद पर भेजा गया है। सरधना थाने में एसएसआई के पद पर देना कविश कुमार को लालकुर्ती थाने में इंस्पेक्टर का चार्ज दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक जल्द ही जिले के अन्य थानों में भी कप्तान द्वारा फेरबदल की जा सकती है। जिसके चलते थानेदारों में खलबली मची हुई है।



### आज नागरिक सुरक्षा विभागीय ध्वजोउत्तोलन कार्यक्रम

**मेरठ (आरएनएस)।** उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मेरठ रविन्द्र प्रताप ने बताया कि नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 06 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10.00 बजे टाउनहाल प्रांगण घंटाघर मेरठ में नागरिक सुरक्षा विभागीय ध्वजोउत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मेरठ होंगे।

### 11 दिसम्बर को आयुक्त सभागार में होगी मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक

**मेरठ (आरएनएस)** । उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयुक्त सभागार में दोपहर 12.00 बजे आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। जिसमें गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, उद्यमियो/औद्योगिक संगठनो से संबंधित समस्याओ पर विचार एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी।

### घर से 'फरार' हुआ चार साल का 'मिट्ठू', ढूंढने वाले को मिलेगा 10 हजार का इनाम

**मेरठ (आरएनएस)।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला का चार साल का पालतू तोता तीन दिन पहले मौका मिलते ही घर से 'फरार' हो गया। अपने पैट से अटूट प्रेम करने वाली महिला ने तोते के पोस्टर शहर में चस्पा करते हुए ढूंढने वाले को 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। शहर की सड़कों पर लगे यह पोस्टर चर्चा का विषय बने हुए हैं। प्रभात नगर के रहने वाले मोहन सिंह बिजनेसमैन हैं। वहीं, उनकी पत्नी आकांक्षा हाउसवाइफ हैं। आकांक्षा ने बताया कि लगभग चार साल पहले वह दो महीने के तोते मिट्ठू को घर लाई थीं। बेहद लाढ़ प्यार से मिट्ठू को पाला गया। आलम यह था कि मिट्ठू को कभी पिंजरे में बंद नहीं किया गया और वह घर में खुला घूमता था। आकांक्षा ने बताया कि सोमवार की सुबह लगभग 10:00 बजे वह घर के स्टोर में सफाई कर रही थीं। इसी बीच वहां रखी एक सीढ़ी अचानक गिर गई। सीढ़ी गिरने की आवाज सुनकर मिट्ठू डर गया और घर से उड़ गया। मिट्ठू के घर से गायब होने के बाद आकांक्षा और उनके परिवार में उसकी खोज में आसपास का इलाका खंगाल डाला, मगर कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद आकांक्षा ने आसपास के इलाके में मिट्ठू के पोस्टर लगाते हुए उसे खोजने वाले को 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। शहर की सड़कों पर लगे यह पोस्टर चर्चा का विषय बने हुए हैं।




# ऑटोमोबाइल कंपनी के मैनेजर के घर लाखों की चोरी

**मेरठ (आरएनएस)।** देर रात परतापुर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने ऑटोमोबाइल कंपनी के मैनेजर के घर का कुंडा काटकर लाखों का कैश और ज्वैलरी चोरी कर ली। घटना के समय गृहस्वामी परिवार सहित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। ब्रहस्पतिवार की सुबह वापस लौटने पर पीड़ित ने पुलिस को चोरी की तहरीर दी है। रिठानी निवासी अशोक सैनी पुत्र रामदास ने बताया कि वह मेवला फ्लाईओवर के पास स्थित एक ऑटोमोबाइल कंपनी के शोरूम में पार्ट्स मैनेजर हैं। अशोक के मुताबिक बुधवार की शाम को वह अपने परिवार सहित अपने साले की शादी में शामिल होने के लिए फाजलपुर गए थे।

ब्रहस्पतिवार की सुबह अशोक का परिवार वापस लौटा तो घर के मेन गेट का कुंडा टूटा हुआ था। जिसके बाद अशोक ने भीतर जाकर देखा तो बदमाशों ने फर्स्ट फ्लोर पर रखी सेफ का दरवाजा काटकर उसे बुरी तरह खंगाला था। पीड़ित द्वारा घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने अशोक से पूछताछ की। अशोक ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बदमाश सेफ में रखी चार लाख 80 हजार की नकदी और लगभग आठ लाख की सोने-चांदी की ज्वैलरी पर हाथ साफ कर गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सड़कों पर बर्दाश्त नहीं होगी गुंडई: कलानिधि नैथानी

**मेरठ (आरएनएस)।** रेंज में डीआईजी का पद संभालते ही आईपीएस अफसर कलानिधि नैथानी ने रंगबाजों और हुड़दंगियों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क पर गुंडई करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

मेरठ रेंज के डीआईजी का पदभार संभालने के बाद ब्रहस्पतिवार को नवागत डीआईजी रेंज कलानिधि नैथानी ने कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे के साथ जिले के संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा। इसके बाद पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता करते हुए अपनी नीतियों को स्पष्ट किया।

पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी विपिन ताडा भी मौजूद रहे। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि मेरठ रेंज जातिय और सांप्रदायिक घटनाओं को लेकर अति संवेदनशील है। जिसके चलते आज सुबह जिले के सभी सर्किल ऑफिसर और थानेदारों के साथ बैठक की गई है। जिसमें चौकी इंचार्जों को अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभाने के निर्देश दिए गए हैं। चौकी इंचार्जों को बताया गया है कि वह किसी भी घटना की सूचना आने पर उसे गंभीरता से लें और तत्काल आला अधिकारियों को सूचित करें। डीआईजी ने बताया कि चौकी इंचार्जों को अधिकारियों से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए जल्द से जल्द सीयूजी नंबर भी इश्यू किये जाएंगे।



उन्होंने कहा कि शराब के ठेके समय से बंद हों, इस पर विशेष नजर रखी जाएगी। लूट, छेड़खानी और स्नैचिंग करने वालों सहित सड़क पर गुंडई करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में थानेदारों को जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साइबर क्राइम और इंटरनेट क्राइम से निपटने के लिए और बेहतर इंतजाम किए जाएंगे।

सभी थानेदारों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी घटना की रिपोर्ट तत्काल दर्ज करें। जिससे पीड़ित को अधिकारियों की चौखट पर चक्कर न काटने पड़ें। वाहन चोरी के मामलों में बदमाशों के गैंग की संपत्ति जब्तिकरण से लेकर अन्य कार्यवाही भी की जाएगी।

**जानकारी** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सशस्त्र सेना अण्डा दिवस मनाये जाने हेतु एक सेल्फी स्टैण्ड कार्यालय में लगाया जायेगा

# 07 दिसम्बर को मनाया जायेगा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस-जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी

**मेरठ (आरएनएस)।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी मेरठ कैप्टन (आई0एन) राकेश शुक्ला (अ0प्रा0) ने बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष 07 दिसम्बर 2024 का दिन सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के रूप में मनाया जायेगा। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सशस्त्र सेना अण्डा दिवस मनाये जाने हेतु एक सेल्फी स्टैण्ड कार्यालय में लगाया जायेगा। इस हेतु जनपद मेरठ के नागरिकों से अनुरोध है कि कृपया सभी सेल्फी स्टैण्ड पर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करें ताकि इस शुभ अवसर पर मेरठ का नाम सबसे आगे रहें। उन्होने बताया कि जैसा कि आप सभी को विदित है कि इस मद में एकत्र किया गया धन हमारी सशस्त्र सेनाओं में सेवारत, पूर्व सैनिकों एवं दिवगत शैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की सहायता व कल्याण कार्यों हेतु उपयोग में लाया जाता है। हमारी सेनाएं संसार की सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। हमारी सेनाओं का अदम्य साहस विश्व में उदाहरणीय है। जिस कारण हम सभी देशवासी निश्चिन्त होकर जीवन यापन कर रहें है। अतः हम देशवासियों का भी कर्तव्य हो जाता है कि सैनिकों व उनके परिवारों की सहायता के लिए हर सम्भव प्रयास करें और उन्हें तनिक भी एहसास न होने दें कि हम उनके प्रति उदासीन है।

उन्होने बताया कि जनपद-मेरठ द्वारा गत वर्ष में सबसे अधिक दान दिया, जिस हेतु जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, मेरठ को एक रोलिंग ट्राफी भी प्रदान की गई है क्योंकि मेरठ एक प्रतिष्ठित जिला है और इस वर्ष भी हमारी पूरी कोशिश है कि इस बार भी जनपद मेरठ दान देने में अव्वल रहे।

जिले के हर युवा पीढी से अनुरोध है कि इस कार्य हेतु अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस एक ऐसा शुभ अवसर है जब हम अपने छोटे से योगदान से अपने प्रिय वीर सैनिकों व उनके परिवारों के प्रति आभार प्रकट कर सम्मान प्रदर्शित कर सकते है। उन्होने जनपद के सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी विभागों, संस्थाओं तथा समस्त नागरिकों से अनुरोध किया है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर अधिक से अधिक दान देकर योगदान प्रदान करें। उन्होने बताया कि एकत्रित धनराशि चैक अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा कार्यालय जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास (सैनिक भवन) मेरठ में जमा कराई जायेगी। जनपद मेरठ के नागरिकों से अनुरोध है कि यह सशस्त्र सेना झण्डा दिवस-2024 हेतु दान क्यू आर कोड के माध्यम से भी दे सकतें है।

## योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु किया जा रहा स्वावलंबन कैम्प का आयोजन

**मेरठ (आरएनएस)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु स्वावलंबन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना/निराश्रित महिला पेंशन योजना/स्पॉन्सरशिप योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों के आवेदन कराये जायेगें। उन्होने बताया कि दिनांक 06 दिसम्बर 2024 को ब्लॉक रजपुरा व माछरा, दिनांक 07 दिसम्बर 2024 को तहसील मवाना व ब्लॉक मवाना, 09 दिसम्बर 2024 को ब्लाक मेरठ व जानीखुर्द, दिनांक 10 दिसम्बर 2024 को ब्लाक रोहटा व सरधना, दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को ब्लॉक सरूरपुरखुर्द व दौराला, दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को ब्लॉक हस्तिनापुर व परीक्षितगढ़, दिनांक 13 दिसम्बर 2024 तहसील-सरधना व तहसील-मेरठ, तथा दिनांक 16 दिसम्बर 2024 को ब्लॉक खरखौदा में कैम्प लगाया जायेगा।

# कैथल में हुआ उत्तरप्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चन्दौसी।** उत्तरप्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव कैथल में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा खंड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गर्या प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल एवं भारोत्तोलन प्रतियोगिता आयोजित की गई। सब जूनियर पुरुष वर्ग कबड्डी में सैदपुर, भारोत्तोलन में 55 किलोग्राम भार वर्ग में बासु चौधरी, 61 किलोग्राम भार वर्ग में निहाल सागर, फुटबॉल में सब जूनियर महिला वर्ग कबड्डी में बनिया खेड़ा, जूनियर पुरुष वर्ग में कबड्डी में बजरंगी टीम, भारोत्तोलन 61 किलोग्राम भाग वर्ग में प्रवीण, 67 किलोग्राम भार वर्ग में अक्षय कुमार, 73 किलोग्राम भार वर्ग में लव चौधरी, वॉलीबॉल में देवरा खेड़ा, सीनियर पुरुष वर्ग में कबड्डी एस.के कबड्डी टीम देवर खेड़ा, भारोत्तोलन 55 किलोग्राम भार वर्ग में पिंटू कुमार, 67 किलोग्राम भार वर्ग में रिंकू शर्मा, 73 किलोग्राम भार वर्ग में शिव कुमार, 81 किलोग्राम भारवर्ग में अभिषेक सिंह, वॉलीबॉल में बनिया खेड़ा की टीम, सीनियर महिला वर्ग कबड्डी में बुद्धनगर खंडवा आदि सभी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण में जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कपूर, ओलंपिक खेल संघ सचिव आशु शर्मा, मण्डल वरिष्ठ उपाध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ डॉ. गौरव मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बनियाखेड़ा विनीत सिद्धू ने ग्राउंड में उपस्थित सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त सभी खिलाड़ी जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे जहां से उन्हें जोन व प्रदेश स्तर के लिए चयनित किया जाएगा। यह खेल प्रतियोगिताएं ग्रामीण स्तर में रहने वाले प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने लिए के लिए आयोजित किए जाते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता में अशोक पाठक, अभिषेक दीक्षित, घमंडी यादव, राजेंद्र शर्मा, मीनाक्षी, गरिमा शर्मा, अभिषेक सिंह, सत्य प्रकाश, ग्राम प्रधान सैदपुर सूरज तोमर आदि का विशेष सहयोग रहा।

# अवैध अतिक्रमण पर जमकर चला बुल्डोजर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चन्दौसी।** नगरपालिका द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाया जा रहा है। नगरपालिका की टीम पीएसी जवानों व बुल्डोजर के साथ विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण हटा रही है। एक दिन पूर्व जहां फुब्बारा चौक से मुरादाबाद गेट की ओर नगरपालिका के द्वारा अपनी दुकानों को ध्वस्त किया गया तो वहीं गुरुवार को संभल गेट में नाले पर से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। अधिशासी अधिकारी के0के0 सोनकर के निर्देशन में बुल्डोजर द्वारा बीएमजी इंटर कॉलेज के पास नाले का रास्ता साफ किया गया। इधर अतिक्रमण हटने से सड़के मूलरुप में दिखाई दे रही है कि वास्तव में नगर में इतनी चौड़ी सड़क भी हैं। हालांकि कुछ लोगों द्वारा स्वयं अपना अतिक्रमण हटाया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के दौरान अधिशासी अधिकारी के0के0 सोनकर, आशीष शर्मा, प्रमोद वाल्मीकि, प्रभाकर गुप्ता, अवनेश कुमार, राजू, जेई अनुज कुमार, प्रियंका सिंह व पीएससी के जवान मौजूद रहे।

# विकास खंड अंबियापुर, बिल्सी में 112 जोड़ो का सामूहिक विवाह संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बिल्सी/बदायू।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत कुल 112 जोड़ों का विवाह विकासखंड मुख्यालय अंबियापुर में सम्मिलित विकासखंड अंबियापुर, दहगवा, इस्लामनगर, उझानी तथा नगर पालिका परिषद बिल्सी,उझानी,सहसवान तथा नगर पंचायत इस्लामनगर के जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

मुख्य अतिथि बिल्सी विधायक हरीश शाक्य द्वारा उपस्थित नवयुगलों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना दहेज रहित विवाह करने का एक अनूठा प्रयास है। सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से गरीब माता-पिता को सम्मान दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता है। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अंबियापुर रेखा देवी भारती, ब्लॉक प्रमुख इस्लामनगर गजेंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख उझानी शिशुपाल शाक्य की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन महाराज सिंह समाज कल्याण द्वारा किया गया।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपराध निरीक्षक को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपराध निरीक्षक को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। वहीं बैठक में नोएडा में चल रहे आंदोलन में शामिल भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के सभी पदाधिकारी, सभी जिलाध्यक्षों एवं भारी संख्या में किसानों को बृहस्पतिवार में पूर्वान्ह 11 बजे नोएडा किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ होने का भरोसा दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि जाने का समय निश्चित किया गया था, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने उन्हें उनके चौ. चरण सिंह नगर स्थित आवास, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह को किसान भवन दरियापुर, मुख्य सचिव अरुण सिद्ध को उनके निवास सिद्ध कांपलेक्स एवं मयंक चौधरी के निवास पर नजर बंद कर दिया गया।

कहा कि किसानों के साथ अत्याचार को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा किसान अपनी मांगों को लेकर किसी भी हद तक जा सकते हैं। इस अवसर पर चंद्रपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, मयंक चौधरी रवि चौधरी, जगपाल सिंह, जगदेव सिंह, चौधरी चरण सिंह, सीमा चौधरी, देवेंद्र सिंह, अजब सिंह, दीपक चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिल सवार ने वेज बिरियानी के ठेले में मारी टक्कर ठेला धराशाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**संभल/बहजोई ( दिनेश सक्सेना )।** शहर के मुख्य चोराहे पर मोटरसाइकिल सवार ने एक वेज बिरयानी को टक्कर मार दी जिससे ठेला सड़क पर पलट गया और उसका सारा समान सड़क पर विखर गया गया, जिससे ठेले बाले का काफी नुकसान हो गया। मौके का फायदा उठाकर कर मोटरसाइकिल सवार फरार हो गया ठेले वाला व अन्य व्यक्ति देखते रह गये।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत 149 जोड़ों का विवाह संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बदायूँ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत मदनलाल इंटर कॉलेज बिसौली बदायूं में कुल 149 जोड़ों का विवाह/निकाह संपन्न कराया गया, जिसमें 22 विवाह हिंदू रीति रिवाज से, 113 बौद्ध रीति रिवाज से तथा 14 मुस्लिम रीति रिवाज से विवाह/निकाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री जनपद बदायूं राज्य मंत्री माध्यमिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार गुलाब देवी ने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक अनूठी योजना है इसमें दहेज रहित विवाह कराकर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया जाता है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं जिले के आला अधिकारी उपस्थित होकर इसकी सार्थकता को और बढ़ते है। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना के माध्यम से समाज में यह संदेश दिया जाता है कि बिना अपव्यय के भी सम्मानजनक तरीके से दहेज रहित विवाह संपन्न कराया जा सकता है। जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दुर्गेश वार्ष्णेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अतिरिक्त सरकार द्वारा अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन महाराज सिंह समाज कल्याण बदायूं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उप जिला अधिकारी बिसौली राशि कृष्णा, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शारदेंदु पाठक, ब्लॉक प्रमुख आसफपुर ओम कृष्ण, निवर्तमान ब्लाक प्रमुख अमित पाठक आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में, वादों का किया जाए निस्तारण: कमलेश कच्छल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**संभल/बहजोई ( दिनेश सक्सेना )।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में मश जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल कमलेश कच्छल के निर्देशन में आज जनपद न्यायालय संभल में दिनांक 14दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों के निस्तारण के संबंध में तहसीलदार चंदौसी, संभल तथा गुन्नौर, जिला सूचना अधिकारी संभल व समस्त थानाध्यक्ष जनपद संभल के साथ बैठक प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनोज कुमार यादव के विश्राम कक्ष में आहूत की गयी।

उक्त बैठक में तहसीलदार चंदौसी धीरेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार संभल श्री रवि सोनकर, तहसीलदार गुन्नौर सारा अशरफ व जिला सूचना अधिकारी संभल बृजेश कुमार, एस.एच.ओ. चन्दौसी श्रीमती रेनू सिंह, एस.एच.ओ. महिला थाना बहजोई पूनम राठी, एस.एच.ओ. बहजोई विनोद मिश्रा, एस.एच.ओ. बनियाठेर मोहित, एस.ओ. जी.आर.पी. मंजीत तोमर आदि उपस्थित रहे। उक्त बैठक में समस्त अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया कि दिनांक 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण किया जाए। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनोज कुमार यादव द्वारा दी गयी।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत उद्यमियों को एक करोड़ तक ऋण की व्यवस्था

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई ( दिनेश सक्सेना )।** उ०प्र० खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अन्तगर्त कम से कम 03 वर्ष पूर्व में स्थापित इकाईयों जिनके द्वारा वर्तमान में उत्कृष्ट कार्य जनपद में किया जा रहा है उन उद्यमीयों इकाईयों को इस योजना के अन्तर्गत द्वितीय ऋण दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। जिसके अन्तर्गत कोई भी उद्यमी अपनी इकाई को अपग्रेड कर सकता है। जिसके लिए विनिर्माण क्षेत्र में उद्यमी एक करोड़ एवं सेवा क्षेत्र में 25 लाख तक का द्वितीय ऋण बैंको के माध्यम से दिलाये जाने का प्रविधान है। उद्यम की स्थापना हेतु 15 प्रतिशत का अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की गयी है।ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम की स्थापना हेतु यह योजना काफी सार्थक एवं लाभप्रद है। इस योजना के अर्न्तगत अपना आवेदन पत्र ऑनलाईन करा सकते है। योजनान्तर्गत अनुदान मिलने की व्यवस्था भी ऑन लाईन होने के कारण यह योजना पूरी तरह पारदर्शी है। आवेदक,उद्यमी ऑनलाईन पोर्टल पर एजेन्सी का चयन करते हुये एक सप्ताह के अन्दर अपना आवेदन कर सकते है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार सृजन कराया जा सके। परियोजना के लिये न्यूनतम 8वीं पास होना अनिवार्य है।

ऑन लाइन आवेदन हेतु अनिवार्य दस्तावेज प्रथम ऋण का स्वीकृति पत्र, तीन वर्ष की आई०टी०आर० एवं वेलेन्स सीट,उद्यम आधार, प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि।

# बरेली में सरकारी ट्रॉमा सेंटर बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सीएम योगी को लिखी चिट्ठी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली ।** सरकारी ट्रामा सेंटर बनाए जाने की मांग तेज हो गई है। इस सिलसिले में जनप्रतिनिधियों ने सीएम योगी को पत्र लिखे हैं।

बरेली में दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को रेफर के सफर से निजात दिलाने के लिए अब जनप्रतिनिधि भी आगे आए हैं। घायलों को जिले में ही बेहतर इलाज मिले, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर ट्रॉमा सेंटर की मांग उठाई है।

तीन सौ बेड अस्पताल समेत जिला अस्पताल के ट्रॉमा विंग में जरूरी संसाधन मुहैया कराने के लिए कहा है। पुलिस विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अक्तूबर तक 974 गंभीर हादसों में 406 लोग जान गंवा चुके हैं। मृतकों में कई ऐसे रहे, जिन्हें तत्काल बेहतर इलाज नहीं मिल सका। अस्पताल पहुंचने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया।

अब जनप्रतिनिधि भी इस मुहिम से जुड़ गए हैं। बुधवार को उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र भेजकर ट्रॉमा सेंटर संचालित किए जाने की मांग की है।

**घायलों को लखनऊ ले जाने में लगता है काफी वक्त**

बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के मुताबिक घायलों को लखनऊ या अलीगढ़ ले जाने में काफी वक्त बर्बाद होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में जिला अस्पताल से रेफर घायलों को निजी अस्पताल में निशुल्क इलाज की सुविधा मुहैया कराने की पैरवी की है।

इसके बिल का भुगतान शासन से हो।

तीन सौ बेड अस्पताल को बनाएं ट्रॉमा सेंटर आंवला सांसद नीरज मौर्य ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा है कि बीते दिनों उन्होंने तीन सौ बेड अस्पताल का जायजा लिया था। करीब 70 करोड़ की लागत से अस्पताल बना और करीब 25 करोड़ के उपकरण लगे हैं। दोनों ही धूल फांक रहे हैं। उन्होंने अस्पताल में जरूरी मानव संसाधन उपलब्ध कराकर ट्रॉमा सेंटर के तौर पर संचालन कराने की मांग की है।

**मानव संसाधन उपलब्ध कराकर संचालित कराएं सेंटर**

नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य ने बताया कि बरेली मेडिकल हब है, लेकिन सरकारी ट्रॉमा सेंटर न होने से घायलों को भटकना पड़ता है। 300 बेड अस्पताल में उपकरण हैं। मॉड्यूलर ओटी बन जाए तो ट्रॉमा सेंटर संचालित किया जा सकता है। जिला अस्पताल के पुराने परिसर में निर्मित ट्रॉमा विंग में मानव संसाधन उपलब्ध कराने की मांग भी की है।

**फरीदपुर की पुरानी सीएचसी को ट्रॉमा सेंटर बनाने की मांग**

फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में तीन सौ बेड अस्पताल में या फिर फरीदपुर के पुराने सीएचसी भवन में ट्रॉमा सेंटर संचालन की मांग की है। कहा है कि फरीदपुर सीएचसी हाईवे पर है। बीते दिनों यहां आसपास गंभीर दुर्घटनाएं भी हुईं। अगर ट्रॉमा सेंटर होता तो लोगों की जान का जोखिम कम होता।

# मस्जिदों पर फर्जी याचिका डालने पर पीस पार्टी ने दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बदायूं।** पीस पार्टी के जिलाअध्यक्ष सलीम खान कादरी के नेतृत्व में पीस पार्टी कार्यकताओं ने जिलाअधिकारी कार्यालय पहुंचकर संभल जामा मस्जिद, ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर और जनपद बदायू की जामा मस्जिद पर फर्जी मुकदमा डालने के विरोध में एक ज्ञापन दिया उन्होंने कहा कि संभल में हुए दंगे की निंदा करते हैं।

संभल दंगे की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए क्योंकि वहां 5 नौजवानों को पुलिस ने सीधे गोली चलाकर उनकी हत्या कर दी। संभल जामा मस्जिद के सर्वे में एक दिन में दूसरे पक्ष को सुने बिना सर्वे की इजाजत देना असंवैधानिक है। सुबह जो टीम सर्वे को गई थी उसमें आरएसएस और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में नारे लगाकर दूसरे समुदाय के लोगों को भड़काकर दंगा कराया। इससे सिर्फ नफरत फैला कर राजनीतिक लाभ हो सकता है। जनपद की जामा मस्जिद पर भी फर्जी मुकदमा डाला गया है। जो लोग देश के संविधान को नहीं मान रहे उन पर तुरंत कारवाई होना चाहिए। इस मौके पर जफर उद्दीन,अजहर हुसैन,एडवोकेट फहीम खान, जाहिद खान व मोहम्मदअकील अंसारी आदि मौजूद रहे।

**जानकारी** साथ ही महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया

# मिशन शक्ति के तहत इंस्पेक्टर ने छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-05) के तहत सम्भल पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को कार्यक्रम कर विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में राजेश कुमार पब्लिक स्कूल स्थित सैमरटोला चन्दौसी में इंस्पेक्टर रेनू सिंह द्वारा छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। सर्वप्रथम कॉलेज की छात्राओं वर्तिका, दिव्या, प्राची, अदिति द्वारा इंस्पेक्टर रेनू सिंह को फूलों का बूका देकर स्वागत किया गया। वहीं प्रबंधक एस0के0 सक्सैना द्वारा इंस्पेक्टर को भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की गई।

इंस्पेक्टर रेनू सिंह द्वारा छात्राओं को ह्यगुड टच व बैड टचह्य के बारें में बताया तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर हेल्पलाइन नंबरों 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन की जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने थाने में संचालित महिला हेल्प डेस्क के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्रा के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो वह तुरंत अपने विद्यालय या माता-पिता को बताये जिससे समय पर कार्यवाही की जा सके। किसी भी छात्रा को डरने की जरुरत नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें पढ़ाई के साथ-साथ अपने परिवार के कार्यों में भी हाथ बंटाना चाहिए। वहीं उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य से बच्चों का कोतवाली में भ्रमण कराने के लिये कहा। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक एस.के. सक्सैना, प्रधानाचार्य राजेश कुमार, अल्का, श्वेता गर्ग, वर्षा गर्ग, प्रियंका गुप्ता, रजनी वार्ष्णेय, अनमोल, सलोनी, ज्योति, प्रवीन कुमार व सुनील कुमार गुप्ता, उदित आदि मौजूद रहे।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, परिजन बोले-कर्ज के चलते था परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बदायूं ।** थाना बिनावर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। उस पर ढाई लाख रुपये का कर्ज था। कर्ज देने वाले उससे तगादा कर रहे थे, जिससे वह परेशान था।

बदायूं के थाना बिनावर क्षेत्र में अपनी ससुराल में रह रहे युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह बुधवार को पत्नी से अपने गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था। बृहस्पतिवार को उसका शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूलरूप से थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर निवासी भूरे (24) पुत्र अशफाक की शादी पांच साल पहले थाना बिनावर क्षेत्र के गांव घटपुरी से हुई थी। बताया जाता है कि एक साल पहले से भूरे अपनी ससुराल में ही रहने लगा। यहां पर उसने मकान भी बना लिया था। भूरे की एक साल बेटी है।

**ढाई लाख रुपये का लिया था कर्ज**

परिजन ने बताया कि भूरे ने पिछले दिनों कुछ लोगों से ढाई लाख रुपये का कर्ज ले लिया था। कर्ज देने वाले लोग उसे लगातार परेशान कर रहे थे। युवक आए दिन हो रहे तगादों से परेशान हो गया। बुधवार को सुबह भूरे पत्नी नूरवीर से अपने गांव प्रहलादपुर जाने की बात कहकर चला गया।

बृहस्पतिवार की सुबह गांव घटपुरी और मियागंज के बीच पेड़ पर फंदे से उसका शव लोगों ने देखा तो भीड़ जमा हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की शिनाख्त होने के बाद परिजनों को बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

# संभल हिंसा की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** भीम आर्मी चीफ सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण के निर्देशानुसार राजधानी लखनऊ में संभल में हुई हिंसा के विरोध में व पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम लखनऊ जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन दिया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी डॉक्टर आर के आदर्श के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओ एवं, पदाधिकारि यों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर , शांतिपूर्ण धरना एवं प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में संभल में हुई हिंसा की उच्च




स्तरीय जांच करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सरकार से मांग की गई है और चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो उनकी पार्टी इसके लिए आंदोलन करेगी, और संभल में हुई हिंसा पर कड़े शब्दों में सरकार को चेतावनी दी।

# एशिया के मेगा एक्सपो में एक बार फिर वर्ल्ड ऑफ सकरनी करेगा धमाकेदार प्रस्तुति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली प्रगति मैदान।** घर! यह शब्द सुनते ही आंखों में चमक और दिल में सुकून का एहसास होता है। पर सोचिए, अगर यह सिर्फ दीवारों और छत तक सिमट कर रह जाए तो? यही तो बदलने का बीड़ा उठाया है ह्यवर्ल्ड ऑफ सकरनी ने। सकरनी ब्रांड सिर्फ कंस्ट्रक्शन मटेरियल नहीं बनाता, बल्कि हर दिवार, हर टेक्सचर और हर फिनिशिंग में कहानियां बुनता है।

भारत के हर कोने में अपनी अद्भुत छाप छोड़ने के बाद, अब सकरनी ग्रुप तैयार है अपनी कला और तकनीक का प्रदर्शन करने के लिए एशिया के सबसे बड़े आर्किटेक्चर और बिल्डिंग मटेरियल शो, 'ACETECH एग्जीबिशन में। 12 से 15 दिसंबर तक, प्रगति मैदान, हॉल नं. अ2, स्टॉल नं अ2-4 पर, सकरनी ग्रुप आपको एक ऐसी दुनिया में ले जाएगा, जहां हर प्रोडक्ट्स केवल निर्माण का साधन नहीं, बल्कि एक कलाकार की रचना होगी।

आप यहाँ देखेंगे इटालियन माएस्ट्रो फिनिशेज का ऐसा करिश्मा, जो दीवारों को क्लासिक और मॉडर्न का परफेक्ट फ्यूजन बना देगा। वॉटरप्रूफिंग केमिकल्स हर मौसम के चैलेंजेस को मात देंगे, और हाई-बोर्ड टेक्सचर हर घर को वह अनोखा लुक देंगे, जो पड़ोसी सिर्फ देख कर तारीफ करेंगे। कॉन्क्रीट टेक्सचर की मजबूती और यह सब यहीं खत्म नहीं होता। आर्किटेक्चरल पेंट्स आपके घर की दीवारों को ऐसी जान भर देंगे कि वे केवल रंग नहीं, एक अहसास बन जाएंगे।

सकरनी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अशोक गुप्ता जी, ह्यवर्ल्ड ऑफ सकरनी के पीछे वह व्यक्ति हैं जिन्होंने घरों को सिर्फ ईंट



और सीमेंट से आगे जाकर एक अनुभव में बदलने का सपना देखा। उनकी शुरूआत साधारण थी- जय मां दुर्गा इंडस्ट्रीज से, लेकिन उनका विजन बिल्कुल भी साधारण नहीं था। उनका कहना है, "हमारा हर प्रोडक्ट सिर्फ एक प्रोडक्ट नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतीक है जो हमारे ग्राहक हम पर करते हैं।"

यह सिर्फ एक एक्सपो नहीं, बल्कि उन सपनों का उत्सव है, जो हर आर्किटेक्ट, बिल्डर और डिजाइनर अपने जहन में संजोता है। सैकड़ों स्टॉल होंगे, लेकिन सकरनी का स्टॉल वर्ल्ड ऑफ सकरनी ऐसा अनुभव देगा जो आपको रुकने, सोचने और प्रेरित होने पर मजबूर कर देगा। इस चार दिवसीय आयोजन में आइए, और जानिए कि कैसे ह्यवर्ल्ड ऑफ सकरनी घरों को सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि ऐसी जगह बनाता है जहां जिंदगी का हर पल खास बन जाता है।

# दुर्घटना पीड़ित का जीवन बचाना सबसे बड़ा मानव धर्म : आरटीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अयोध्या।** डीटीटीआई अयोध्या में आरटीओ प्रशासन अयोध्या ऋतु सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग के अधिकारियों एआरटीओं श्री प्रेम सिंह द्वारा व्यावसायिक वाहन के चालको, स्कूल वाहन चालकों एवं रोडवेज के चालकों आदि का वृहद प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण में दिये गये सुरक्षित ड्राइविंग के टिप्स**

कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 05.12.2024 को ड्राइविंग ट्रैक पर सभी चालकों से एक-एक कर वाहन चलवाकर प्रैक्टिकल डेमों चालन कराया गया। इसमें एच आकार की पार्किंग, ग्रेडियंट (चढ़ाई व ढलान), पैररल पार्किंग, 8 आकार में ड्राइविंग आदि ट्रैक प सेंशर कि सहायता से अधिकारियों की मौजूदगी में कराया गया एवं चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग का पाठ पढ़ाया गया। आरटीओ प्रशासन द्वारा बताया गया कि वाहन चलाने से पहले टायर में हवा, वाईपर, ब्रेक, कलच, बैक



लाइट, हेड लाइट, फाग लाइट, वाहन के प्रपत्र रूकी स्थिति में ही जाँचने के उपरान्त ही वाहन को सड़क पर लाना चाहिए। विद्यार्थियों को सड़क पर यहाँ-वहाँ चढाना-उतारना नहीं चाहिए। दुर्घटना की स्थिति में घायलों को प्राथमिक उपचार दें, आस-पास भीड न जमने दे एवं इमरजेन्सी सहायता को लिए काल करें। घायल की सहायता करने पर सरकार द्वारा गुड समैरिटन (नेक व्यक्ति) को पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाती है। एआरटीओ श्री प्रेम सिंह द्वारा वाहन की तकनीकि खामियों को पहचानने व वाहन की फिटनेस हेतु आवश्यक प्रक्रिया के बारे में बताया गया। टेस्ट के दौरान चालकों की कमियों को दूर करने के विस्तार से उपाय बताए गये और बताया गया कि तनाव में गाड़ी न चलाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोडवेज चालक, ट्रक चालक, समबीम स्कूल अयोध्या, उदया पब्लिक स्कूल अयोध्या, टैम्पो चालक आदि उपस्थित रहें, जिसमें आरटीओं ने यातायात संकेतों आदि के संबंध में प्रश्न भी पूछे व शंकाओं का समाधान किया। अयोध्या मण्डल, देवी-पाटन गोण्डा मण्डल व बस्ती मण्डल के सभी व्यावसायिक वाहन चालकों से अपील है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर सड़क सुरक्षा में अपना योगदान दें।

**(ऋतु सिंह)**
**सम्भागीय परिवहन अधिकारी**
**(प्रशासन), अयोध्या ।**

# विधानसभा प्रभारी मनीष शर्मा ने पार्टी के पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र. वितरित किए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर। (अशोक पाठक)** वीरवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक मोहल्ला गंज सादात में मोहम्मद नाजिम के निवास स्थान पर हुई। जिसमें नगर कमेटी के पद अधिकारियों को. विधानसभा प्रभारी मनीष शर्मा ने नियुक्ति पत्र बांटे और 2027 में पार्टी को विजय बनाने का संकल्प लिया। जिसमें पार्टी के निम्न कार्यकर्ता आस मोहम्मद गाजी नगर अध्यक्ष शिकारपुर डॉक्टर परवेज आलम मोहम्मद नाजिम मोहम्मद सलमान हसमत ठाकुर मजहिर हुसैन अंसारी दीन मोहम्मद संजीव शर्मा आस्किन कुरैशी



अरशद अंसारी सभासद मोहम्मद इमरान मोहम्मद इरफान मोहम्मद शाकिर आदि लोग मौजूद रहे। डॉक्टर परवेज आलम उपाध्यक्ष मोहम्मद नाजिम उपाध्यक्ष अरशद अंसारी उपाध्यक्ष कमल वाल्मीकि उपाध्यक्ष मोहम्मद सलमान नगर सचिव आस्किन कुरेशी नगर सचिव संजीव शर्मा महामंत्री इन सभी को बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला

# मुख्यमंत्री अपना डीएनए चेक करायें, मैं भी कराऊंगा: अखिलेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डीएनए की बात करने से समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बहुत खफा हैं। आज गुरुवार को अखिलेश यादव ने यहां कहा कि एक संत होने के नाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को डीएनए की बात नहीं करनी चाहिए । वह अपना डीएनए चेक करायें। मैं भी कराऊंगा।

समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां सांसद राजाराम पाल के बेटे की शादी में शामिल होने के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- मुझे नहीं पता कि वो कितना बायोलॉजी जानते हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वो बार-बार डीएनए जांच कराने की बात करते हैं।

इसलिए मैं भी ये बात कहना चाहता हूं कि

**समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां सांसद राजाराम पाल के बेटे की शादी में शामिल होने के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे**

मुख्यमंत्री भी अपना डीएनए चेक कराएं और मैं भी अपना डीएनए चेक कराऊंगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग खोखले हो गए हैं। वो खोखले नहीं होते तो जनता का समर्थन उन्हें मिलता। परिणाम जो भी आए, लेकिन हम लोग जानते हैं कि भाजपा हारी है। प्रशासन और पुलिस ने उन्हें जिताया है।

संभल हिंसा पर किए गए सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि संभल की घटना भी प्रशासन की देन है। पहले सर्वे में जिम्मेदार लोगों ने कोई रुकावट पैदा नहीं की। दोबारा सर्वे लगाने पर नारेबाजी की गई। ये भाजपा के लोगों ने कराया।

समाजवादी पार्टी द्वारा सीसामऊ विधानसभा सीट पर जीत हासिल करने के बाद पहली बार कानपुर आए पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्व सांसद राजा रामपाल के बेटे-बहू को आशीर्वाद देने के दौरान ही यहां सीसामऊ में जीत दर्ज करने वाली नसीम सोलंकी से भी मुलाकात की।

इसी बीच कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता भी पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने यह हालत देखकर अखिलेश यादव को जल्दी से बाहर निकाला।

# पॉल्यूशन ग्रप की आड़ में दिल्ली जल बोर्ड के लापरवाही, जनता पीने के पानी से परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** दिल्ली की जनता जहां पीने के स्वच्छ जल के लिए एक-एक बूंद को तरस रही है वही दिल्ली जल बोर्ड के लापरवाही के चलते और पॉल्यूशन की आड़ में लीकेज जल बोर्ड के पानी के पाइपलाइन की रिपेयरिंग में लापरवाही बढ़ती जा रही है जिसके वजह से पूर्वी दिल्ली जिले की पटपड़गंज क्षेत्र की जनता के सामने समस्याओं में और बढ़ोतरी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पूर्वी दिल्ली जिला के पटपड़गंज रोड पर राधू पैलेस के सामने और कूड़ा घर के पास पानी की मुख्य पाइपलाइन में लीकेज की वजह से सड़क पर प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। यह समस्या पिछले तीन महीनों से लगातार बनी हुई है। सड़क पर जलभराव हो जाता है और यातायात प्रभावित होती है। जलभराव होने से मच्छर भी पनपने लगे हैं। मुख्य पाइपलाइन से जुड़े ईस्ट व वेस्ट गुरु



अंगद नगर, नानकपुरा, मोहन पार्क व अन्य आसपास के इलाकों के घरों में कम दबाव के साथ पानी की आपूर्ति हो रही है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई दिन तो पानी नहीं आने पर पानी की बोतल खरीदकर लानी पड़ती है। इस संबंध में स्थानीय आरडब्ल्यूए व क्षेत्रवासियों ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और उपराज्यपाल से लिखित शिकायत की है, लेकिन समाधान नहीं हो सका है। यह रोड गणेश चौक से लेकर झील कुरंजा तक जाती है। राधू पैलेस के सामने पानी की मुख्य पाइपलाइन में लीकेज होने से रोजाना सड़क पर सैकड़ों लीटर पानी बह रहा है। कूड़ाघर के नजदीक तो कीचड़ ही जमा हो गई है।

यहां से गुजरने पर दुर्गंध आती है। जलभराव से यातायात प्रभावित होता है। लोगों का कहना है कि जहां एक ओर कुछ इलाकों में निवासी पानी की दूषित आपूर्ति से परेशान हैं, तो दूसरी ओर जल बोर्ड की लापरवाही के कारण यहां पर पानी की बबार्दी जारी है। क्षेत्र वासियों ने बताया कि जल बोर्ड के सहायक अभियंता को फोन पर कई बार समस्या की सूचना दी है। 22 नवंबर को उपराज्यपाल को भी पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया था। लगभग दो सप्ताह बीतने वाले हैं और पानी की बबार्दी जारी है। पवन मैनी, अध्यक्ष, वेस्ट गुरु अंगद नगर आरडब्ल्यूए सुबह और शाम को काफी मात्रा में पानी काफी बर्बाद होता है। जलभराव से मच्छर भी पनपने लगे हैं और यहां से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। जल बोर्ड को संज्ञान लेना चाहिए। अधिकारियों ने यह भी कहा कि पहले हमने लीकेज को मैनुअली ठीक करने का प्रयास किया था, लेकिन पाइपलाइन की गहराई काफी अधिक है, तो खोदाई के बाद ही उसका समाधान संभव हो सकेगा। यहां पीडब्ल्यूडी का नाला भी है, तो खोदाई के दौरान विभाग के कर्मचारी को मौके पर रहने के लिए भी सूचित कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल पॉल्यूशन को लेकर ग्रेप लागू है, जिसकी वजह से खोदाई के काम पर रोक है। ग्रेप हटते ही एक सप्ताह के अंदर खोदाई कराकर लीकेज को ठीक करा दिया जाएगा।

# नृत्य, गायन कला से गुलजार रही महोत्सव की शाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा और सूरज जैसवानी दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक

**भोजपुरी रैपर विनय किंग ने मंच पर बिखेरा जादू**

संध्या का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक संध्या में नृत्य, गायन कला से गुलजार रही महोत्सव की शाम। नव निर्माण परिवर्तन फाउंडेशन के द्वारा संचालित दिवाकर सांस्कृतिक कल्चर ग्रुप के बच्चों द्वारा प्रस्तुति में आयो रे आयो रे रंगीलो मारो ढोलना..... अनोखी शर्मा ने नृत्य कर दर्शकों को आकर्षित किया वहीं नैनो वाले ने.... प्रियांशी चौधरी




द्वारा नृत्य कर दर्शकों को झूमाया। सांस्कृतिक मंच के अगले सोपान में पल पल दिल के पास..... व जादू तेरी नजर..... मयंक दिवाकर ने गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। अगले क्रम में दिल कश्ती पर सवार चले आए..... प्रसून शाह ने गीत प्रस्तुत कर समां बांधा।

सांस्कृतिक संध्या में विनय किंग भोजपुरी रैपर ने दर्शकों के बीच जलवा बिखेरा। भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने विनय सिंह को लांच किया था एवं भोजपुरी स्टार रवि किशन द्वारा पूर्व में सम्मानित भी किया है। विनय किंग को यूपी और बिहार में वायरल बॉय के नाम से जाना जाता है। आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा ने कलाकारों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के विनय दुबे, रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया,मनोज सिंह चौहान उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला ने किया।

# हंगामे के बीच भगत सिंह मार्केट से हटाया गया अतिक्रमण

**मेरठ (आरएनएस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित भगत सिंह मार्केट में ब्रहस्पतिवार को अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। मगर निगम के अधिकारियों की सख्ती के चलते व्यापारियों की एक न चली। बाद में अतिक्रमणकारियों ने अधिकारियों की मौजूदगी में खुद ही अपनी दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण हटाना शुरू किया। नगर निगम संपत्ति प्रभारी ने बताया कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



नगर निगम के संपत्ति प्रभारी बीएन गौतम ब्रहस्पतिवार को भारी पुलिस बल और नगर निगम के प्रवर्तन विभाग की टीम के साथ भगत सिंह मार्केट में पहुंचे। नगर निगम की टीम ने व्यापारियों द्वारा दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो सैकड़ों व्यापारी इकट्ठा हो गए। व्यापारियों ने नगर निगम की टीम का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

नगर निगम के अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए स्पष्ट किया कि बार-बार अतिक्रमण हटाने के बावजूद व्यापारी दोबारा से अतिक्रमण कर रहे हैं। लेकिन, अब यह बर्दाश्त नहीं होगा। नगर निगम के अधिकारियों ने व्यापारियों को चेतावनी दी कि या तो वह खुद दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा नगर निगम की टीम जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाएगी तो उनका ज्यादा नुकसान होगा। अधिकारियों का सख्त रवैया देखकर व्यापारियों ने खुद ही दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने भी दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण हटाया। संपत्ति प्रभारी बीएन गौतम ने कहा कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**खुलासा** | **ट्रिपल हत्या कांड का हुआ खुलासा**

# दिल्ली में मां बेटी और पिता के तिहरे हत्याकांड में बेटा ही निकला कातिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** ट्रिपल हत्या कांड का हुआ खुलासा। दक्षिण दिल्ली के देवली गांव में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां बेटे अर्जुन (20) ने सेना से सेवानिवृत्त पिता राजेश कुमार (51), मां कोमल (46) और बहन कविता (23) की बुधवार सुबह नृशंस हत्या कर दी। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान के अनुसार, मूलरूप से महेंद्रगढ़ के खेड़ी गांव निवासी पिता के सरेआम पीटने, डांटने व रोकटोक से अर्जुन परेशान था। साथ ही, मां व बहन भी उसके पीछे पड़ी रहती थीं। आरोपी अकेला रहना चाहता था। पुलिस उसे साइको किस्म का युवक बता रही है। उसने पूरे परिवार को खत्म करने की साजिश एक सप्ताह पहले ही रच ली थी। पुलिस ने बताया कि सुबह अर्जुन ने पीसीआर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी कि राजेश पहली मंजिल और कोमल व कविता भूतल पर मृत पड़ी हुईं हैं। अर्जुन ने पुलिस को बताया कि सैर से लौटने पर उसने करीब लग भग 5:45 बजे शवों को देखा। पूरे दिन की जांच के बाद पुलिस ने शाम को अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को शुरूआत से ही बेटे पर संदेह था। दो मंजिला घर में राजेश 15 वर्षों से रह रहे थे। पुलिस बृहस्पतिवार को अर्जुन को कोर्ट में पेश करेगी। बुधवार को ही माता-पिता की 27 वीं सालगिरह थी। डीयू से स्नातक कर रहे अर्जुन ने पिता के फौज वाले चाकू (ड्रेगर) से तीनों का गला रेत दिया। इसके बाद वह पुलिस व स्थानीय लोगों को गुमराह करने के लिए जिम चला गया। जिम से लौटने के बाद पड़ोसियों को सूचना दी। दक्षिण जिले के वाहन चोरी निरोधक दस्ते (एएटीएस) ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज,



घर से चोरी व लूटपाट के सबूत न मिलने और अर्जुन के चाल-चलन को देखते हुए दिनभर की जांच के बाद शाम को उसे गिरफ्तार कर लिया। लोगों ने यह भी बताया की घर के मालिक राजेश की आज ही मैरिज एनिवर्सरी थी। उनके आसपास के लोगों से ज्यादा मिलना जुलना नहीं था। इसलिए लोगों को ज्यादा कोई जानकारी नहीं है। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार पीड़ित परिवार के पड़ोस में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि जब बेटा सुबह जिम के लिए निकला था तो मां से उसकी बात हुई थी। मां को गेट लॉक करने के लिए बोला था। पड़ोसियों ने बताया कि जो मेन दरवाजा है, उसमें इंटरलॉक सिस्टम अंदर और बाहर दोनों से लगता है। राजेश (53) -- पहली मंजिल पर मृत मिले। उनकी सोते हुए हत्या की गई है। चाकू जैसे धारदार हथियार से उनका गला काटा हुआ है।

सिर पर ही चाकू के दो निशान पाए गए हैं। वह सीधे सोती हुई अवस्था में मृत मिले। कोमल (47) -- कोमल ग्राउंड फ्लोर पर मृत मिली। उनका गला काफी हद तक काटा हुआ था। उसके अलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर ही चाकू के निशान हैं। ऐसा लग रहा है कि उन्होंने हत्यारा का विरोध किया था। बेटी कविता (23) -- हमलावर ने बेटी की गर्दन करीब-करीब पूरी काटी हुई थी। कविता की गर्दन ज्यादा काट रखी थी। इसके अलावा उनके शरीर पर चाकू के कई वार के निशान मिले हैं।

# चिकन कॉर्नर बंद मिला तो लूट ली किराने की दुकान, 25-25 हजार के दो इनामी सहित आधा दर्जन गिरफ्तार

**मेरठ (आरएनएस)।** कुछ दिन पहले लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में किराना व्यापारी की दुकान पर हुई लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनमें से दो पर 25-25 हजार का इनाम है। आरोपियों का अच्छा खासा आपराधिक इतिहास है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि कुछ दिन पहले लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के किदवई नगर में हथियारबंद बदमाशों ने किराने की दुकान में लूट की थी।

सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लिसाड़ी गेट पुलिस और सर्विलांस टीम ने घटना का खुलासा करते हुए वारदात में शामिल छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनमें उवेश, आमिर, रिजवान, रवि कुमार, कुणाल शर्मा और अयाज शामिल हैं।

पकड़े गए सभी बदमाश मेरठ और गाजियाबाद जिले के रहने वाले हैं और सभी का अच्छा खासा आपराधिक इतिहास है। रियाज के ऊपर 22 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, अयाज और कुणाल पर मेरठ पुलिस द्वारा 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। आरोपियों के कब्जे से किराने की दुकान से लूटी गई रकम में से 26 सौ रुपए, मोबाइल, घटना में प्रयुक्त बाइक और हथियार बरामद किए गए हैं। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने बताया कि उनकी प्लानिंग किराने की दुकान के बराबर में स्थित एक चिकन कॉर्नर को लूटने की थी। पिछले दो दिन से वह चिकन कॉर्नर की रेकी कर रहे थे। लेकिन, जिस दिन लूट करने गए उस दिन चिकन कॉर्नर बंद था।

# देश की तरक्की के लिए एकता बनाए रखना जरूरी है: शाह आलम रौनक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद** । रामनगर मझरा स्थित एएम पब्लिक स्कूल में "एकता में शक्ति है" नामक शीर्षक के अंतर्गत आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सुंदर एवं आकर्षक चित्र बनाये और एकता का संदेश

### एएम पब्लिक स्कूल में कला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया

दिया जिसे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

एएम पब्लिक स्कूल में 'एकता में शक्ति है' शीर्षक से कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने राष्ट्र शक्ति एवं एकता पर आधारित सुंदर एवं आकर्षक चित्र चित्र बनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। कला





प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां एवं समाज को संदेश देने वाले चित्र बनाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किसी भी देश की तरक्की का प्रमुख आधार उसे देश के नागरिकों में निहित एकता होती है। यदि किस देश के नागरिक आपस में एकता के साथ जीवन यापन कर रहे हैं, तब अवश्य ही देश प्रगति के पथ पर प्रशस्त होगा। इसके बाद प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्टार स्टूडेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी, हरपाल सिंह सैनी, तरुण कुमार सैनी, प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, अभिनव सैनी, गिरिराज सिंह,अनुज कुमार, मोहम्मद दानिश, प्रीति चतुवेर्दी, ज्योति सैनी, इंशा परवीन, डॉली गौतम, एमन परवीन, सुखविंदर कौर, वैष्णवी, कशिश,शिवानी, आफरीन आदि शामिल रहे। संचालन ईशा परवीनबौर शगुन ने संयुक्त रूप से किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने संगठनात्मक चुनाव के लिए वरिष्ठ नेताओं को बनाया पर्यवेक्षक, संतोष सिंह बने मुरादाबाद जिला वह महानगर के पर्यवेक्षक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भाजपा ने संगठनात्मक चुनाव के लिए 36 वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक बनाया है। इनकी देखरेख में 1918 मंडलों व 98 जिलाध्यक्षों के चुनाव कराए जाएंगे। इन नेताओं को दो से चार जिलों तक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को गाजियाबाद महानगर, नोएडा महानगर, गौतमबुद्धनगर व बुलंदशहर का पर्यवेक्षक बनाया गया है।भाजपा ने प्रदेश को संगठनात्मक दृष्टि से 98 जिलों में बांटा है। 15 दिसंबर तक मंडलों के चुनाव होंगे जबकि 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्ष के चुनाव होने हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को आगरा जिला व महानगर, मथुरा जिला व महानगर का प्रभार दिया गया है। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह को मेरठ जिला व महानगर तथा बागपत जिला मिला है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को गोरखपुर जिला व महानगर और महराजगंज जिला दिया गया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप को बरेली जिला व महानगर तथा आंवला जिला दिया गया है। संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी को अमेठी, सुलतानपुर व प्रतापगढ़ जिला दिया गया है। संतोष सिंह-मुरादाबाद जिला व महानगर, रामपुर, दर्शना सिंह-संभल व अमरोहा, सुरेश कुमार खन्ना-गाजियाबाद महानगर, नोएडा महानगर, गौतमबुद्धनगर व बुलंदशहर, डा. एमपी सिंह- शाहजहांपुर जिला व महानगर, पीलीभीत, नरेन्द्र कश्यप-बरेली जिला व महानगर, आंवला, पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल बदायूं, कासगंज व एटा दिया गया है।

### जिला अस्पताल में अब 24 घंटे मिलेंगे बच्चों के डॉक्टर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जिला अस्पताल में अब 24 घंटे बच्चों के डॉक्टर उपलब्ध होंगे। नीट पीजी उत्तीर्ण करने के बाद एमडी के समकक्ष डीएनबी कोर्स करने के लिए एक छात्र ने जिला अस्पताल ज्वाइन कर लिया है। उन्नाव के निवासी डॉ. अमित यादव एमबीबीएस डिग्री धारक हैं। यहां दो साल पढ़ाई करने के बाद परीक्षा होगी। उसे पास करने पर इन्हें बाल रोग विशेषज्ञ की डिग्री मिलेगी। 15 दिन बाद नीट पीजी का एक और छात्र जिला अस्पताल पहुंचेगा। इन दोनों के आने से बच्चा वार्ड में 24 घंटे डॉक्टरों की उपलब्धता होगी। साथ ही हाई डिपेंडेंसी यूनिट भी तैयार कर दी गई है। यह आईसीयू से छोटी यूनिट होती है, जहां गंभीर रूप से बीमार बच्चों को मॉनीटरिंग के लिए रखा जाता है।दोनों छात्र चिकित्साधीक्षक व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में पढ़ाई करेंगे। इनके लिए अस्पताल में क्लास रूम, लाइब्रेरी व किताबों की व्यवस्था कर दी गई है।डॉ. राजेंद्र ने बताया कि हर छह माह में दो-दो छात्र जिला अस्पताल में डीएनबी कोर्स के लिए आते रहेंगे। दो साल की पढ़ाई व परीक्षा पास करने के बाद प्रदेश व देश के किसी अस्पताल में नियुक्ति लेंगे। इसके बाद अस्पताल में बच्चों के लिए पीआईसीयू तैयार करने की प्लानिंग है।साथ ही मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने के लिए भी मानक पूरे किए जा रहे हैं। राष्ट्र स्तर के मेडिकल बोर्ड के निरीक्षण के बाद जिला अस्पताल को विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने की अनुमति मिली है।

# मुख्यमंत्री का आदेश उड़ाया हवा में, गौशाला में गोवंश को ठंड से बचाने के लिए अलाव की व्यवस्था नहीं: विकास शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बृहद गौ संरक्षण केंद्र सादपुर खिचड़ी की गौशाला में गुरुवार को विकास शर्मा (जिला गौ सेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने निरीक्षण किया जिसमें पाया गया कि अत्यधिक ठंड होने के कारण गौशाला में गोवंशो को ठंड से बचने के लिए पर्याप्त व्यवस्था एवं अलाव की व्यवस्था नहीं है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर हर गांव में चारागाह की भूमि पर हरा चारा बोने के निर्देश दिए गए थे। उसके बाद भी गौशाला को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में जिला संयोजक विकास



शर्मा ने खंड विकास अधिकारी छजलेट से वार्ता कर समस्याओं से अवगत कराया उनके द्वारा जल्दी ही समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया है। कांठ क्षेत्र के गांव में नगर के आसपास काफी संख्या में निराश्रित गोवंश घूम रहे हैं। ऐसे गोवंशो कसाइयों के आसान शिकार हो जाते हैं। मोढी हजरतपुर के जंगल में काफी गोवंश जंगलों में घूम कर किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं। पिछले हफ्ते गौ सेवा गतिविधि की टीम ने बेगमपुर के जंगल से दो लोग शाम के समय निराश्रित गोवंशो को बांधकर जंगल में ले जा रहे थे। गांव वालों के टोकने पर वह छोड़कर भाग गए गौ सेवा गतिविधि की टीम ने दोनों गोवंशों को सादकपुर खिचड़ी की गौशाला में सुरक्षित एवं संरक्षित कराया।

# अल्ट्राटेक यशस्वी प्रधान सम्मान से जरगवां ग्राम प्रधान को सम्मानित किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामघाट/बुलंदशहर।** अल्ट्राटेक यशस्वी प्रधान सम्मान से जरगवां ग्राम प्रधान को सम्मानित किया गया। आपको बता दे मेरठ जोन से अल्ट्राटेक कंपनी के विवेक जैन व दैनिक जागरण मेरठ के संपादक तरुण गुप्ता ने जनपद बुलंदशहर डिबाई ब्लॉक के ग्राम प्रधान वीरपाल सिंह यादव द्वारा गांव में उत्कृष्ट विकास कार्य करने पर मेरठ जोन से अल्ट्राटेक सीमेंट यशस्वी से सम्मानित किया गया है। इस मौके पर कोशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )कपिल देव अग्रवाल जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर ने जनपद बुलंदशहर डिबाई ब्लाक के जरगवां ग्राम प्रधान वीरपाल यादव को यशस्वी प्रधान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । सम्मान पाने के बाद ग्राम



प्रधान वीरपाल सिंह यादव ने दैनिक जन सागर टुडे के पत्रकार जे पी गौतम से वार्ता करते हुए बताया अल्ट्राटेक सीमेंट के और दैनिक जागरण संपादक ने यशस्वी प्रधान प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है वह मुझे नहीं जरगवां ग्राम पंचायत के लोगों का सम्मान है।मुझे बहुत खुशी हुई है मेरठ जोन में जरगवां गांव चुना गया और गांव का नाम रोशन हुआ है।

# जिला कृषि विज्ञान केन्द्र पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक दिवसीय हड़ताल की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** फोरम ऑफ केवीके एंड एआईसीआरपी के राष्ट्रीय आह्वान पर देश भर के कृषि केन्द्रों के अधिकारियों व कर्मचारियों की एक दिवसीय हड़ताल के क्रम में जिला कृषि विज्ञान केन्द्र पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक दिवसीय हड़ताल की।

इस दौरान हड़ताली अधिकारियों व कर्मचारियों ने नारेबाजी करक भारतीय कृषि एवं अनुसंधान परिषद पर मनमानी और पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाया।

बृहस्पतिवार को कृषि केन्द्र प्रभारी डॉ. एके मिश्र के नेतृत्व में सभी अधिकारी व कर्मचारी हड़ताल पर बैठे, उन्होंने नारेबाजी करते हुए मांग उठाते हुए कहा कि देश भर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के कर्मचारियों के लिये समान वेतन, एनपीएस सहित एक समान सेवानिवृत्ति उपरांत के लाभ लागू करने, आरएस परौदा उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों के अनुसार केवीके में समान सेवा शर्तों को लागू करने, एसएमएस का वैज्ञानिक सहायक प्रोफेसर के रूप में समान रूप से पुनः नामित करने, आरएस परौदा उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के अनुसार कर्मचारी/ स्टॉफ पदों का पुनगर्ठन करने की मांग उठाई। इस अवसर पर डॉ. शीशपाल सिंह, डॉ. अमित तोमर, डॉ. हादी हुसैन खान, डॉ. रघुनाथ सिंह, डॉ. आरपी सिंह, रामुकमार आदि अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित रहे।

# संभल हिंसा के मृतकों के परिजनों कांग्रेस नेताओं को मिलने से रोकने का हर हथकंडा अपना रही सरकार : अजय राय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** जनपद संभल में उ0प्र0 सरकार की लापरवाही, अक्षमता और बदनियती से हिंसा भड़क उठी जिसमें पांच युवाओं की पुलिस द्वारा फायरिंग में मौत हो गई। एक तरफ सरकार अपने दायित्वों का निर्वहन करने में असफल रही और दूसरी तरफ तानाशाही रवैया अपनाते हुए कांग्रेस नेताओं को मृतकों के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करने जाने से रोकने का हर आलोकतांत्रिक हथकंडा अपना रही है।

जनपद संभल में हुई हिंसा के दौरान पुलिस द्वारा फायरिंग में 5 लोगों की मृत्यु हो गई। मृतकों के परिजनों से मिलने तथा घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से संभल जा रहे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी सांसद सहित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय सहित तमाम कांग्रेस कार्यकताओं को प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गाजीपुर बॉर्डर पर ही रोक लिया गया।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी



उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय जी के निर्देश पर आज पूरे प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर कांग्रेसजनों द्वारा कैंडल मार्च किया गया। इसी क्रम में आज राजधानी लखनऊ में भी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ0 शहजाद आलम के संयुक्त नेतृत्व में संभल हिंसा के मृतकों की आत्मा की शांति एवं घटना में पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने तथा सरकार में बैठे लोगों को सद्बुद्धि हेतु कांग्रेसजनों द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से कैंडल मार्च करते हुए भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी की कांग्रेस मुख्यालय के बाहर स्थित प्रतिमा पर पहुंचकर प्रार्थना की गई। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, पूर्व मंत्री राजबहादुर, राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ0 शहजाद आलम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेन्द्र मदान, श्री रमेश मिश्रा डॉ0 जियाराम वर्मा, सिद्धार्थप्रिय श्रीवास्तव, ओंकारनाथ सिंह, आशुतोष मिश्रा, नीरज तिवारी, विकास श्रीवास्तव, पंकज तिवारी, अजय वर्मा, अमरनाथ अग्रवाल, योगेश्वर सिंह, शाहनवाज मंगल आजमी, अंशू त्रिपाठी, के0डी0 शुक्ला, मारूफ खान, अयाज खान, किरण शर्मा, जमाल खान, संजय सिंह, संजय गिरी, राधेश्याम त्रिपाठी, डॉ अरविंद बहादुर सिंह, तनवीर फातिमा, फखरूल इस्लाम, एड0 आर0बी0 सिंह, अफताब मोहसिन, एड0 मनीष जायसवाल, अमन यादव, शबाब रजा, अभिनव तिवारी, बाकर मेंहदी, सहित तमाम कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के आवास पर सपा की मासिक बैठक सम्पन्न हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला।** समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के आवास पर समाजवादी पार्टी की विधानसभा धनौरा की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष आमिर रजा जैदी ने कहा कि जिस तरह लोकसभा चुनावों में पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक महिलाओ और अगड़ों में पिछड़ों के गठजोड ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में जीत का परचम लहरा दिया आने वाले विधानसभा चुनावों में एक बार फिर से उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।

समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा जनता समाजवादी पार्टी की नीतियों और रीतियों को याद कर रही है। आने वाले
विधानसभा चुनाव में सभी को मिलकर उत्तर प्रदेश में मौजूदा सरकार को बदलना है। बैठक को जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक, जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र यादव,




चौधरी राजेंद्र सिंह, जितांबर सिंह यादव, नगर अध्यक्ष कामिल मंस. री, इस्माइल सैफी, देवव्रत यादव, मिंकु चौधरी, अजीम कुरेशी, खलील सैफी, हसन रजा, अनिल प्रधान, कुलदीप सिंह देवल, अनिल प्रधान, अमन चौधरी, अरुण यादव, इश्तियाक मालिक, प्रवीन यादव, शाहिद सैफी, योगेंद्र उपाध्याय आदि ने भी पार्टी की नीतियों पर रोशनी डाली।

# 6 दिसंबर को परिषदीय विद्यालय में अवकाश घोषित करने के लिए बीएसए को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला सर्वेश कुमार शर्मा ने आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार को दिए ज्ञापन में 6 दिसंबर को अवकाश घोषित करने की मांग की है' जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आज दिए ज्ञापन में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों के लिये जारी अवकाश तालिका वर्ष 2024 में गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस का अवकाश 24 नवम्बर 2024 (रविवार) को घोषित था।

सिख धर्म के सर्वोच्च स्थान श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर द्वारा जारी मान्यता 5/12/24 प्राप्त नानक शाही कैलेंडर के अनुसार गुरु साहिब का शहीदी दिवस 6 दिसम्बर 2024 को मनाया जायेगा` अतः जनपद के परिषदीय विद्यालयों में 6 दिसम्बर 2024 का अवकाश घोषित करने की मांग की गई है' उम्मीद की जा रही है कि इस मामले में जिला प्रशासन आज रात तक कोई निर्णय लेगा ।

# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के पहले कुलपति बने प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रो. सचिन माहेश्वरी को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद का पहला कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रो. सचिन माहेश्वरी नेताजी सुभाष चंद्र प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय नई दिल्ली में मैकेनिकल विभाग के प्रवक्ता हैं। अपर आयुक्त व प्रभारी कुलसचिव शशि भूषण के मुताबिक शासन से प्रो. सचिन माहेश्वरी की नियुक्ति की जानकारी मिली है।प्रो. सचिन माहेश्वरी के मुताबिक सबसे पहले विश्वविद्यालय के पूरे स्वरूप को समझना होगा। इसके बाद नया सत्र समय से शुरू करवाने का प्रयास किया जाएगा। विश्वविद्यालय किसी एक विधा का नहीं होता है। अलग-अलग विधाओं का सामंजस्य चाहिए होता है। विश्वविद्यालय को शैक्षणिक और शोध में श्रेष्ठ बनाने की उनकी कोशिश रहेगी।



शिक्षा केविकास के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को सकारात्मक वातावरण देने का प्रयास करेंगे। एनईपी के क्रियान्वयन की चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि कोई भी योजना देश को आगे ले जाने के लिए बनती है। विद्यार्थियों में सीखने की अपार संभावनाएं हैं। इसलिए यही प्राथमिकता रहेगी कि विद्यार्थी अपने कॅरिअर को नया आयाम दे सकें। विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेजों में पठन-पाठन का स्तर बेहतरीन बनाएंगे। जिससे बाहर के विद्यार्थी भी विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए आने को प्रेरित होंगे।प्रो. सचिन माहेश्वरी ने नेताजी सुभाष चंद्र प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वर्ष 1998 से कार्यरत हैं। इसमें प्रोफेसर के रूप में 2007 से कार्य कर रहे हैं। एनआईटी में राष्ट्रपति के नामित सदस्य हैं। वह दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी संकाय के डीन रह चुके हैं। उन्होंने कक्षा दस महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज आगरा, कक्षा 12 गवर्नमेंट जुबली इंटर कॉलेज लखनऊ, इंजीनियरिंग इलाहाबाद, एमटेक आईआईटी रुड़की और पीएचडी आईआईटी दिल्ली से की है। प्रो. सचिन माहेश्वरी मूलरूप से जनपद हाथरस के गांव जरेरा के रहने वाले हैं' भारतीय जनता पार्टी के वर्ष नेता एवं महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के पहले कुलपति बनने पर प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी को बधाई दी है ।

**शूटिंग** — शिवानी कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में फिल्म की शूटिंग करने में बहुत अच्छा महसूस हो रहा है

# जेवर क्षेत्र के गांव डुढ़ेरा में हुई बॉलीवुड फिल्म घोड़ी पे चढ़कर आना की शूटिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर ।** गौतमबुद्ध नगर जिले के गांव डुढ़ेरा में ग्राम प्रधान दिनेश शर्मा के घर पर घोड़ी पे चढ़कर आना फिल्म की शूटिंग चल रही है। कॉमेडी फिल्म फिल्म घोड़ी पे चढ़कर आना के प्रोड्यूसर कैलाश मासूम जेवर क्षेत्र के गांव दयानतपुर के मूल निवासी हैं जो काफी समय से मुम्बई में रह रहे हैं। बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जो कि जेवर क्षेत्र में बना है के पास ही फिल्म सिटी बनना प्रस्तावित है फिल्म सिटी बनने से पहले ही जेवर क्षेत्र में बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है जो जेवर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। फिल्म के प्रोड्यूसर कैलाश मासूम ने बताया कि कॉमेडी फिल्म घोड़ी पे चढ़कर आना की शुटिंग के शुभारंभ पर गांव डुढेरा में क्षेत्रीय विधायक धीरेन्द्र सिंह, ए सी पी जेवर सार्थक सेंगर, कोतवाली प्रभारी जेवर संजय सिंह तथा गांव डुढेरा के प्रधान दिनेश शर्मा ने फीता काट कर किया। फिल्म घोड़ी पे चढ़कर आना के डायरेक्टर प्रकाश जायसवाल ने बताया कि कॉमेडी फिल्म में राजपाल यादव, अरुण बख्शी,पंकज झा, प्रबुद्ध मासूम, शिवानी कुमारी तथा संतोष बदल सहित दर्जनों कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। कॉमेडी अभिनेता राजपाल यादव ने बातचीत के दौरान बताया कि मुम्बई महाराष्ट्र हमारी कर्मभूमि है और उत्तर प्रदेश हमारी जन्मभूमि बहुत अच्छा लग रहा है कि आज हमने अपनी जन्मभूमि पर एक





फिल्म की शुरूआत की है अच्छा लगा जेवर क्षेत्र की जनता को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, फिल्म सिटी और फामूर्ला रेश की बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी जेवर क्षेत्र में फिल्म बनाने का मौका जरूर मिलेगा। शिवानी कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में फिल्म की शूटिंग करने में बहुत अच्छा महसूस हो रहा है क्षेत्र के लोगों का प्यार तथा सहयोग भरपूर मिल रहा है। फिल्म घोड़ी पे चढ़कर आना की शुटिंग में क्षेत्र के लोगों को भी शामिल किया गया जिनमें गांव डुढेरा प्रधान दिनेश शर्मा, योगेश कुमार शर्मा पत्रकार, इमानुल हक फारूकी पत्रकार सहित कई लोग शूटिंग में शामिल रहे।

# नगर में 7 दिसंबर को निकाली जाएगी पल्स पोलियो जागरूकता रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए सात दिसंबर को नगर में पोलियो जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह और ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक चंद्रशेखर यादव ने बताया कि रैली का शुरूआत नगर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र से होगी। रैली में परिषदीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट आदि विद्यालयों के बच्चे भाग लेंगे। आठ दिसंबर से शुरू हो रहे पोलियो अभियान के तहत 59,453 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 166 पोलियो बूथों पर 115 टीमों को 44 सुपरवाइजरों की देखरेख में लगाया गया है। पोलियो वर्करों को सीएचसी पर अभियान के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।






# आलिया भट्ट करेंगी हॉरर फिल्म चामुंडा, स्त्री 2 के मेकर्स से चल रही बात

बॉलीवुड को स्त्री 2 जैसी ब्लॉकस्टर फिल्म देने वाले दिनेश विजान बहुत जल्द बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका करने वाले हैं. जल्द ही दिनेश एक नई सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं. जिसका नाम चामुंडा है. खबरें हैं कि दिनेश की इस फिल्म में श्रद्धा कपूर नहीं बल्कि आलिया भट्ट सबको डराने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आलिया भट्ट इस वक्त दिनेश विजान की फिल्म चामुंडा के लिए उनके चर्चा कर रही हैं. वहीं मेकर्स भी आलिया पर बड़ा दांव लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार है. हाल ही में आलिया को कई बार मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस में भी स्पॉट किया गया है. वहीं जानकारी के अनुसार आलिया को दिनेश विजान की ये सुपरनैचुरनल थ्रिलर फिल्म काफी पसंद आई है. एक्ट्रेस अगले साल फिल्म को साइन भी कर सकती हैं। जानकारी की अनुसार इस फिल्म में पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी नजर आने वाली थी. उस वक्त फिल्म का टाइटल देवी बताया जा रहा था. लेकिन अब इसे बदलकर चामुंडा कर दिया गया है. बता दें दिनेश विजान की स्त्री 2 ने हाल ही में रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी. जिसमें श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी और तमन्ना भाटिया जैसे स्टार्स नजर आए थे। वहीं बात करें आलिया भट्ट के वर्कफ्रंट की तो एक्ट्रेस आखिरी बार फिल्म जिगरा में नजर आई थी. जिसमें उनके साथ वेदांग रैना भी अहम किरदार में थे. उन्होंने एक्ट्रेस के भाई का रोल निभाया था. वहीं इसके अलावा आलिया की पाइपलाइन में अल्फा भी है. जिसमें वो शरवरी वाघ के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। बता दें कि आलिया भट्ट अपने बिजी शेड्यूल के बीच फैमिली पर भी पूरी ध्यान दे रही हैं. हाल ही में वो अपने पति रणबीर कपूर और बेटी राहा कपूर के साथ मैच देखने स्टेडियम पहुंची थी. जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई है।

# सरगुन मेहता और रवि दुबे ने लॉन्च किया अपना पारिवारिक मनोरंजन प्लेटफॉर्म, साझा किया वीडियो



अभिनेता रवि दुबे और अभिनेत्री सरगुन मेहता की जोड़ी छोटे पर्दे की सबसे चर्चित जोडियों में से एक है।सोशल मीडिया पर अक्सर दोनों साथ में तस्वीरें साझा करते रहते हैं। प्रशंसक सरगुन और रवि को साथ में देखना भी काफी पसंद करते हैं।अब सरगुन और रवि ने अपना खुद का पारिवारिक मनोरंजन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, जिसका नाम ड्रीमियाता ड्रामा रखा गया है।दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर इस खबर का ऐलान किया है।

सरगुन और रवि ने वीडियो साझा करते हुए इसके कैप्शन में लिखा, हमारा सपना अब आपका है। आपके पूरे परिवार के लिए एक नया मनोरंजन प्लेटफॉर्म ड्रीमियाता ड्रामा... जल्द ही आ रहा है। अधिक जानकारी के लिए बने रहें।सरगुन और रवि ने साथ में टीवी शो उडारियां का निर्माण भी किया है, जो बहुत लोकप्रिय हुआ।बता दें सरगुन और रवि ने 2013 में शादी रचाई थी। दोनों की पहली मुलाकात 12/24 करोल बाग के सेट पर हुई थी।

# बॉसी लुक में करिश्मा तन्ना ने बरपाया कहर, कैमरे के सामने एक्ट्रेस ने दिए सिजलिंग पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना हमेशा अपनी खूबसूरती और फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशस मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना अपनी एक्टिंग और खूबसूरती से अक्सर सोशल मीडिया फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका




कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।करिश्मा तन्ना जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं करिश्मा तन्ना ने बेहद ही शानदार बेज लुक में कोट और शॉर्ट्स पहना हुआ है, एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं।खुले बालों को मैसी लुक देकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपने नए-नए लुक्स में फोटोज पोस्ट करती रहती हैं।


# भूल भुलैया 4 में होगी अक्षय कुमार और कियारा आडवाणी की एंट्री? भूषण कुमार ने बताया

कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई है और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म में अक्षय कुमार नजर आए थे और दूसरे भाग में कार्तिक ने उनकी जगह ली।हाल ही में निर्देशन अनीस बज्मी ने बताया था कि इस फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त बन रही है।अब खबर है कि भूल भुलैया 4 में अक्षय की एंट्री हो सकती है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, भूल भुलैया 4 में अक्षय भी नजर आ सकते हैं। साथ ही दूसरी किस्त में नजर आई कियारा आडवाणी भी चौथी किस्त की स्टार कास्ट में शामिल होंगी।निमार्ता भूषण कुमार ने भी इसके कुछ संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा, सबकुछ कहानी पर निर्भर







करता है। सभी को एक साथ लाना तभी सार्थक होगा, जब कोई ठोस कहानी हो।भूषण ने अक्षय की मौजूदगी की संभावनाओं से इनकार भी नहीं किया। भूल भुलैया 3 में कार्तिक की जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ बनी है।

विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। बता दें कि भूल भुलैया 3 2007 में आई फिल्म भूल भुलैया का तीसरा भाग है। इस फिल्म का सीक्वल 2022 में आया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ।

# सूखी खांसी से पाना चाहते हैं छुटकारा? इन 5 तरीकों से मुल्लेन तेल का करें इस्तेमाल

सूखी खांसी एक आम समस्या है, जो कई कारणों से हो सकती है। मुल्लेन तेल एक ऐसा एसेंशियल ऑयल है, जो सूखी खांसी को कम करने में मदद कर सकता है। यह तेल मुल्लेन पौधे के पत्तों और फूलों से निकाला जाता है और इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और बैक्टीरिया हटाने वाले गुण होते हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे मुल्लेन तेल का उपयोग करके आप सूखी खांसी से राहत पा सकते हैं।



**मुल्लेन तेल की भाप लें**

मुल्लेन तेल की भाप लेना सूखी खांसी के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए एक बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें कुछ बूंदें मुल्लेन तेल की डालें। अब सिर पर तौलिया डालकर इस भाप को गहरी सांस लेते हुए अंदर लें। इससे आपके गले और श्वसन तंत्र को आराम मिलेगा, बलगम ढीला होगा और सूखी खांसी कम होगी।यह प्रक्रिया दिन में 2 से 3 बार करें ताकि आपको जल्दी राहत मिल सके।

**चाय में मिलाएं**

मुल्लेन तेल का सेवन चाय के रूप में भी किया जा सकता है।इसके लिए एक कप गर्म पानी में कुछ बूंदें मुल्लेन तेल की मिलाएं और इसे धीरे-धीरे पिएं।यह चाय आपके गले को नमी प्रदान करेगी, सूजन कम करेगी और गले की खराश को ठीक करेगी। इससे आपकी सूखी खांसी में राहत मिलेगी और आप बेहतर महसूस करेंगे।इस चाय को दिन में 2-3 बार पीने से जल्दी आराम मिलेगा।

**छाती पर मालिश करें**

मुल्लेन तेल का उपयोग छाती पर मालिश करने के लिए भी किया जा सकता है।इसके लिए थोड़ी मात्रा में मुल्लेन तेल लेकर अपनी छाती पर हल्के हाथों से मालिश करें।इससे आपके श्वसन तंत्र को आराम मिलेगा और बलगम निकलने में मदद मिलेगी, जिससे आपकी सूखी खांसी कम होगी। इस प्रक्रिया को दिन में 2-3 बार दोहराएं ताकि आपको जल्दी राहत मिल सके और आपकी खांसी में सुधार हो।

**ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें**

ह्यूमिडिफायर का उपयोग करके आप अपने कमरे की हवा को नम बना सकते हैं, जिससे आपका गला सुखा नहीं रहेगा और आपको राहत मिलेगी।ह्यूमिडिफायर के पानी में कुछ बूंदें मुल्लेन तेल की डाल दें ताकि उसकी खुशबू पूरे कमरे में फैले और आपको सांस लेने में आसानी हो।यह उपाय न केवल आपके गले को आराम देगा बल्कि श्वसन तंत्र को भी साफ रखेगा, जिससे सूखी खांसी कम होगी। इस प्रक्रिया को रात में सोते समय अपनाएं।

**गरारे करें**

गरारे करना भी एक अच्छा तरीका हो सकता है, जिसमें आप गर्म पानी में थोड़ी सी नमक मिलाकर गरारे कर सकते हैं। इसमें अगर आप चाहें तो 1-2 बूँदें मुल्लेन तेल मिला सकते हैं।इससे आपके गले में जमा कफ निकल जाएगा और गले की सूजन कम होगी। यह प्रक्रिया दिन में 2-3 बार करने से आपको जल्दी राहत मिलेगी और सूखी खांसी में आराम मिलेगा।

# गले की खराश के लिए नमक के पानी से गरारे करना अच्छा इलाज है? जानिए सच्चाई

गले की खराश एक आम समस्या है, जिससे हम सभी कभी न कभी गुजरते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए कई घरेलू उपाय अपनाए जाते हैं, जिनमें से एक है नमक पानी से गरारे करना।यह उपाय प्राचीन काल से ही प्रचलित है और माना जाता है कि इससे गले की सूजन कम होती है और आराम मिलता है। यह वास्तव में प्रभावी है? आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

**नमक के पानी के फायदे**

नमक के पानी का इस्तेमाल प्राचीन काल से ही किया जा रहा है। यह माना जाता है कि नमक में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया को मारने में मदद कर सकते हैं।इसके अलावा गरारे करने से गले की सूजन कम होती है और आराम मिलता है। हालांकि, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो इसके प्रभाव सीमित होते हैं और यह केवल अस्थायी राहत प्रदान करता है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण**

वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, नमक के पानी से गरारे करने का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है कि यह गले की खराश को पूरी तरह ठीक कर सकता है।कुछ शोध बताते हैं कि इससे थोड़ी बहुत राहत मिल सकती है, लेकिन इसे इलाज का स्थायी तरीका नहीं माना जा सकता।इसलिए इसे केवल सहायक उपाय के रूप में ही देखा जाना चाहिए और इसके साथ अन्य उपचार विकल्पों पर भी ध्यान देना चाहिए।



**अन्य उपचार विकल्प**


गले की खराश के लिए अन्य कई उपचार विकल्प भी उपलब्ध हैं जैसे कि गर्म चाय या शहद का सेवन करना, अदरक और तुलसी का काढ़ा पीना आदि। ये सभी उपाय भी अस्थायी राहत प्रदान करते हैं।इनका उपयोग डॉक्टर द्वारा सुझाए गए दवाओं के साथ ही करना चाहिए ताकि समस्या जड़ से खत्म हो सके और लंबे समय तक राहत मिल सके।घरेलू उपायों पर पूरी तरह निर्भर रहना सही नहीं होता है।

**डॉक्टर की सलाह जरूरी**

अगर गले की खराश लंबे समय तक बनी रहती है या बार-बार होती है तो डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी होता है।घरेलू उपायों पर निर्भर रहना सही नहीं होता क्योंकि इससे समस्या बढ़ सकती है और गंभीर रूप ले सकती है।नमक के पानी से गरारे करना एक पुराना घरेलू उपाय हो सकता है, लेकिन इसे इलाज का स्थायी तरीका मानना गलत होगा।बेहतर होगा कि आप डॉक्टर की सलाह लें और उचित उपचार करें।

# 300 करोड़ी बनने की तैयारी में रूह बाबा, कार्तिक से इतने पीछे चल रहा बाजीराव सिंघम

कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 3 और रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स सिंघम अगेन 5वें मंडे टेस्ट में उतरी. 1 नवंबर 2024 को रिलीज होने वाली दोनों दिवाली एंटरटेनर फिल्मों ने हाल ही में टिकट काउंटरों पर अपना पहला महीना पूरा किया है. 5वें वीकेंड के बाद बॉक्स ऑफिस पर दोनों फिल्मों की रफ्तार धीमी हो गई है. लेकिन फिर भी अपनी-अपनी पकड़ बनाए रखी है. आइए एक नजर डालते हैं कि 5वें सोमवार को किस फिल्म ने कितनी कमाई की है। अनीस बज्मी की निर्देशित भूल भुलैया 3 पहले ही 250 करोड़ रुपये के क्लब (नेट) में शामिल हो चुकी है. उतार-चढ़ाव के बीच कार्तिक की हॉरर-कॉमेडी ने दुनिया भर के टिकट काउंटरों पर




अपना जादू बिखेरना जारी रखा है. भूल भुलैया 3 ने बॉक्स ऑफिस पर 31 दिनों में लगभग 277.78 करोड़ रुपये कमाए. सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने 5वें सोमवार को लगभग 70 लाख रुपये कमाए हैं. अब तक, कुल कलेक्शन 278.48 करोड़ रुपये हो गया है। दूसरी ओर, अजय देवगन की सिंघम अगेन हाल ही में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है. 2024 की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म होने के बावजूद, रोहित शेट्टी की निर्देशित कॉप यूनिवर्स एक्शन फिल्म 250 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. रिपोर्ट के अनुसार, सिंघम अगेन ने 31 दिनों में लगभग 270.17 करोड़ रुपये (नेट) और वैश्विक स्तर पर 370.70 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। सैकनिल्क के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, अजय देवगन की फिल्म ने 5वें सोमवार (2 दिसंबर) को लगभग 35 लाख रुपये कमाए हैं, जिससे सिंघम अगेन का 32 दिनों का कुल कलेक्शन 270.52 करोड़ रुपये हो गया है।

# मनुष्य ही भगवान,अरिहंत,तीर्थंकर बन सकता है: सविता दीदी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को गढ़ रोड स्थित शंकर गंज मे नवनिर्मित पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन समोशरण मन्दिर के प्रतिष्ठान महोत्सव में प्रातःकाल से ही याग मंडल विधान का आयोजन हुआ। जिसमें जैन

**जैन समाज के वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में याग मंडल विधान का आयोजन**

भक्तों ने श्रद्धांपूर्वक श्री विधान बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

विधान में जैन साध्वी सविता दीदी,माया दीदी, प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैय्या भी उपस्थित रहे। प्रदीप भैय्या के साथ आये संगीतकार सुनील भैय्या ने संगीतमय सुन्दर भजनो के माध्यम से णमोकार मंत्र की महिमा, जैन धर्म की शिक्षाओ का वर्णन



किया।

रात्रि में भजन संध्या मे देर रात तक जैन भक्तों ने आनन्द लिया। प्रदीप भैया ने बताया कि मन्दिर में भगवान से अधिक महत्व भक्तों का है,मात्र मन्दिर में भगवान को विराजमान कर देना पर्याप्त नहीं,जब तक प्रतिदिन भक्त मन्दिर न आए,उन्होंने प्रतिदिन मन्दिर आने, सप्ताह में एक दिन अभिषेक पूजन शान्तिधारा अवश्य करने का आग्रह किया।

जैन साध्वी सविता दीदी ने कहा कि मनुष्य चोला मिलना दुर्लभ है,84 लाख योनियो में मानव जीवन मिलता है,मनुष्य ही भगवान, अरिहंत,तीर्थंकर बन सकता है,आत्मा को परमात्मा से मिला सकता है। मानव जीवन में अधिक से अधिक धर्म और दान करें।

इस अवसर पर जैन समाज के संरक्षक सुधीर जैन, प्रमोद जैन,सतीश कुमार जैन,अध्यक्ष अनिल जैन, उपाध्यक्ष नितिन जैन एंव पुलकित जैन,महामंत्री अशोक जैन,मंत्री आकाश जैन,विकास जैन कोषाध्यक्ष सुखमाल जैन,सुरेश चन्द जैन,राजीव जैन,विकास जैन,अर्चित जैन, सदीप जैन, तुषार जैन,बीनू जैन,रेणुका जैन,सरोज जैन, सुषमा जैन,प्रभा जैन,बबीता जैन,शिल्पी जैन, ममता जैन, अन्नु जैन,मीडिया प्रभारी तुषार जैन आदि उपस्थित थे।

# सहायक कोतवाली प्रभारी जितेंद्र बालियान व एसएसआई इजहारुल इस्लाम के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** कोतवाली पिलखुवा के प्रांगण में गुरुवार को सहायक कोतवाली प्रभारी जितेंद्र बालियान व एसएसआई इजहारुल इस्लाम के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान सहायक कोतवाली प्रभारी जितेंद्र बालियान ने कहा कि शांति समिति का मकसद आपस में सद्भावना बनाने और गांवों में होने वाले आपसी झगड़ों में समझौता कराना होता है।

जिससे आपस मे आपसी भाईचारा बना रहे और कहा कि सोशल मीडिया




पर किसी भी व्यक्ति को किसी भी धर्म, जाति पर कोई भी अभद्र टिप्पणी न करें। एसएसआई इजहारुल इस्लाम ने कहा कि अगर आपके आसपास असामाजिक तत्वों का अंदेशा होता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस आपकी मित्र बनकर आपके सेवा में सदैव तत्पर है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए व्यवस्था बिगाड़ने वालो पर सख्त करवाई करने की बात कही।

बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ साथ नगर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना, बोले-मोदी और अडाणी एक हैं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर उद्योगपति गौतम अडाणी के खिलाफ रिश्वतखोरी के मामले में जांच कराने की मांग की है। उन्होंने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा, क्या आप कभी अपनी जांच कराएंगे? क्या आप अपनी जांच करा सकते हैं। मोदी जी अडाणी जी की जांच नहीं करा सकते क्योंकि अगर वे कराएंगे तो अपनी ही जांच कराएंगे। मोदी और अडाणी एक हैं, दो लोग नहीं हैं, एक है।



अडाणी के मुद्दे पर बहस और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच की मांग कर रहे विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया।इस दौरान सभी सांसदों ने मोदी-अडाणी तस्वीर वाली काली जैकेट पहन रखी थी, जिसमें पीछे मोदी-अडाणी एक हैं, अडाणी सुरक्षित हैं नारा लिखा था। सांसदों ने एक मानव श्रृंखला भी बनाई।बता दें, शीतकालीन सत्र शुरू होने के बाद से विपक्ष इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर हावी

अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने अडाणी समूह पर अमेरिका की बिजली कंपनियों के साथ सौर ऊर्जा अनुबंध के लिए भारतीय अधिकारियों को 2,000 करोड़ रुपये रिश्वत देने का आरोप लगाया है।दावा है कि ये बात अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाई गई। समूह को अनुबंध मिलने से करीब 16,000 करोड़ रुपये के लाभ की उम्मीद थी।अमेरिकी कोर्ट ने अडाणी और उनके भतीजे सागर समेत 8 को आरोपी बनाया है। सभी आरोपों को समूह ने नकारा है।

# धौलाना थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** धौलाना थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिता चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।धौलाना उप जिलाधिकारी लवी त्रिपाठी ने शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस प्रशासन का शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने का आह्वान भी किया।थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा शांति समिति का मकसद आपस में सद्भावना बनाने और गांवों में होने वाले आपसी झगड़ों में समझौता कराना होता है।जिससे आपस मे आपसी भाईचारा बना रहे और कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी व्यक्ति को किसी भी धर्म, जाति पर कोई भी अभद्र




टिप्पणी न करें।शांति समिति की बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान ग्राम देहरा से प्रधान पति मोमीन ठेकेदार, लालपुर से आरिफ प्रधान,खिचरा से परवेज,धौलाना से इदरीश मलिक प्रधान,वकील चौधरी देहरा, अकिल पहलवान, खालिद राणा, सगीर सेफी, अधिवक्ता विनोद सिसोदिया,अमित राणा,अमरपाल सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।


**-मंच से उठी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की आवाज, विश्व भर के हिंदुओं से इकट्ठा होने का आह्वान**

# पवित्र ग्रंथ गीता दुनिया का एकमात्र ऐसा ग्रंथ जिसमें कारण और निवारण दोनों बताए गए : गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार (राजेश सलूजा) ।** श्री कृष्ण कृपा जीओ परिवार द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित 5 दिवसीय दिव्य गीता सत्संग में व्यासपीठ से प्रवचन करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता दुनिया का एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसमें समस्या का कारण और निवारण दोनों बताए गए है। गीता भगवान श्री कृष्ण के मुख से निकली पवित्र वाणी है। आज से पांच हजार एक सौ 61 वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को निमित बनाकर समस्त विश्व के लिए गीता का ज्ञान दिया। गीता का उपदेश मानव जीवन के लिए सबसे अनुपम उपहार है। इस उपहार का सदुपयोग करना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण ने विश्व को यह उपहार देने के लिए अर्जुन का चयन किया।

उन्होंने कहा कि गीता का पहला श्लोक उस पात्र धृतराष्ट्र से प्रारंभ होता है, जिसकी अंदर और बाहर की दोनों दृष्टियां शून्य है। वह विवेकहीन था और मोहग्रस्त हो गया था। मोह की संकीर्णता के वशीभूत होकर धृतराष्ट्र ने अपने भाई के पुत्रों को उनका हिस्सा देने से इंकार कर दिया। गीता में बताया गया है कि महाभारत के युद्ध के पीछे पारिवारिक कलह थी। महाभारत के 10वें दिन हाहाकार और चित्कार के बीच भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश इसी धरा पर




दिया था। महाभारत का युद्ध देखने के लिए महर्षि वेदव्यास ने धृतराष्ट्र को दिव्य दृष्टि देने की पेशकश की, लेकिन धृतराष्ट्र डर गया और उसने दिव्य दृष्टि लेने से इंकार कर दिया। उसके भाग्य में नहीं था कि वह भगवान श्री कृष्ण के विराट रूप का दर्शन करें और पवित्र ग्रंथ गीता का श्रवण करे। बिना भाग्य के भी कुछ नहीं मिलता।

गीता मनीषी ने कहा कि जब अहम यानि मैं हावी हो जाता है तो वह हार का कारण बनता है, यहीं अहम कौरवों की हार का कारण बना। रामायण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि रावण को भी उसके अहम ने मारा था।

उन्होंने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता में महाभारत युद्ध का कारण पारिवारिक मूल्यों को खत्म किया जाना बताया गया है। गीता में हर समस्या का पहले कारण बताया गया और फिर उसका निवारण किया गया। रामायण और महाभारत दोनों में राजसिंहासन और पारिवारिक कलह को कारण बताया गया है। रामायण में भरत ने त्याग का परिचय देते हुए 14 वर्ष तक श्री राम की खड़ाऊ रखकर राज किया। जबकि महाभारत में इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में प्रेरणा और चेतावनी दोनों बताए गए है। अर्जुन जहां प्रेरणा का संदेश देते है तो वहीं दुर्योधन चेतावनी का। अच्छाई जहां से भी मिले ले लेनी चाहिए। गीता में भी चेतावनी और प्रेरणा दोनों का उल्लेख है। उन्होंने भजन के माध्यम से संदेश दिया कि गीता अमृत पीओ, जीवन सुख से जीओ।

# बांटोगे तो काटोगे पर किसानों का आंदोलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जिला बुलंदशहर में भरी हुंकार प्रदेश अध्यक्ष पवन तेवतिया ने सभी किसानों व सभी संगठन से कहा बाटोगे तो काटोगे



यह आंदोलन गौतम बुद्ध नगर प्रथम सीडी के बाद बुलंदशहर कि आगामी तैयारी है जो हाल आज गौतम बुध नगर के किस का है वही हाल बुलंदशहर के किसानों का बहुत जल्द होने वाला है सभी को इसमें आना होगा

जिला अध्यक्ष कौशल अधना रवि अधना कृष्णा राकेश गोलू आसिफ सैफी आरिफ राशिद पंकज चौधरी के साथ भारी संख्या में भारी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए सी ओ पूर्णिमा सिंह ने किया फ्लेग मार्च

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जनपद में शांति/कानून व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाये रखने एवं भयमुक्त वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद पूर्णिमा सिंह द्वारा पुलिस बल/पीएसी के साथ सिकन्द्राबाद क्षेत्र के भीडभाड वाले इलाकों, महत्तवपूर्ण/संवेदनशील स्थानों एवं मिश्रित आबादी



वाले क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया तथा संबंधित से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, साथ ही आमजन से अनुरोध किया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, , असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# वनस्थली पब्लिक स्कूल, जेटा-1, ग्रेटर नोएडा में दो दिवसीय किड्स कार्निवल 2 का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** वनस्थली पब्लिक स्कूल, जेटा-1, ग्रेटर नोएडा ने 3 और 5 दिसंबर 2024 को दो दिवसीय किड्स कार्निवल 2 का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पीज एंड पॉड्स स्कूल, पैरामाउंट प्लेस्कूल और जूनियर पाठशाला, पाई -1 के बच्चों ने उत्साहपूर्वक







भाग लिया।कार्यक्रम में पैराशूट रेस, सैक रेस, हर्डल रेस जैसी रोमांचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ भाग लिया। इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। यह सम्मान बच्चों के आत्मविश्वास और उत्साह को बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास रहा। बच्चों की खुशी को दोगुना करने के लिए फ्री बाउंसी की भी व्यवस्था की गई, जहाँ बच्चों ने खुलकर मस्ती की और आनंदमय क्षणों का अनुभव किया। 3 दिसंबर को पीज एंड पॉड्स स्कूल की सेंटर हेड, फराह बानो, और 5 दिसंबर को जूनियर पाठशाला, पाई -1 की सेंटर हेड, इंद्रा शर्मा, ने अपने विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर इसकी शोभा बढ़ाई। समापन पर प्रधानाचार्या मिसेज सना जैन ने दोनों सेंटर हेड्स को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल बच्चों के मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि शिक्षा और खेल भावना को प्रोत्साहित करने का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी साबित हुआ।

**लिखा पत्र** सीवीओ ने बीडीओ व नगर पालिका परिषद ईओ को लिखा पत्र

# गौआश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश को सर्दी से बचाव हेतु करें ये उपाय: सीवीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,धौलाना,गढ़।** दिसंबर माह में रात्रि में बढ़ती ठंड के मद्देनजर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जनपद में संचालित

**सर्दी में गौआश्रय स्थल में पशुओं को ढके स्थानों में रखे**

गौआश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश को सर्दी के कुप्रभाव से बचाने के लिए जिले के सभी खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारियों को पत्र लिखकर निम्न उपाय करने को कहा है। साथ ही कहा कि अफारा,निमोनिया व दस्त आदि होने पर तत्काल उपचार हेतु पशु चिकित्साधिकारी को तत्काल सूचित करें। जनपद के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.ओम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि गौआश्रय स्थलों पर संरक्षित गौवंश को सर्दी से बचाव हेतु गो आश्रय स्थल के रोशनदान,दरवाजे आदि को टाट के बोरे से ढक दें,गोबर व मूत्र निकासी की उचित व्यवस्था करें,पशुओं को प्रतिदिन ताजा पानी पिलाये,पशुओं के नीचे बिछावन हेतु पुआल का प्रयोग करें,पशुओं को जूट





के बारे पहनाये,ज्यादा ठंड होने पर अलाव जलाकर पशुओं की पहुंच से दूर रखे,प्रसव के बाद मां को गुनगुना पानी पिलाये,गर्भित पशुओं का विशेष ध्यान रखे,ठंड से प्रभावित पशुओं के शरीर में कपकपी,बुखार के लक्षण होने पर चिकित्सक को सूचित करें। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में हरा चारा और भूसे का अनुपात सही मात्रा में होना चाहिए,सर्दी में सुबह आठ बजे से पूर्व और शाम को छह बजे के बाद पशुओं को आश्रय स्थल से बाहर नहीं निकाले,पशुओं को कोई भी बीमारी होने पर चिकित्साधिकारी का सहयोग लें।

# धौलाना ब्लॉक प्रमुख के जन्मदिन पर बांटी मिठाइयां, पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल ने दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने भाजपा



नेता धौलाना ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। सर्वप्रथम धौलाना ब्लॉक प्रमुख ने मंदिर में भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर धौलाना क्षेत्र एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। धौलाना ब्लॉक कार्यालय में सभी कार्यकताओं व क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा निशांत सिसोदिया जन्मदिन का केक काटते हुए मालाओं- पुष्प गुच्छ देकर और मिठाइयां बांटकर जन्मदिन मनाया।जन्मदिन की खुशी के मौके पर विकासखंड के सभी ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य, गणमान्य नागरिक, व्यापारी, समाजसेवी उपस्थित होकर ब्लाक प्रमुख निशांत सिसोदिया के दीघार्यु की कामना करते हुए उनके 3 वर्ष के कार्यकाल में चहुमुखी विकास को लेकर उन्हें बधाई दी।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267